You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-138 ❒ गुरुवार, 18 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारत का समाज कभी भी पराधीनता को सहज रूप से स्वीकार करने वाला नहीं रहा। जब भी किसी आक्रांता ने इस भूमि पर अधिकार करने का प्रयास किया, उसी क्षण से उसके प्रतिरोध की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। डॉ. मोहन भागवत

सरकार ने पिछले 12 वर्षों में खड़ा किया मजबूत सुरक्षा तंत्र : शाह 11

उत्तराखंड में 98 प्रतिशत गणना फार्म वितरित, 23 प्रतिशत डिजिटाइज 12

## संक्षेप

### भारत का रक्षा उत्पादन 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष के 1.54 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन के मुकाबले 15.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। उसने कहा कि इसके अलावा, वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में इसमें 110 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जब रक्षा उत्पादन का आंकड़ा 84,643 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के रक्षा उत्पादन में यह ''उल्लेखनीय वृद्धि'' रक्षा उत्पादन विभाग और अन्य सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, ''निरंतर नीतिगत समर्थन, कई नयी पहलों, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और बढ़ती निर्यात क्षमताओं के साथ, रक्षा उत्पादन क्षेत्र आने वाले वर्षों में और अधिक गति पकड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### नीट परीक्षार्थियों को रोडवेज और सिटी बस में आधा किराया

**लखनऊ।** आगामी 21 जून रविवार को लखनऊ में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए सफर में राहत की खबर हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को रोडवेज बस और ई सिटी बसों के किराये में 50 फीसदी की छूट मिलेगी। यह छूट 19 जून की रात बारह बजे से 21 जून की रात बारह बजे तक लागू रहेगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र की फोटो कॉपी बस कंडक्टर को देंगे। तभी परीक्षार्थियों को हॉफ किराये का टिकट जारी होगा। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी और लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि परीक्षार्थियों को आलमबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशन से 28 शहरों के लिए बसों की सेवाएं मिलेंगी। जबकि लखनऊ में 22 मार्गों पर संचालित सिटी बसों की करीब 115 बस सेवाएं चलेंगी। बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क के जरिए परीक्षार्थियों को सेंटर तक पहुंचाने की तैयारी है। इस निर्णय से हजारों छात्र-छात्राओं का सफर राहत भरा होने की उम्मीद है।

### पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू का अलर्ट, कुछ स्थानों पर बारिश और गरज-चमक की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज मिलाजुला बना हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा की संभावना जताई है, वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, राज्य में अलग-अलग स्थानों पर बारिश एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

# ड्यूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को बुधवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं और पारदर्शी भर्ती को ससमय पूरा करने के लिए भर्ती बोर्ड को धन्यवाद दिया। सीएम ने कहा कि आप सभी प्रधानमंत्री मोदी जी के 'विकसित भारत' विजन को बढ़ाने के सारथी हैं। इसके लिए आत्म अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है और आप इसे बनाए रखेंगे। ड्यूटी के प्रति सजगता और हर कार्य में गंभीरता होनी चाहिए। ड्यूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता है। ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे हंसी का पात्र बनना पड़े। सीएम ने विश्वास जताया कि सभी नवचयनित अभ्यर्थी यूपी पुलिस की आधुनिक तकनीक एवं सुरक्षा मानकों आदि की जानकारी के साथ टीम भावना, पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ अच्छा परफॉरमेंस देंगे।

सीएम ने कहा कि यूपी पुलिस ने जनसेवा को केंद्र में रखा तो देश में निखर गई। अब कोई यूपी पुलिस पर अंगुली नहीं उठाता। कालचक्र की परवाह किए बिना व्यक्ति अनिर्णय का शिकार होता है और अंततः बिखर जाता है। यूपी पुलिस की नई पहचान सिर्फ संख्या बल के आधार पर नहीं है। पीएम मोदी की अपेक्षा पर सुशासन



**योगी बोले**

- ❒ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को सीएम योगी ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र
- ❒ पुलिसकर्मियों को आत्म अनुशासन एवं जनसेवा पर विशेष जोर देने की सीख दी
- ❒ 2017 के पहले आईपीएस ही असुरक्षित थे तो नागरिक, महिला, व्यापारी कैसे सुरक्षित होते
- ❒ 2017 के बाद बदली यूपी की तस्वीर, सीएम ने कहा- यूपी अब रेंग नहीं रहा, बल्कि दौड़ रहा

के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूपी पुलिस ने 9 साल में जिस त्वरित गति से काम किया, वह मॉडल पुलिसिंग का उदाहरण बना है। नवचयनित कार्मिकों की स्मार्ट पुलिस व डिजिटल वॉरियर्स के रूप में बड़ी भूमिका होने जा रही है।

सीएम ने नवचयनित अभ्यर्थियों से 2017 के पहले के यूपी की चर्चा की और कहा कि उस समय आप सभी माता-पिता पर आश्रित रहे होंगे। उस उम्र में बहुत चिंता भी नहीं होती है, परंतु 10 वर्ष पहले पत्र-पत्रिकाओं, अखबारों की कतरनों का अवलोकन कीजिए, अभिभावकों व गुरुजनों से पूछिए कि 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश कैसा था, कानून व्यवस्था कैसी थी? प्रदेश के बारे में, पुलिस के बारे में जनता की धारणा क्या थी? औसतन हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। उत्सव के पहले उपद्रव होता था, महीनों कर्फ्यू लगता था, लेकिन अब हर किसी को सुरक्षा मिल रही है। 9 वर्ष से यूपी में कहीं कर्फ्यू नहीं लगा। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम की बात 1972 से चली आ रही थी, लेकिन कोई इसे लागू नहीं कर पा रहा था। मामला फाइलों में ही दबा रह जाता था। हमारी सरकार बनी तो 7 जनपदों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू कर दिया। यह पुलिस रिफॉर्म का पार्ट है। जिन लोगों को पुलिस रिफॉर्म या पुलिसिंग की जानकारी नहीं वे ही कमिश्नरेट सिस्टम पर अंगुली उठाते हैं। ये वही लोग हैं, जिनको आम नागरिकों की सुविधा व सुरक्षा की चिंता नहीं। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले पुलिस अधिकारी ही असुरक्षित थे। मुरादाबाद में डीआईजी स्तर के अधिकारी को उपद्रवियों ने घेरकर मारा था और उन्हें जीवित न मानकर छोड़ गए। सोचिए, जब राज्य में आईपीएस और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ही सुरक्षित नहीं थे तो सामान्य नागरिक, महिला, बेटी-बहन, व्यापारी की सुरक्षा सिर्फ कल्पना थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दौर में यूपी के लोगों ने सुधार की कल्पना करना ही छोड़ दिया था। डबल इंजन सरकार आने के बाद कार्रवाई शुरू हुई तो अपराधियों को बचाने के लिए राजनीतिक दबाव भी आए, लेकिन सरकार की अभियोजन शाखा के प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि कुछ दिनों पहले ही उन अपराधियों को इतनी गंभीर सजा मिली कि अब उनकी कई पीढ़ियां भी अपराध करना भूल जाएंगी। सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश के भर्ती ● शेष पेज 11 पर

# साझा वैश्विक समृद्धि के लिए सभी मिलकर काम करें

**जी-7 में बोले मोदी**

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 देशों से साझा वैश्विक समृद्धि की दिशा में काम करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत विभाजन में नहीं, बल्कि एकीकरण, संरक्षणवाद नहीं, बल्कि भागीदारी और अनिश्चितता नहीं बल्कि साझा समृद्धि में विश्वास रखता है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में भागीदार देश के रूप में 'सभी के लिए संतुलित, साझा और टिकाऊ आर्थिक विकास ' विषय पर आउटरीच सत्र को संबोधित किया। साझा समृद्धि पर विचार रखते हुए उन्होंने जी-7 देशों से अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और प्रशांत द्वीप देशों के साथ व्यापार बढाने के लिए एक 'कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट' 'इंटरनेशनल मोबिलाइज़ेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड' (इम्पेक्ट) बनाने के साथ-साथ विकसित और विकासशील देशों के बीच 'ग्लोबल स्किल्स पार्टनरशिप' बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारत का साझा वैश्विक समृद्धि में विश्वास केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि यह कार्यों में भी दिखायी देता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस बैठक में उपस्थित अधिकांश देशों के साथ व्यापार समझौते किये हैं। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है,'' भारत विभाजन में नहीं, बल्कि एकीकरण, संरक्षणवाद नहीं, बल्कि भागीदारी और अनिश्चितता नहीं बल्कि साझा समृद्धि में विश्वास रखता है। प्रधानमंत्री ने सदस्य देशों को आश्वस्त किया कि भारत आने वाले



समय में भी उनके साथ मिलकर साझा आर्थिक मजबूती के लिए अधिक स्थिर, विश्वसनीय तथा समृद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए कार्य करता रहेगा। श्री मोदी ने कहा ,'' यह अच्छी बात है कि जी- 7 ने फ्रांस की अध्यक्षता में इस विषय को महत्व दिया है। आज सच्चाई यह है कि जब विकास की बात आती है, तो सवाल जीडीपी या व्यापार के आंकड़ों के बारे में नहीं होना चाहिए।असली सवाल यह है - विकास किसके लिए, किसके साथ और किस दिशा में? प्रधानमंत्री ने कहा कि साझा विकास को आकांक्षाओं से वास्तविकता में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा ,'' जब भारत आगे बढ़ता है, तो वैश्विक आबादी का छठा हिस्सा आगे बढ़ता है। इसलिए भारत की विकास यात्रा पूरी मानवता के लिए समावेश, पैमाने और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की कहानी है। उन्होंने कहा पिछले 12 वर्षों में भारत ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' के मूलमंत्र पर आगे बढ़ा है जो हमारे वैश्विक संबंधों का सिद्धांत है। ● शेष पेज 11 पर

# ईरान ठीक से पेश नहीं आया तो फिर बम बरसाएंगे : ट्रंप

एजेंसी

एवियन-लेस-बेन्स, (फ्रांस)। जी-7 सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर ईरान पर दोबारा हमले शुरू करने की चेतावनी दे डाली। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता अभी पक्का नहीं हुआ है। अगर ईरान ठीक से पेश नहीं आया तो अमेरिका उस पर फिर से गोलियों और बमों की बारिश कर देगा। जी-7 सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका-ईरान संघर्ष पर अपनी पहलों की जानकारी देते हुए अंतरिम समझौते का जिक्र किया। इस दौरान एक बार उन्होंने सख्त तेवर दिखाए। ट्रंप ने कहा, 'अभी समझौता पक्का नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है।

अगर मुझे यह पसंद नहीं आया या अगर ईरान ठीक से पेश नहीं आया, तो हम फिर से गोलियां चलाएंगे। हम सीधे उनके सिर के बीचोंबीच बम गिराना शुरू कर देंगे।'



अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया किया कि समझौता ज्ञापन में ईरान को प्रतिबंधों से तुरंत राहत देने की बात शामिल नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते में यह बात शामिल है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे। हालांकि, ट्रंप ने समझौता प्रक्रिया की सराहना की। उन्होंने कहा, 'यह एक बहुत मजबूत डील है। किसी को नहीं पता कि यह क्या है, लेकिन यह बहुत मजबूत है। ज्यादातर लोग इससे बहुत खुश दिख रहे हैं।

# डिजिलॉकर पर उपलब्ध हुई यूपी फैमिली आईडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के छह करोड़ से अधिक निवासी अब डिजिलॉकर पर अपनी 'यूपी फैमिली आईडी' (परिवार पहचान-पत्र) प्राप्त कर सकते हैं।

मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत के प्रमुख डिजिटल दस्तावेज वॉलेट, डिजिलॉकर ने 'यूपी फैमिली आईडी' को अपने प्लेटफॉर्म पर शामिल कर लिया है, जिससे नागरिक अपने फोन या कंप्यूटर से कभी भी अपने परिवार की पहचान संबंधी जानकारी प्राप्त, स्टोर और साझा कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि डिजिलॉकर अपने विश्वसनीय डिजिटल दस्तावेजों के भंडार का लगातार विस्तार कर रहा है। यूपी फैमिली आईडी जैसी पहल भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को और अधिक सशक्त बनाती है तथा डिजिटल इंडिया के उस सोच को आगे बढाती है, जिसके तहत सरकारी दस्तावेज प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक सुलभ, सुरक्षित

❒ उत्तर प्रदेश के 6 करोड़ से अधिक निवासी अब डिजिलॉकर पर अपनी फैमिली आईडी सुरक्षित रूप से प्राप्त, स्टोर और साझा कर सकेंगे



और सुविधाजनक बनाये जा रहे हैं।

डिजिलॉकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत डिजिटल रूप में दस्तावेजों और प्रमाण पत्रों को जारी करने और उनके सत्यापन के लिए भारत सरकार का एक प्रमुख प्लेटफॉर्म है। यह प्रत्येक नागरिक को किसी भी समय, कहीं भी प्रामाणिक डिजिटल दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए एक सुरक्षित, क्लाउड-आधारित खाता प्रदान करता है, जिससे भौतिक प्रतियां ले जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इस सुविधा से उत्तर प्रदेश में रहने वाले नागरिकों के लिए साथ में कागजी फैमिली आईडी ले जाने और उसकी फोटो कॉपी कराने की आवश्यकता नहीं होगी। डिजिलॉकर पर उपलब्ध यह कॉपी एक सत्यापित, कानूनी रूप से वैध दस्तावेज है, जिसका उपयोग छात्रवृत्ति, पेंशन और अन्य राज्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए तुरंत आवेदन करने और उनका लाभ उठाने के लिए किया जा सकता है, जो अधिक तेज, कागज रहित और चौबीसों घंटे उपलब्ध है। यूपी फैमिली आईडी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख घरेलू पहचानकर्ता है, जो प्रत्येक परिवार को उन कल्याणकारी लाभों से जोड़ता है, जिसके वे पात्र है। इसे डिजिलॉकर पर उपलब्ध कराने से यह दैनिक उपयोगी दस्तावेज उसी विश्वसनीय प्लेटफॉर्म पर आ गया है, जिसका उपयोग नागरिक पहले से ही अपने आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए कर रहे हैं। 'फैमिली आईडी' को डिजिलॉकर पर लाने से किसी परिवार के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रवेश द्वार अब हमेशा उनकी जेब में है - सुरक्षित, सत्यापित और जरूरत के समय तुरंत उपलब्ध। नागरिक चार आसान चरणों में डिजिलॉकर पर अपनी यूपी फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते ● शेष पेज 11 पर

### बीएड प्रवेश परीक्षा की भी जारी होगी उत्तर कुंजी

लखनऊ। बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा की भी अब उत्तर कुंजी जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों से आपत्तियां लेकर उनका निस्तारण किया जाएगा। आपत्ति सही पाए जाने पर अभ्यर्थियों को उस प्रश्न के एवज में अंक दिए जाएंगे। फिलहाल, अगले शैक्षिक सत्र से बीएड प्रवेश परीक्षा में इस व्यवस्था को लागू करने पर मंथन किया जा रहा है।

बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में अभी उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां लेने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में अभ्यर्थियों को प्रश्न के उत्तर या फिर प्रश्न पर कोई आशंका होने पर उसका निदान नहीं किया जाता। अब अगले वर्ष से यह व्यवस्था लागू की जाएगी। बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में इस बार 4.44 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे जो कि पिछले साल की तुलना में एक लाख अधिक हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए एआई का प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में अब और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सुझाव दिया गया है कि वह उत्तर कुंजी जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां लें। उत्तर कुंजी जारी होने से ● शेष पेज 11 पर

# टेलीग्राम ने दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र के प्रतिबंध को दी चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया नेटवर्क टेलीग्राम ने रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की पुनः परीक्षा से कुछ दिन पहले उसके ऐप को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के फैसले को बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

टेलीग्राम कम्पनी ने यह कदम राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के ऐप तक पहुंच को रोकने के केंद्र के फैसले की घोषणा के एक दिन बाद उठाया है। यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि ऐसी चिंताएं थीं कि इस ऐप का उपयोग परीक्षा के प्रश्नपत्रों को लीक करने के लिए किया जा रहा था। सोशल मीडिया पर टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पावेल डुरोव ने इस प्रतिबंध को एक ''गलती'' बताया है और तर्क दिया है कि भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का यह

❒ नीट-यूजी 2026 पुनः परीक्षा से पहले ऐप पर अस्थायी रोक के फैसले को कंपनी ने बताया 'गलती', सरकार ने पेपर लीक रोकने के लिए उठाया कदम

कदम कुछ भी नहीं रोक पाएगा, क्योंकि लीक के लिए जिम्मेदार लोग पहले ही अन्य ऐप पर जा चुके हैं। श्री डुरोव ने कहा, ''पिछले कुछ हफ्तों में, हमने भारत में लीक हुई परीक्षा सामग्री और उससे जुड़े घोटालों को साझा करने वाले सैकड़ों चैनलों को हटा दिया है।'' उन्होंने कहा कि टेलीग्राम अपने ''संपादित'' लेबल को और अधिक स्पष्ट बना रहा है ताकि पिछली तारीखों में किए जाने वाले घोटालों को रोकने में मदद मिल सके। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए भारत में टेलीग्राम ऐप तक पहुंच को 22 जून तक के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। एनटीए ● शेष पेज 11 पर

# सांसदों को 50 करोड़ रुपये का प्रलोभन दिया जा रहा : संजय राउत

एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के बाद शिवसेना (यूबीटी) में फूट की अटकलों के बीच पार्टी नेता संजय राउत ने बुधवार को बड़ा आरोप लगाया है। राउत ने कहा कि पाला बदलने के लिए सांसदों को 50 करोड़ रुपये की पेशकश की जा रही है। साथ ही उन्होंने बागी नेताओं से कहा कि अगर आप पार्टी बदलना चाहते हैं तो पहले इस्तीफा दें। वर्ष 2022 में हुई बगावत का जिक्र करते हुए राउत ने कहा कि अगर पार्टी में फिर से फूट पड़ती है, तो महाराष्ट्र की जनता और शिवसेना (यूबीटी) के सांसद चुप नहीं बैठेंगे। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में पार्टी के नौ लोकसभा सदस्यों में से केवल तीन अरविंद सावंत, अनिल देसाई और राजाभाऊ वाजे ही शामिल हुए।

संजय राउत ने कहा कि मंगलवार देर रात एक अहम व्यक्ति ने जानकारी दी थी कि महाराष्ट्र के सांसदों को खरीदने की कोशिशें चल रही हैं। राज्यसभा सांसद ने दावा किया कि मुझे बताया गया कि रेट 50 करोड़ रुपये है और आज रात तक हर एक

**संकट**

- ❒ लोकसभा अध्यक्ष से मिले उद्धव गुट के तीन सांसद, बागियों को इस्तीफा देने की चुनौती
- ❒ लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा
- ❒ सांसदों का दूसरी पार्टी में विलय संभव नहीं : अनिल देसाई

को 15-15 करोड़ रुपये मिल जाएंगे। कहा जा रहा है कि सांसद पैसे मिले बिना विमान में सवार होने को तैयार नहीं थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि पार्टी के पास फूट के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है और कुछ सांसदों के अलग होने की खबरें उन्हें मीडिया के जरिए मिल रही हैं।

संजय राउत ने कहा कि अगर इस तरह से पार्टियां तोड़ी जाती हैं, तो चुनाव लड़ने का कोई मतलब नहीं रह जाता। जिन सांसदों की बात हो रही है, वे सभी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना (यूबीटी) के मशाल चुनाव चिह्न पर चुने गए थे और किसी को भी उस जनादेश के साथ धोखा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि



अगर कोई जाना चाहता है, तो उसे पहले इस्तीफा देना चाहिए। वे हमारी पार्टी के टिकट पर और मतदाताओं द्वारा चुने जाने के कारण संसद पहुंचे हैं। पार्टी पर आए संकट के बाद दिल्ली में डेरा डाले हुए राउत ने कहा कि पार्टी ने कानूनी कदम उठाए हैं और गुरुवार को होने वाली संसदीय दल की बैठक से पहले व्हिप जारी किया है। इसी बैठक में पता चल जाएगा कि कौन-कौन बागी होना चाहता है।

संजय राउत ने कहा कि पार्टी नेताओं ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से कार्रवाई करने का आग्रह किया है। साथ ही स्पीकर को एक ज्ञापन भी सौंपा है। चुने हुए प्रतिनिधियों को खरीदना और तोड़ना लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ है। राउत ने कहा कि इसके बाद कानूनी लड़ाई होगी। यह इतना आसान नहीं है। जो कोई भी यह सोचता है कि कुछ लोग इकट्ठा होकर पैसे के जरिए मामले सुलझा सकते हैं, वह गलतफहमी में है।

अनिल देसाई ने कहा कि कानून के तहत कोई सांसद सिर्फ इसलिए किसी दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकता, क्योंकि उसे दो-तिहाई सांसदों का समर्थन हासिल है। अगर किसी गुट के पास जरूरी दो-तिहाई संख्या ● शेष पेज 11 पर

### छह बागी सांसदों ने पार्टी छोड़ी, शिंदे समूह में शामिल होंगे

मुंबई। शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों ने बुधवार को पार्टी छोड़कर अलग गुट बना लिया है। यह सभी बागी सांसद १९ जून को शिवसेना के शिंदे समूह में शामिल होने वाले हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कार्यालय ने इन सभी छह बागी सांसदों को अलग गुट की मान्यता दे दी है।

शिंदे समूह की राष्ट्रीय प्रवक्ता साईना एनसी ने बुधवार को बताया कि उनकी पार्टी का ऑपरेशन 'प्रगति' सफल हो गया है। बहुत जल्द यह सभी छह सांसद उनकी पार्टी में शामिल होंगे। शिवसेना यूबीटी के नौ सांसद वर्ष २०२४ में हुए लोकसभा चुनाव में जीते थे। इनमें से धाराशिव से ओमराजे निंबालकर, परभणी से संजय जाधव, मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दीना पाटिल, हिंगोली से नागेश पाटिल अष्टिकर, शिरडी से भाऊसाहेब वाकचौरे और यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख ने आज पार्टी से बगावत कर अलग गुट बनाया है।

# बालिका शिक्षा को नई उड़ान दे रही योगी सरकार

❒ केजीबीवी में स्मार्ट शिक्षा का 18 सूत्रीय एक्शन प्लान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में छात्राओं की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल अधिगम, छात्रावास संचालन, खेल गतिविधियों, छात्रवृत्ति भुगतान तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़े 18 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

योगी सरकार बालिका शिक्षा को केवल विद्यालय की पढ़ाई तक सीमित नहीं रख रही। उसे सुरक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, खेल, छात्रावास सुविधाओं और जीवन कौशल से जोड़ते हुए समग्र विकास का माध्यम बना रही है। सुरक्षा से शिक्षा, छात्रवृत्ति से स्मार्ट लर्निंग और छात्रावास से खेल सुविधाओं तक दिए गए निर्देश स्पष्ट करते हैं कि योगी सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बालिका सशक्तीकरण के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल प्रदेश की हजारों बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मनिर्भर भविष्य की नई संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों में कूलर, पंखे, एग्जॉस्ट फैन और जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक सप्ताह के भीतर खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर विद्यालयों में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने को कहा गया है। बालिकाओं एवं स्टाफ की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा छात्राओं को ग्रीष्मकालीन गृहकार्य उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है। योगी सरकार ने जून माह की प्रगति रिपोर्ट, फर्नीचर खरीद, रोटी मेकिंग मशीन, वॉशिंग मशीन, सोलर गीजर, फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट और ओपन जिम जैसी स्वीकृत गतिविधियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। डिजिटल शिक्षा और छात्रवृत्ति व्यवस्था हगी मजबूतविद्यालयों में डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर, ब्रॉडबैंड और अनलिमिटेड डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पिछले और वर्तमान बैच की छात्राओं का विवरण, भुगतान की स्थिति तथा बैंक खातों की सीडिंग की समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पात्र छात्राओं को लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।

छात्रावास, खेल और सुरक्षा व्यवस्थाओं को मिलेगी गतिनिर्माणाधीन छात्रावास, अतिरिक्त डॉर्मेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक के कार्यों का सत्यापन एवं उपयोग प्रमाण-पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन परियोजनाओं का निर्माण 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, उन्हें शीघ्र हस्तांतरित कर संचालन शुरू करने को कहा गया है।

# नियमित योग सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने में सहायक : अपूर्वा त्रिपाठी

❒ ट्रिपल आईटी, इलाहाबाद में पंचदिवसीय योग महोत्सव का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । योग, स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) इलाहाबाद में पांच दिवसीय योग महोत्सव का शुभारम्भ बुधवार को हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थी, शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं।

योग महोत्सव के प्रथम दिवस का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका अपूर्वा त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि तनाव प्रबंधन, एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने में भी सहायक है। ट्रिपल आईटी के पीआरओ डॉ पंकज मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन लगभग 25 प्रतिभागियों ने योग सत्र में भाग लिया। प्रतिभागियों ने योगाभ्यास के माध्यम से स्वयं को ऊर्जावान एवं तनावमुक्त अनुभव किया तथा आगामी दिनों में भी नियमित रूप से सहभागिता करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के निदेशकों एवं कुलपतियों से व्यापक स्तर पर योग संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में ट्रिपल आईटी इलाहाबाद द्वारा 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान के निदेशक प्रो मुकुल शरद सुतावने ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से योग महोत्सव में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया है, ताकि योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर निकली ऐतिहासिक सामाजिक सद्भावना यात्रा



**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर बुधवार को कोरांव में आकर्षक एवं भव्य सामाजिक सद्भावना शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हर वर्ग के लोगों का उत्साह समाज के लिए प्रेरणादाई रहा। सद्भावना शोभा यात्रा का शुभारंभ विकासखंड कोरांव के बघोल गांव में स्थित हनुमान मंदिर परिसर से किया गया। जिसके बाद डीजे बैंड बाजे के धुन पर थिरकते हुए यात्रा में शामिल युवा व अन्य लोग काफिले के साथ बचपन पब्लिक स्कूल तरांव पहुंचे। यहां सद्भावना शोभा यात्रा का समापन सहभोज के साथ किया गया। जहां हजारों लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। यात्रा का शुभारंभ बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे किया गया। जिसका समापन शाम 7:30 बजे के करीब बचपन पब्लिक स्कूल में हुआ। सद्भावना शोभा यात्रा में भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश महासचिव डॉ बीके सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी, राकेश प्रताप सिंह, शिवेंद्र सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, अतुल सिंह, दुर्गा सिंह, संकल्प सिंह, मुन्ना सिंह, धर्मराज सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, रणधीर सिंह, राजबहादुर सिंह, सुरेश सिंह, अजीत प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, बचपन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक धनंजय सिंह, सभासद राजकुमार केसरी, विपुल दुबे, अमरेंद्र केसरी, सुमित पांडेय, नौशाद खान समेत फरवरी के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सद्भावना शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी खीरी कृष्ण मोहन सिंह व थाना प्रभारी कोरांव सत्येंद्र कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ यात्रा में मौजूद रहे।

## सुशांत गोल्फ सिटी में चार अवैध निर्माण सील

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवैध निर्माणों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अवैध निर्माणों को सील कर दिया। यह कार्रवाई बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किये जा रहे निर्माण कार्यों के विरुद्ध की गई। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज स्थित ग्राम सरसवां में निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि मनीष, अर्जुन गर्ग, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार एवं अन्य लोगों द्वारा बिना एलडीए की स्वीकृति के भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही तीन निर्माणाधीन भवनों को सील कर दिया गया। इसके अलावा ग्राम बक्कास में विनीत शुक्ला एवं अन्य द्वारा भी बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य कराया जा रहा था। एलडीए की टीम ने उक्त निर्माणाधीन भवन को भी सील कर दिया।

## अंडर 19 महिला ट्रॉयल के लिए 12 क्रिकेटर चयनित



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर 19 महिला टीम का ट्रायल 19 जून को प्रातः सात बजे कमला क्लब मैदान, कानपुर पर होगा। ट्रायल के लिए इलाहाबाद मंडल की 12 क्रिकेटरों का चयन किया है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा के अनुसार चयनित क्रिकेटरों में खुशी सिंह, अंशिका अस्थाना, हंसी सिंह, संध्या यादव, कात्यायिनी पाठक, अनामिका चक्रवर्ती, भार्गवी पांडेय, शिवानी मौर्या, अक्शा फातिमा, वंदना साहू, रिया सोनकर एवं आस्था मिश्रा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी को अपने आधार कार्ड और डिजिटल मूल जन्म प्रमाणपत्र एवं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन रजिस्ट्रेशन स्लिप के साथ ट्रायल में भाग लेना होगा। ट्रायल सफ़ेद किट और लाल गेंद से होगा।

## ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित हंडिया थाना क्षेत्र के भीटी गांव के समीप बुधवार को ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि हादसे में भदोही जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र के राम किशुनपुर बसही गांव निवासी विकास (24) पुत्र लालमनि की मौत हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि विकास घर से मोटरसाइकिल से प्रयागराज के लिए बुधवार भोर में निकला था। रास्ते में उसकी मोटरसाइकिल में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## 18 साल 8 माह की उम्र में बब्बर शेर 'अजय' की मौत

**कानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कानपुर प्राणी उद्यान में आवासित बब्बर शेर 'अजय' की बुधवार पूर्वाह्न आकस्मिक मौत हो गई। 18 वर्ष 8 माह की आयु पूरी कर चुका अजय सामान्य बब्बर शेरों की औसत आयु से अधिक समय तक जीवित रहा। उसकी मौत के बाद प्राणी उद्यान प्रशासन और पशु चिकित्सकों की टीम ने आवश्यक जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राणी उद्यान प्रशासन के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे अजय की मृत्यु हुई। वह पिछले लगभग 24 घंटे से खाना-पीना नहीं कर रहा था। प्रारंभिक तौर पर अधिकारियों को लगा था कि अत्यधिक गर्मी के कारण उसकी गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन बुधवार को अचानक उसे खून की उल्टी हुई, जिसके बाद उसने दम तोड़ दिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी फिरोज खान ने बताया कि अजय एक वृद्ध शेर था और उसकी आयु 18 वर्ष 8 माह थी, जबकि सामान्य तौर पर बब्बर शेरों की औसत आयु 14 से 15 वर्ष मानी जाती है। उन्होंने बताया कि शेर की मौत के बाद चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है तथा उसका बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। अजय को 11 दिसंबर 2016 को नंदनवन जू, रायपुर (छत्तीसगढ़) से कानपुर प्राणी उद्यान लाया गया था। यहां आने के बाद वह चिड़ियाघर के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हो गया था और बड़ी संख्या में पर्यटक उसे देखने पहुंचते थे।प्राणी उद्यान प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम और प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अजय की मौत से प्राणी उद्यान के अधिकारियों और कर्मचारियों में शोक का माहौल है।

## रेलवे सुरक्षा बल का ऑपरेशन 'नन्हे फरिस्ते' बना बच्चों का सुरक्षा कवच

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मंडल रेल प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त दीपक कुमार आज़ाद के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल का रेलवे सुरक्षा बल द्वारा संचालित ऑपरेशन 'नन्हे फरिस्ते' के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में अकेले, लापता, भटके हुए अथवा संकटग्रस्त बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय ने पूर्ण किए गौरवशाली 11 वर्ष

❒ शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक सरोकारों की विकास यात्रा का उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने आज अपनी स्थापना के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण कर लिए। वर्ष 2016 में स्थापित इस राज्य विश्वविद्यालय ने अल्प अवधि में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित करते हुए उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह यात्रा केवल संस्थागत उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की सफलता का प्रतीक है। सीमित संसाधनों से प्रारम्भ होकर आज विश्वविद्यालय ने उत्कृष्टता, नवाचार और गुणवत्ता का ऐसा मानक स्थापित किया है जिस पर सम्पूर्ण शैक्षणिक समुदाय को गर्व है। मुख्य अतिथि डॉ. राज भूषण चौधरी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री* ने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम महान शिक्षाविद् प्रो. राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया' के नाम पर है। उनके आदर्शों - राष्ट्रनिष्ठा, सादगी, शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक समर्पण की भावना विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति में परिलक्षित होती है। विशिष्ट अतिथि प्रो. बिहारीलाल शर्मा, कुलपति संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ने NAAC 'इ' ग्रेड मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि गक्ष्-2020 के क्रियान्वयन, बहुविषयक शिक्षा और शोध संस्कृति के विकास में विश्वविद्यालय ने सराहनीय कार्य किया है।

विशिष्ट अतिथि प्रो. सत्यकाम, कुलपति UPRTOU ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, विज्ञान, वाणिज्य, विधि, प्रबंधन, फार्मेसी आदि विषयों में उच्च स्तरीय शिक्षण और अनुसंधान की सुविधाएँ विकसित की हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीतांजलि ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. विनीता यादव ने किया। विश्वविद्यालय आगामी दशक में ल्ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के आदर्शों के साथ वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध नवाचार और डिजिटल परिवर्तन के नए आयाम स्थापित करने को प्रतिबद्ध है।

# डीही खुर्द प्राथमिक विद्यालय के पास जले ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव प्रयागराज। क्षेत्र के डीही खुर्द प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित ट्रांसफार्मर 05 जून को जल जाने के बाद से अब तक बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया (घ्ट) में देरी होने के कारण मरम्मत एवं प्रतिस्थापन कार्य शुरू नहीं हो सका है।

ग्रामीणों के अनुसार, इस संबंध में संबंधित अवर अभियंता (ख्व) से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। लोगों ने यह भी बताया कि मामले की जानकारी उपखंड अधिकारी (ट्ठ्) को भी व्हाट्सएप एवं अन्य माध्यमों से दी गई, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस स्थिति से नाराज ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय पर ट्रांसफार्मर बदल दिया गया होता तो उन्हें लंबे समय तक बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ता। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों एवं ऊर्जा विभाग से मांग की है कि जले हुए ट्रांसफार्मर को तत्काल बदला जाए और मामले की जांच कर लापरवाही के कारणों की समीक्षा की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।स्थानीय लोगों ने यह भी मांग उठाई है कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। फिलहाल क्षेत्र में बिजली संकट के कारण जनजीवन प्रभावित है और लोग जल्द से जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# देश के प्रतिष्ठित 02 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में शामिल हुआ उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में घरेलू रूफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 2 गीगावाट (ळ्ड) स्थापित क्षमता का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश के प्रतिष्ठित ''2 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में शामिल हो गया है, जहाँ अब तक केवल गुजरात और महाराष्ट्र जैसे अग्रणी राज्यों की उपस्थिति थी। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में सौर ऊर्जा को लेकर बढ़ती जनभागीदारी का परिणाम मानी जा रही है। योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्ज़ा को अपनाया है।

यूपी नेडा के निदेशक रविंदर सिंह ने बताया कि ऊर्ज़ा क्षेत्र में यह उपलब्धि केवल एक सांख्यिकीय मील का पत्थर नहीं है, बल्कि प्रदेश में ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक है। घरेलू रूफटॉप सोलर के विस्तार से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिल रही है।

प्रदेश की इस सफलता में यूपीनेडा के इम्पैनल्ड वेंडर्स, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, बैंकिंग संस्थानों तथा लाखों उपभोक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभिन्न विभागों और संस्थाओं के समन्वित प्रयासों ने सौर ऊर्ज़ा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में योगदान दिया है।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में घरेलू सौर ऊर्ज़ा क्षेत्र में तेज़ी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्तमान प्रगति को देखते हुए प्रदेश अब देश में शीर्ष राज्यों की श्रेणी में अपनी स्थिति और मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है। अधिकारियों का मानना है कि यदि वर्तमान गति बनी रही तो आने वाले महीनों में उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों को चुनौती देते हुए नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि राज्य के हरित ऊर्ज़ा भविष्य और ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

# योग से शारीरिक विकारों की रोकथाम सम्भव : डॉ. जीएस तोमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित व्याख्यानमाला के अंतर्गत बुधवार को वन अर्थ, वन हेल्थ विषय पर चतुर्थ व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ जीएस तोमर ने योगाभ्यास को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि नियमित योग से अनेक शारीरिक विकारों की रोकथाम सम्भव है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ गिरेंद्र सिंह तोमर, विजिटिंग प्रोफ़ेसर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन उद्‌बोधन में कहा कि मानव स्वास्थ्य प्रकृति के स्वास्थ्य से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतुओं के स्वस्थ एवं संरक्षित रहने पर ही समाज स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने कहा कि यदि पृथ्वी प्रदूषण, असंतुलन और कुपोषण से ग्रस्त होगी तो मानव जीवन भी सुखी और निरोगी नहीं रह पाएगा। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 के मंच से वन अर्थ, वन हेल्थ का संदेश देकर विश्व समुदाय को समेकित स्वास्थ्य की दिशा प्रदान की। डॉ तोमर ने भारतीय ज्ञान परम्परा, वेद, उपनिषद तथा आयुर्वेद के उदाहरणों के माध्यम से निरोगी जीवन के सूत्र प्रस्तुत करते हुए आहार, विहार, आचार एवं औषधि को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

❒ जनप्रतिनिधियों ने लिया कथा का आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पारा थाना क्षेत्र स्थित मणि महेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वृंदावन से पधारी कथा प्रवक्ता पूज्या रोली शास्त्री ने अपने ओजस्वी एवं भक्तिमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति एवं मानव जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया।

छठे दिन के आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुराग मिश्र, पार्षद विनोद यादव, पार्षद धर्मेंद्र सिंह तथा राजाजीपुरम के पार्षद नागेंद्र सिंह, अजय त्रिपाठी मुन्ना, राजू यादव, राकेश यादव, सुनील मिश्र, जितेंद्र कुमार, अरुण श्रीवास्तव ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जनप्रतिनिधियों ने धार्मिक आयोजनों को समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का माध्यम बताया। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मनोहर पुरी जी महाराज ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि कथा के समापन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्तगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संपूर्ण मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। आयोजक मंडल एवं मंदिर परिवार आयोजन को सफल बनाने में पूरी निष्ठा के साथ जुटा हुआ है।


भारतीय रेल

''सार्वजनिक अधिसूचना''

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनाँक |
|---|---|---|
| उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गौरा (रहित) से जंघई (रहित) खंड के बीच दोहरीकरण का विदयुतीकरण कार्य, स्थानः किमी 875/03 (चेनेज 875/30.00) से किमी 849/11 (चेनेज 849/276.50) और किमी 849/12 (चेनेज 849/276.00) से किमी 848/10 (चेनेज 848/272.50) तक, संबंधित टर्नआउट और क्रॉस ओवर एटी (सहायक ट्रांसफार्मर) तथा बादशाहपुर में मौजूदा एसएसपी और निभापुर में एसपी में संशोधन के साथ। | लखनऊ | 20.06.2026 |

उत्तर रेलवे

25 केवी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ

''सड़क उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना''

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **''उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गौरा (रहित) से जंघई (रहित) खंड के बीच दोहरीकरण का विदयुतीकरण कार्य, स्थानः किमी 875/03 (चेनेज 875/30.00) से किमी 849/11 (चेनेज 849/276.50) और किमी 849/12 (चेनेज 849/276.00) से किमी 848/10 (चेनेज 848/272.50) तक संबंधित टर्नआउट और क्रॉस ओवर एटी (सहायक ट्रांसफार्मर) तथा बादशाहपुर में मौजूदा एसएसपी और निभापुर में एसपी में संशोधन के साथ''** पर 25 केवी विद्युत ट्रैकशन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78 मीटर** पर अत्यधिक ऊंचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

**अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे है:**

1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात् सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को ख़तरा ।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को ख़तरा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)**
**उत्तर रेलवे, लखनऊ**

सं.: EPC-37/Dy. CEE/LKO/Warning/01 दिनांक: 08.06.2026 2066/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हर जिले में मूर्तियों, स्मारकों तथा संग्रहालयों का निर्माण करायेगी योगी सरकार : जयवीर सिंह

❒ महाराणा प्रताप जयंती पर क्षत्रिय समाज का उत्सव आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



लखनऊ । वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जन्म जयंती आज यहाँ धूम-धाम से मनायी गयी। भारतीय क्षत्रिय समाज ने हुसैनगंज चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर उत्सव का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य की योगी सरकार महाराणा प्रताप जी की स्मृति में प्रत्येक जिले में प्रतिमा की स्थापना कराएगी। स्मारकों तथा संग्रहालयों की स्थापना के कार्य कराये जाएंगे, जिससे नयी पीढ़ी को उनके जीवन आदर्शों से प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महाराणा प्रताप के उच्च आदर्शों के कारण क्षत्रिय समाज को विशेष गौरव प्राप्त है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन भारतीय क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अनिल सिंह गहलोत की सराहना की और कहा कि वह तथा उनकी टीम बिना स्वार्थ निरंतर आयोजन करते रहते हैं, जिससे समाज को प्रेरणा मिलती है। भारतीय क्षत्रिय परिवार के अध्यक्ष अनिल सिंह गहलोत ने कहा कि महाराणा प्रताप जी की जयंती प्रत्येक भारतीय के लिए एक उत्सव है, जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में वृद्धजनों, युवाओं तथा महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया और आह्वान किया कि मेवाड़ तथा गुजरात की तरह महिलाओं को इस अवसर पर सांस्कृतिक उत्सव आयोजित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय क्षत्रिय समाज समरसता की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। संगठन के पदाधिकारी पूरे प्रदेश में जन जागरण का अभियान चला रहे हैं। भारतीय क्षत्रिय समाज के संरक्षक तथा सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्श सरोजनी नगर में साकार हो रहे हैं। नारी शक्ति सामर्थ्य के लिए 162 से अधिक सिलाई सेंटर, बेटियों की शिक्षा के लिए 36 से अधिक डिजिटल लाइब्रेरी, युवाओं के लिए रण बहादुर सिंह डिजिटल सशक्तीकरण केन्द्रों की स्थापना तथा 1500 से अधिक मेधावियों को टैबलेट व साइकिलों के उपहार जनसेवा के नये उदाहरण बन रहे हैं। उन्होंने कहा की कार्यक्रम के आयोजन अनिल सिंह गहलोत जी क्षत्रिय समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। युवाओं को उनसे मार्गदर्शन तथा प्रेरणा लेनी चाहिए। सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी प्रकाश सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के युवाओं को नशे से दूर रहकर कठिन लक्ष्य हासिल करने चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को सामान्य नौकरियों के बजाय सिविल सेवा के लक्ष्य तय करने चाहिए।

# बीबीएयू ने रचा नया कीर्तिमान, उपलब्ध हुआ हिन्दी साहित्य का ऑनलाइन पाठ्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)'' अब भारत सरकार के प्रतिष्ठित स्वयं मंच पर शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध हो गया है

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग एवं इलेक्ट्रानिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर (मीडिया सेंटर), लखनऊ के संयुक्त प्रयासों से विकसित स्वयं ऑनलाइन पाठ्यक्रम ''हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)'' अब भारत सरकार के प्रतिष्ठित स्वयं मंच पर शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध हो गया है।

यह महत्वपूर्ण कार्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के दिशा-निर्देशन तथा मीडिया सेंटर के निदेशक प्रो. गोपाल सिंह एवं हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल गंगवार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया है। अब देश-विदेश के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक तथा हिन्दी साहित्य में रुचि रखने वाले शिक्षार्थी अब इस पाठ्यक्रम में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में आधुनिक हिन्दी साहित्य के इतिहास, प्रमुख साहित्यकारों, साहित्यिक आंदोलनों, प्रवृत्तियों तथा विभिन्न साहित्यिक विधाओं का समग्र एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री प्रस्तुत किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने पाठ्यक्रम निर्माण से जुड़ी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते योगदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वयं मंच पर विकसित किए गए ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक व्यापक पहुँच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे तथा 'कहीं भी, कभी भी सीखने' की अवधारणा को सशक्त बनाएँगे। कुलपति ने मीडिया सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि बीबीएयू निरंतर डिजिटल शिक्षण संसाधनों के विकास, तकनीक-संचालित शिक्षा को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पाठ्यक्रम निर्माण में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं मीडिया सेंटर की टीम के समर्पण और परिश्रम की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में स्वयं पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने तथा डिजिटल शिक्षण के इस सशक्त माध्यम से जुड़ने का आह्वान किया। मीडिया सेंटर के निदेशक (प्रभारी) प्रो. गोपाल सिंह ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा विकसित स्वयं पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं डिजिटल शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस पाठ्यक्रम के प्रस्ताव को पूर्व में कंसोर्टियम फॉर एजुकेशनल कम्युनिकेशन, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसके उपरांत ईएमएमआरसी (मीडिया सेंटर), लखनऊ द्वारा पाठ्यक्रम के निर्माण, वीडियो व्याख्यानों की रिकॉर्डिंग, संपादन, ई-कंटेंट विकास तथा तकनीकी समन्वय का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# शराब पिलाकर युवक से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव में एक युवक को घर से बुलाकर शराब पिलाने के बाद मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की माँ की तहरीर पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के गौरा गांव निवासी राजकुमारी पत्नी बाबूलाल ने मोहनलालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते रविवार की देर रात गांव के ही राजाराम पुत्र फूलचंद उसके पुत्र वीरेन्द्र को अपने साथ ले गया। आरोप है कि राजाराम ने अपने घर के सामने वीरेन्द्र को शराब पिलाई। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद राजाराम और उसके भाई राजू ने वीरेन्द्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित युवक की माँ का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके पुत्र को गंभीर चोटें आईं। उसके गले में भी चोट लगी है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने वीरेन्द्र को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजनों ने घायल युवक का उपचार कराया और मामले की शिकायत पुलिस से की। तहरीर मिलने के बाद मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपों के आधार पर राजाराम और राजू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा घटना से जुड़े तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महंगाई, पेपर लीक और कानून व्यवस्था को लेकर सपा का प्रदर्शन

❒ कलेक्ट्रेट पर पहुंच कर सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । जिला समाजवादी पार्टी, लखनऊ ने पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद की बढ़ती कीमतों, पेपर लीक, महिला उत्पीड़न, फर्जी एनकाउंटर और बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में बुधवार को जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयंत' के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय कैसरबाग से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर धरना दिया और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।




कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयंत' ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद लगातार पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और खाद के दामों में वृद्धि हुई है, जिससे आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से खासकर महिलाओं के घरेलू बजट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से आयोजित कराने में विफल रही है तथा पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध की घटनाएं चिंता का विषय हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि खाद और बिजली की बढ़ती कीमतों से किसान और छोटे व्यवसायी परेशान हैं, जबकि प्रदेश में बिजली आपूर्ति भी सुचारू रूप से नहीं हो रही है। प्रदर्शन में मोहनलालगंज सांसद आर.के. चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, पूर्व विधायक गोमती यादव, राजेंद्र यादव, अंबरीश सिंह पुष्कर, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय सचिव महिला सभा बीना रावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा कृष्ण कन्हैया पाल सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लखनऊ में मिट्टी के कारोबार को लेकर चल रहे विवाद में चली गोली, दो हिरासत में

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में फायरिंग और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया हैं। इस मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि बरौना गांव में मंगलवार को विवेक सिंह के घर पर विपक्षी अभिषेक शर्मा ने अपने कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ घर में पत्थरबाजी और फायरिंग की गई। इस प्रकरण में विवेक सिंह की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अभिषेक शर्मा, दुर्गेश कुमार तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। जांच में यह प्रकाश में आया कि दोनों पक्ष ईंट-भट्ठे पर मिट्टी के कार्य से जुड़े हुए हैं तथा इसी कार्य को लेकर उनके मध्य विवाद चल रहा है। घटनास्थल से पुलिस को कारतूस के खोखे बरामद किया हैं। पुलिस ग्राम सेवई निवासी अभिषेक और ग्राम सभाखेडा निवासी दुर्गेश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद कर लिया है। इस प्रकरण में अन्य अज्ञात अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया हैं।

## हाईटेशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के सरथरा गांव में बुधवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। परिवारी जनों ने बिना पुलिस सूचना के ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।थाना क्षेत्र के सरथरा गांव में एक चालीस वर्षीय युवक बबलू सिंह की हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। स्थानीय लोगों से जानकारी के अनुसार युवक अपने चाचा की चारा मशीन के पास किसी कार्य से गया था, तभी वह अचानक खुले तारों के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत बता दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।मृतक के परिवार में पत्नी सुनीता और दो बेटे अंश और रितिक हैं।

## गोमती नगर वार्ड की जन चौपाल में नागरिकों ने रखीं समस्याएं



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में जन चौपाल अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जोन-4 के गोमती नगर वार्ड स्थित मारुति पुरम पार्क में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में क्षेत्रीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव महापौर के समक्ष रखे। इस अवसर पर पार्षद कौशल शंकर पाण्डेय जी, राजेश सिंह 'गब्बर' , संजय सिंह राठौर , मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय , पूर्व पार्षद राम कुमार वर्मा, अवधेश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य लेखा अधिकारी महामिलिंद लाल, महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह, जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। जन चौपाल के दौरान स्थानीय नागरिकों ने मारुति पुरम एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या को प्रमुखता से उठाया। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई है, जिससे दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने जलकल विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। क्षेत्रीय नागरिकों ने क्षेत्र से गुजरने वाले एचएएल नाले के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत भी रखी। लोगों ने बताया कि नाले की जर्जर स्थिति के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नाले की मरम्मत एवं सुधार कार्य के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है तथा शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। जन चौपाल में स्थानीय लोगों द्वारा सीवर से संबंधित समस्याएं भी उठाई गईं। नागरिकों ने बताया कि कई स्थानों पर सीवर व्यवस्था प्रभावित होने से गंदगी एवं दुर्गंध की समस्या बनी रहती है। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को सीवर लाइनों की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई इबारत लिख रहा भारत : डॉ. दिनेश शर्मा

❒ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में गिनाईं मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिला की ओर से मंगलवार को बख्शी का तालाब में ''12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' विषय पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने की, जबकि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि डॉ.दिनेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को विकास, सुशासन और जनविश्वास का कालखंड बताते हुए कहा कि इस अवधि में देश ने आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त हुई है, आधारभूत संरचना का तेजी से विस्तार हुआ है तथा देश की सांस्कृतिक विरासत और सनातन मूल्यों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प अब केवल सरकार का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प बन चुका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। डॉ.शर्मा ने विश्वास जताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा विकास कार्यों के आधार पर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा पुनः पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी, वहीं वर्ष 2029 में नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने विपक्ष पर जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप भी लगाया।

विशिष्ट अतिथि एवं विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनहितकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की ताकत है और सभी के सामूहिक प्रयासों से विकास एवं जनकल्याण का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जोन-8 में आज को लगेगी जन चौपाल

लखनऊ । केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में जन चौपाल अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार, 18 जून 2026 को जोन-8 के विद्यावती तृतीय वार्ड एवं विद्यावती प्रथम वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि जन चौपाल नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी माध्यम है। जन चौपाल के माध्यम से गृहकर, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सीवर, मार्ग प्रकाश, अतिक्रमण, सड़क निर्माण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि शाम 4 बजे विद्यावती तृतीय वार्ड की जन चौपाल सेक्टर-एल स्थित राधे लाल जी पार्क में आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात शाम 6 बजे विद्यावती प्रथम वार्ड की जन चौपाल सेक्टर-एफ स्थित प्रेम सिंह बिष्ट पार्क में आयोजित होगी।

# शुद्ध खाद्य पदार्थों के बड़े सप्लाई सेंटर के रूप में विकसित की जाएंगी गोशालाएं

❒ पहले चरण में चयनित गोशालाओं के 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले परिवारों को इस महाअभियान से जोड़ा जाएगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । प्रदेश में 'जहर मुक्त भोजन' का मेगा कैंपेन शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत अब लोगों की थाली तक सीधे खेतों से निकला शुद्ध और जहरमुक्त भोजन पहुंचाया जाएगा। इस पूरे महाभियान का केंद्रबिंदु उत्तर प्रदेश की गोशालाएं होंगी, जिन्हें अब सिर्फ गोसंरक्षण ही नहीं, बल्कि शुद्ध खाद्य पदार्थों के बड़े सप्लाई सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

पहले चरण में चयनित गोशालाओं के 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले परिवारों को इस महाअभियान से जोड़ा जाएगा। इन परिवारों तक प्राकृतिक खेती से उपजे खाद्यान्न, ताजी सब्जियां, फल और पंचगव्य आधारित उत्पाद सीधे पहुंचाए जाएंगे। गो सेवा आयोग ने इसके लिए 'फार्म टू कंज्यूमर' (खेत से सीधे उपभोक्ता तक) मॉडल तैयार किया है। इससे उपभोक्ताओं को सही कीमत पर और किसानों को उनकी उपज का और बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य हर नागरिक को बीमारियों से बचाना और उन्हें 'जहर मुक्त भोजन' उपलब्ध कराना है। सबसे पहले चयनित गोशालाओं के आसपास के परिवारों से इसकी शुरुआत होगी। यह मॉडल गोशालाओं को ग्रामीण समृद्धि और सेहत का नया केंद्र बनाएगा। गोशालाओं के सहयोग से तैयार होने वाली 100 प्रतिशत जैविक सब्जियां, फल और अनाज सीधे घरों तक पहुंचेंगे। शुरुआती फ़ेज में गोशाला के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। अनाज-सब्जियों के अलावा औषधीय उत्पाद, पंचगव्य घी, और शुद्ध दूध भी इस चेन का हिस्सा होंगे। इसलिए केमिकल-फ्री उत्पाद तैयार करने वाले स्थानीय किसानों को अब अपनी फसल बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, गोशालाएं ही उनका बाजार बनेंगी।

## लखनऊ में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान

लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने बुधवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों, नालों तथा फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। नगर निगम के जोन-3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देश पर 296 टीम के सहयोग से गल्ला मंडी से केशवनगर मोड़ तथा कपूरथला से नेहरू बाल वाटिका पार्क तक अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 4 अवैध गुमटियां एवं 6 ठेले हटाए गए। नगर निगम अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करने की चेतावनी भी दी नगर आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जोन-7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

# अमौसी में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

❒ 80 लाख रुपये मूल्य की सरकारी भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

❒ अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, 6000 वर्गफुट शासकीय भूमि कब्जे से मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत बुधवार को ग्राम अमौसी, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 80 लाख रुपये मूल्य की शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देशन एवं अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव के निर्देशों के क्रम में संपन्न हुई।

### बंजर भूमि पर की जा रही थी अवैध प्लाटिंग

सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति श्री रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम श्री अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने ग्राम अमौसी स्थित गाटा संख्या 3163, क्षेत्रफल 0.238 हेक्टेयर भूमि पर कार्रवाई की। राजस्व अभिलेखों में यह भूमि बंजर श्रेणी की शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त भूमि पर अवैध रूप से अस्थायी प्लाटिंग कर बहुमूल्य सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया जा रहा था।

### पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से हटाया गया अतिक्रमण

थानाध्यक्ष सरोजनी नगर द्वारा उपलब्ध कराए गए पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध कब्जे एवं प्लाटिंग को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। पूरी कार्रवाई नायब तहसीलदार नगर निगम श्री राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। अभियान के दौरान नगर निगम के राजस्व निरीक्षक श्री प्रदीप गिरी एवं लेखपाल श्री अजीत तिवारी भी उपस्थित रहे।

### 80 लाख रुपये मूल्य की भूमि कराई गई मुक्त

नगर निगम की इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप लगभग 6000 वर्गफुट सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 80 लाख रुपये बताया गया है।

# गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

❒ सभी गोवंश स्थलों पर चारा, पेयजल, समेत अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाये: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय स्थायी/अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, गोवंश संरक्षण, चारा एवं पानी की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाओं तथा आश्रय स्थलों के समुचित संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर निराश्रित गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियमित रूप से पशु चिकित्सा टीमों द्वारा निरीक्षण किया जाए तथा बीमार एवं कमजोर गोवंशों का समयबद्ध उपचार कराया जाए। जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थलों की क्षमता, वर्तमान गोवंश संख्या, संरक्षित गोवंशों की देखभाल तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार सभी व्यवस्थाएं गुणवत्ता के साथ संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थलों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी गौवंशों का टीकाकरण समय से सुनिश्चित किया जाये तथा बाढ़ से पहले ही गौवंशों को सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित किया जाये।

बैठक में गोवंश आश्रय स्थलों में संचालित निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां भी आधारभूत सुविधाओं के विकास अथवा मरम्मत संबंधी कार्य लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आश्रय स्थलों में जलभराव रोकने तथा गोवंशों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। गोवंशों के भरण-पोषण हेतु उपलब्ध कराई जा रही धनराशि, भुगतान की स्थिति तथा अन्य वित्तीय प्रावधानों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि ही विकसित भारत का आधार

❒ तकनीक और संवाद से बढेगा उत्पादन] खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जनपद सीतापुर के विभिन्न विकास खंडों में किसानों को जागरूक करने हेतु व्यापक कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों तथा कृषि आधारित आजीविका के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था।

अभियान के तहत मिश्रिख विकास खंड के सरसई एवं परसोली गांवों में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. आनंद सिंह, पशुपालन वैज्ञानिक ने किया। उन्होंने किसानों को पशुपालन को कृषि के साथ एकीकृत करने, संतुलित पशु आहार, पशुओं में रोग नियंत्रण, टीकाकरण, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन तथा गोबर एवं जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि एवं पशुपालन के समन्वय से किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ मृदा की उर्वरा शक्ति को भी बनाए रखा जा सकता है।

इसी क्रम में कसमंडा विकास खंड के सरौरा कला एवं पीरनगर गांवों में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रसार वैज्ञानिक ने किया। उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, फसल अवशेष प्रबंधन, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करें तथा भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक उपायों को अपनाएं। कार्यक्रम में श्री प्रदीप कुमार शुक्ला, निदेशक, एफपीओ कमलापुर ने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भूमिका, सामूहिक विपणन, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा किसानों की आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को एफपीओ से जुड़कर आधुनिक कृषि एवं बाजार की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# किसान संतुलित और वैज्ञानिक विधि से ही करें कीटनाशकों का प्रयोग: शिवशंकर

❒ किसान दिवस व जागरूकता कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को गो सेफ फूड अभियान 2.0 के तहत अमानक व अपंजीकृत कीटनाशकों से सावधानी और फसल सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर ने किसानों को संतुलित व वैज्ञानिक तरीके से कीटनाशकों के प्रयोग, सुरक्षा उपायों और पीपीई किट के प्रदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के जरिए रसायनमुक्त खाद्यान्न उत्पादन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें किसान संगठनों और कृषि व संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक की उपलब्धता व ऑनलाइन खरीद की जानकारी दी। किसान दिवस के दौरान कृषकों की ओर से कुल 18 समस्याएं प्राप्त हुईं, जिन्हें सुनते हुए अध्यक्ष महोदय ने संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर भूमि संरक्षण अधिकारी महोली, कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और एफपीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अमेठी में बीस जून को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जायेगा

अमेठी। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि शासनादेश के क्रम में बीस जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर हुगली से प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की तेइसवीं किस्त जारी की जायेगी। इस अवसर पर जनपद अमेठी के सभी ग्राम सभाओं, विकास खण्डों, तहसीलों, कृषि मंडियों तथा जिला स्तर पर 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का आयोजन भव्य रूप से किया जायेगा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लिंक के माध्यम से किया जायेगा। जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से किया जायेगा जिसमें जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान किसानों के साथ कृषि एवं तकनीकी विषयों पर संवाद सत्र भी आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दो लाख बयालिस हजार चार सौ छांछठ किसानों का डाटा तेइसवीं किस्त के हस्तांतरण हेतु लाक कर दिया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जनपद स्तर पर नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में इक्कीस जून को बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जनपद स्तर पर नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में आयोजित किया जायेगा जिसमें करीब पांच छह सौ लोग प्रतिभाग कर सामूहिक रूप से योगाभ्यास करेंगे।कार्यक्रम प्रातः छह बजे से आठ तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जनपद की सभी तहसीलों, नगर निकायों, विकास खण्डों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, विद्यालयों, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर, स्टेडियम आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग दिवस को लेकर सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी अपनी तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर लें साथ ही सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि योग के प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाय जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुये निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नवीन पुलिस लाइन के प्रांगण में आयोजित होने वाले योगाभ्यास के कार्यक्रम को लेकर समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कहीं कोई अव्यवस्था न हो। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई दुरुस्त किया जाय शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिये, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराये जाने के निर्देश दिये, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टरों, आवश्यक दवाओं के साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के फोटो वीडियो आयुष कवच ऐप पर अपलोड किए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुपम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी थे शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी

❒ भारतीय सभ्यता और इंसानियत के सच्चे पैरोकार थे अफसर बिसवानी।

❒ 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद, दी गई श्रद्धांजलि।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर । अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी की 26वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर मंगलवार को साहित्य प्रेमियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बज़्म-ए-सुखनो-अदब एण्ड वेलफ़ेयर सोसायटी जहांगीराबाद के चेयरमैन डॉ0 वकील अहमद खान ''अजहर खैराबादी'' के निवास पर आयोजित सभा में उनके अदबी योगदान को याद किया गया।

डॉ0 अजहर खैराबादी ने कहा कि स्वर्गीय खुर्शीद अफसर बिसवानी भारतीय सभ्यता और इंसानियत के सच्चे पैरोकार थे। उनकी शायरी में मोहब्बत, कौमी एकता और समाज के संघर्षों की गहरी झलक मिलती है। 16 मार्च 1940 को बिसवां में जन्मे खुर्शीद अफसर ने 21 वर्ष की उम्र से ही साहित्य लेखन शुरू कर दिया था। बचपन में कानपुर में मौलाना हसरत मोहानी से तालीम ली और बाद में जिगर बिसवानी के शागिर्द बने। पेशे से अधिवक्ता रहे खुर्शीद अफसर ने दर्जनों काव्य संग्रह, गीत-गजल संकलन और साहित्यिक ग्रंथों की रचना की। पत्र-पत्रिकाओं में नियमित लेखन से साहित्य को समृद्ध किया। उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। 17 जून 2001 को उनका इंतकाल हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में जहांगीराबाद सहित आसपास के दर्जनों साहित्य प्रेमी व शायर मौजूद रहे। उनका ये शेर आज भी लोगों को हौसला देता है, बढ़ते हैं भटकते हैं गिरते हैं, संभलते हैं। मंजिल के तमन्नाई हर हाल में चलते हैं।

# पंचायत नेवादा में पंचायत स्तरीय जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसमंडा कमलापुर। विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्रामपंचायत नेवादा मे पंचायत स्तरीय जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को सरौराकलां क्रिकेट क्लब व गढ़ी क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया,गढ़ी क्रिकेट क्लब के कप्तान कैलाश राज ने ट्रास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर मे 2 विकेट खोकर 173,रन बनाए वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी

सरौराकलां क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 10 ओवर मे 4 विकेट खोकर 170,रन बनाए दर्शको को सानदार काटे का मुकाबला देखने को मिला एक एक गेद पर मैच का निर्णय एक दूसरे टीम की पकण से दूर जाता नजर आ रहा था, गढ़ी क्रिकेट क्लब की तरफ से सानदार बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक ने अपनी टीम के लिए 30 गेदो पर 90 रन वनाकर प्रथम पुरस्कार 3100, सौ रूपए नगद व ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया,वही उपविजेता रही सरौराकलां क्रिकेट क्लब के कप्तान साकिब अली को कमेटी द्वारा नगद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गई,पुरस्कार वितरण राम औतार,प्रदीप तिवारी,कमलेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अम्बुज सिंह, सौरभ सिंह, रघुवीर, रामप्रसाद द्वारा किया गया इस मौकेपर अंकुल राज, अनुराग सिंह, सरोज कुमार,रितिक सिंह, देशराज,अनूप कुमार,राहुल शुक्ला,अविरल शुक्ला, अमित कुमार,कमल किशोर,सीतल कश्यप, समलू, विवेक कुमार सिंह, अभिषेक शुक्ला,संजय कुमार, राजेश, शिवा,रोशन,राजकुमार, मनोज कुमार सहित बड़ी सख्या मे क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने छेड़छाड़ से संबंधित अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 10 जून को एक महिला ने थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर का रहने वाले वारिस उर्फ भूरा पुत्र इश्तयाक ने उसके साथ अशोभनीय टिप्पणी की और हाथ पकड़कर अश्लील हरकत की। यही नहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वारिस उर्फ भूरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश में दविशें दीं। आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त वारिस उर्फ भूरा को चांदनी वाली पुलिया के पास निर्माणाधीन पुल से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त वारिस उर्फ भूरा पर थाना सदर बाजार और थाना रामचन्द्र मिशन में करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त वारिस उर्फ भूरा को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार के साथ कांस्टेबल ऋषिपाल अत्री मौजूद रहे।

## चोरी के मोबाइल समेत अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी के मोबाइल समेत वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी मोहम्मद मुईद खां ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर मोहल्ला गदियाना चुंगी हाथीथान निवासी इरफान पुत्र शब्बन के खिलाफ मोबाइल चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त इरफान पुत्र शब्बन के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और तत्काल कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना पर ग्वालटोली चौराहा से अभियुक्त इरफान को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त पूर्व में भी कई अपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त इरफान के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त इरफान को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक भूपेन्द्र कुमार के साथ उपनिरीक्षक? लक्ष्मण चन्द्र और कांस्टेबल उज्जवल चौधरी मौजूद रहे।

# सीतापुर पुलिस की ईमानदारी और सतर्कता

❒ महिला का खोया हुआ सोने के आभूषण व नकदी से भरा पर्स सकुशल किया बरामद, चेहरे पर लौटी मुस्कान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण व आमजन की सहायता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के अंतर्गत, थाना खैराबाद के अंतर्गत चौकी मछरेहटा पुलिस द्वारा ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है।

बीते 15 जून को समय करीब 18:30 बजे सुमन पत्नी नीरज यादव (निवासीः रानी कोठी, थाना कोतवाली नगर, जनपद सीतापुर) का एक पर्स मछरेहटा चौराहा पर कहीं गिर गया था। इस पर्स में कीमती सोने के आभूषण (सोने के झुमके, लॉकेट व माला (मंगलसूत्र) तथा 3,200 रुपये की नगद धनराशि मौजूद थी। पर्स खो जाने से पीड़िता अत्यंत परेशान थीं। चौकी मछरेहटा पुलिस टीम को गश्त, चेकिंग के दौरान उक्त पर्स लावारिस हालत में बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए तत्काल पर्स को सुरक्षित रखा गया और उसमें मौजूद दस्तावेजों व अन्य माध्यमों से अथक प्रयास कर पीड़िता के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया।

पुलिस ने पीड़िता सुमन को चौकी मछरेहटा (थाना खैराबाद) पर सादर आमंत्रित किया गया। सभी सामान व नकदी का मिलान कराने के पश्चात, पुलिस टीम द्वारा उनका शत-प्रतिशत सुरक्षित पर्स (आभूषण व पूरी नकदी सहित) उनके सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ कीमती सामान वापस पाकर पीड़िता के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने व उनके परिजनों ने सीतापुर पुलिस की इस ईमानदारी, तत्परता और कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारी पर लगे एक लाख रुपये हर्ज़ाने पर रोक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने एकलपीठ द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारी पर एक लाख रुपये हर्ज़ाना लगाते हुए याचिका खारिज करने के खिलाफ विशेष अपील को सुनवाई हेतु स्वीकार कर लिया है और राज्य सरकार व विपक्षी से जवाब मांगा है। अपील की सुनवाई 14 जुलाई को होगी। कोर्ट ने एकलपीठ द्वारा लगाये गये हर्ज़ाने पर भी रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति विवेक सरन की खंडपीठ ने शिवराज सिंह की विशेष अपील की सुनवाई करते हुए दिया है। याची उप्र पावर कार्पोरेशन लिमिटेड में आउटसोर्सिंग कर्मचारी था। एकलपीठ ने याचिका में आउटसोर्सिंग छिपाने पर याची को सद्भावी याची नहीं माना क्योंकि अपनी नियुक्ति की प्रकृति की कोर्ट को सही जानकारी नहीं दी। इस पर कोर्ट ने याची पर एक लाख रुपये हर्ज़ाना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी थी। जिसे अपील में चुनौती दी गई है।

## बेसिक शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपये के घोटाले में सीबीआई ने अमेठी पहुंचकर खंगाले दस्तावेज

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद अमेठी में बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखा विभाग में हुये करीब सात करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित घोटाले की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई ने तेज कर दी है।इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई की आठ विशेष टीमें अमेठी पहुंचीं और जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर संदिग्धों से पूंछतांछ की गई जिससे बेसिक शिक्षा विभाग में बुधवार को खलबली मची रही। बताते चलें कि बेसिक शिक्षा विभाग में अवशेष देयक, सामान्य भविष्य निधि और बीमा भुगतान से जुड़ी धनराशि के लेनदेन में बड़े पैमाने पर अनियमितता उजागर हुई थी। उक्त प्रकरण में शिक्षक लेखा लिपिक और आउट सोर्सिंग कर्मियों समेत कई लोगों के खिलाफ लेखाधिकारी किशन गुप्ता की तहरीर पर करीब डेढ़ साल पहले गौरीगंज कोतवाली में अभियोग दर्ज किया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ के न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकलपीठ ने शिक्षक श्रवण कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुये प्राथमिकी की आगे की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इस हाई प्रोफाइल घोटाले की जांच सीबीआई की डीआईजी शिवानी तिवारी के नेतृत्व में की जा रही है। इस हाई प्रोफाइल घोटाले की जांच का दायरा केवल अमेठी तक ही सीमित नही है बल्कि लखनऊ, प्रतापगढ़, कुशीनगर और अयोध्या समेत कई जिलों तक इस मामले के तार फैले होने की संभावना पाई जाती है। बताया जा रहा है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा की गई जांच में यह बात निकलकर सामने आई थी कि बेसिक शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों ने वेतन,भत्तों और अन्य मदों में कथित फर्जीवाड़ा कर बड़ी धनराशि कई शिक्षकों के खातों में स्थानांतरित कर दी है।विभागीय अभिलेखों की मानें तो शिक्षक श्रवण कुमार द्विवेदी के खाते में सतहत्तर लाख छह हजार रुपये और शिक्षक शैलेश चंद्र शुक्ला के खाते में सैंतालिस लाख बयालिस हजार रुपये पहुंचे थे शेष रकम अन्य कर्मियों से जुड़े खातों में ट्रांसफर किये जाने की बात सामने आई है।

# हाईवे पर रेस लगा रहे ट्रैक्टरों ने ई-रिक्शा को रौंदा, छह महिलाओं की मौत, तीन घायल

## ❒ डीआईजी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। कछला और उझानी के बीच हाईवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में छह महिलाओं की मौत हो गई। रेस लगा रहे दो ट्रैक्टरों ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत तीन लोग घायल हुए हैं। बता दे की उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। दो ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही से छह महिलाओं की मौत हो गई। तीन लोग घायल हुए हैं।

घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद एक चालक अपना ट्रैक्टर और ट्रॉली दौड़ा ले गया, जबकि दूसरा चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने उसके ट्रैक्टर और ट्रॉली को कब्जे में लिया है। दोनों चालकों की तलाश शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही डीएम और एसएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक कछला और उझानी के बीच फूलपुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर हाईवे पर दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टरों ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार महिलाएं व अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां छह महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में रिक्शा चालक सनी (32 वर्ष), डाल सिंह (58 वर्ष) समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतक- 1.राजकुमारी (55 वर्ष) पत्नी डालसिंह निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला 2. गंगा श्री (32 वर्ष) पत्नी वीरपाल निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला 3. रेवती (80 वर्ष) पत्नी रामचंद्र निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला 4. प्रेम देवी (45 वर्ष) पत्नी रामचंद्र सिंह निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला 5. नारायणी देवी (32 वर्ष) पत्नी जितेंद्र निवासी गुलाबगड़ी 6. आरती, कछला के मोहल्ला मुरावन नगला निवासी डाल सिंह के बेटे कुंवर पाल की शादी 29 जून को होनी है। परिवार की महिलाएं शादी की रस्म 'भात' मांगने के लिए पड़ोसी गठोना गांव जा रहे थे। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव के लोग और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। चीख-पुकार मच गई। एक चालक मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर भागा, दूसरा वाहन लेकर दोनों चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली से उझानी मंडी में मक्का उतारकर उझानी लौट रहे थे। इसमें एक आरोपी चालक मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गया, जबकि दूसरा आरोपी चालक पकड़े जाने के डर से मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर भागा है। कुछ बाइक सवारों ने दोनों का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि दोनों ट्रैक्टर निर्माणाधीन हाइवे पर एक ही लेन पर रेस लगा रहे थे। दोनों में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ मची थी, तभी फूलपुर के पास हाईवे पर सामने से ई-रिक्शा आ गया और ट्रैक्टरों ने एक दूसरे को ओवरटेक किया तो पहले एक ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी तो दूसरे ट्रैक्टर ने रौंद दिया। इससे बड़ा हादसा हुआ है।

डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। सीओ उझानी सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। फरार ट्रैक्टर चालकों की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं, डीएम और एसएसपी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और मीडिया को घटना की जानकारी दी। वहीं घटना के कुछ घंटे बाद डीआईजी एसपी के के साथ घटना साल का निरीक्षण किया, आवश्यक कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए।

### बदायूँ की घटना को लेकर सीएम योगी ने किया दुख प्रकट

लखनऊ। जनपद बदायूं में दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## ब्रासिटी अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट : रुक्मणी एकेडमी ब्लू की टीम 30 रन से जीती

मुरादाबाद। ब्रासिटी अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ब्लू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी रेड को 30 रन से हराकर जीत दर्ज की। 77 रन की पारी खेलकर 3 विकेट लेने वाले रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू के वरुण धवन मैन ऑफ द मैच चुने गए। क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को स्टेडियम में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ब्लू व रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी रेड के बीच मैच सम्पन्न हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ब्लू ने 43.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए। टीम की ओर से वरुण धवन ने 47 गेंद में 77 रन की शानदार पाली खेली। 225 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी रेड की टीम 195 रन पर ऑल आउट हो गई । मोहम्मद फैज ने 27 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि नजरायन ने 14 रन बनाए। मध्यक्रम में विवेक गौड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 41 रन बनाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। वरुण धवन और मोहम्मद आदिल ने तीन-तीन विकेट लिए।

# भारतीय सेना ने स्वदेशी रखरखाव क्षमता में रचा नया कीर्तिमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में भारतीय सेना ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में चेओक्की स्थित 508 आर्मी बेस वर्कशॉप ने प्रथम ओवरहॉल किए गए 88 यूरो सैन्य वाहन को सफलतापूर्वक रोल आउट कर स्वदेशी रक्षा रखरखाव क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह जानकारी बुधवार को रक्षा मंत्रालय प्रयागराज के मीडिया प्रभारी ने दी।

उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि भारतीय सेना की तकनीकी दक्षता, आत्मनिर्भरता और नवाचार आधारित कार्य संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान करती है। जटिल एवं महत्वपूर्ण सैन्य प्लेटफॉर्म के सफल ओवरहॉल ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय सेना अब अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों के रखरखाव एवं पुनर्संचालन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। सेना के कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) द्वारा प्राप्त यह सफलता उनकी बढ़ती तकनीकी विशेषज्ञता, व्यावसायिक कौशल और समर्पण का परिचायक है। स्वदेशी संसाधनों एवं तकनीकी समाधानों के माध्यम से वाहन का सफल ओवरहॉल सेना की परिचालन क्षमता और युद्धक तैयारी को और अधिक सशक्त बनाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार यह उपलब्धि न केवल सैन्य संसाधनों के दीर्घकालिक रखरखाव को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि देश में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी नई गति देगी। यह सफलता प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अनुरूप तकनीकी रूप से सक्षम एवं स्वावलंबी रक्षा बल के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# मेडिकल स्टोर से तीन लाख की चोरी की घटना का नहीं हुआ खुलासा

## ❒ सीसी कैमरे के अनुसार शाम 4 बजकर 15 मिनट पर चोर दुकान में घुसते हुए कैद हुआ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम चोर ने तीन लाख रुपये की नकदी मेडिकल स्टोर से चोरी कर ली। सराय फकीर क्षेत्र के प्रशांत मेडिकल स्टोर के गल्ले से नोटों की गड्डी चोरी होने से खलबली मच गई। संचालक की सूचना पर पुलिस ने आस-पास पूछताछ की लेकिन चोर का सुराग नहीं लगा।

थाना क्षेत्र के लालपुल सराय फकीर मोहल्ले के निवासी कौशल सिंह का मोहल्ले में ही प्रशांत मेडिकल स्टोर है। मेडिकल स्टोर के दो शटर में एक मेन रोड लालपुल, दूसरा शटर गली में खुलता है। मंगलवार दोपहर कौशल सिंह घर पर खाना खाने गए हुए थे। दुकान पर उनका बेटा साहिल सिंह था। साहिल सिंह ने बताया कि वह शाम 4 बजे के आसपास दुकान पर धूप होने के कारण दुकान के सामने खड़ा था। इसी के बीच चोर मेडिकल के गली वाले शटर से नीचे दुबक-दुबक स्टोर के अंदर आकर छुप गया। थोड़ी देर छुपने के बाद वह वहीं बैठकर गल्ले की ओर आया और गल्ले में रखे करीब तीन लाख रुपये चोरी कर भाग गया। जब वह मेडिकल स्टोर में मरीज को दवाई देने आया तो गल्ला देखने पर उसमें से तीन लाख रुपये गायब थे। गल्ले में रुपये न देख उसने घर पर और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसी कैमरे देखकर चोर की खोजबीन शुरु कर दी।

सीसी कैमरे के अनुसार शाम 4 बजकर 15 मिनट पर चोर दुकान में घुसते हुए कैद हुआ। वहीं चोर मंगलवार को सराय फकीर में मेडिकल स्टोर पर लाखों की चोरी करने से पहले पास की एक अन्य दुकान पर काफी देर बैठा रहा। चोर दुकान पर बैठकर साहिल के दुकान से बाहर निकलने का इंतजार कर रहा था। जैसे ही साहिल दुकान से बाहर निकल सामने खड़ा हुआ। तभी वह दूसरे शटर से अंदर आकर छुप गया।वहीं दुकानदार कौशल ने बताया कि वह होल सेल दवाई वालों के पेमेंट करने के लिए सोमवार को ही बैंक से रुपये निकाल कर लाए थे।

पेमेंट करने के लिए मंगलवार को ही दुकान पर कैश लेकर आए थे। शाम को होल सेल दवाई वालों को पेमेंट करना था। इससे पहले ही पेमेंट चोरी हो गया। वहीं चोरी की घटना कुछ दिन पूर्व रजिस्ट्री ऑफिस में भी हो चुकी है, आरोपी और माल बरामद नहीं कर सकी, और दूसरी घटना होने के बाद क्षेत्र में डर का माहौल है।

## पीएम हाउस पर मृतकों के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री अरुण कुमार, बंधाया ढाढ़स



**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ अरुण कुमार ने उझानी क्षेत्र में हुए भीषण हादसे पर दुख जताया है। बदायूं पहुंचने के बाद कार्यक्रम में हिस्सा लेकर वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतकों के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। इसके बाद मंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा है कि अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

## एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर उपनिरीक्षक को किया सम्मानित



**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** थाना अलापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम विशनपुरी निवासी मिथलेश पत्नी मुनेन्द्र अपने मायके ग्राम महरौली थाना मूसाझाग, से अपनी माता व बच्चों के साथ ऑटो (टैम्पू) से अपनी ससुराल जा रही थीं। रास्ते में आंधी-बारिश के दौरान म्याऊं उतरते समय उनका बैग छूट गया, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, नगदी तथा मोबाइल फोन रखा हुआ था। इस संबंध में महिला द्वारा पुलिस चौकी म्याऊं पर सूचना दी गई, जिस पर चौकी प्रभारी म्याऊं द्वारा तत्काल तत्परता एवं सक्रियता दिखाते हुए संबंधित ऑटो चालक से संपर्क कर बैग को सकुशल बरामद करते हुए उसमें रखा समस्त सामान सहित महिला को सुपुर्द किया गया।अपना खोया हुआ कीमती सामान वापस पाकर महिला एवं उनके परिजनों द्वारा पुलिस की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं त्वरित कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उक्त सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य के दृष्टिगत एसएसपी अंकिता शर्मा नें संबंधित उपनिरीक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन व पर्यावरण डॉ0 अरुण कुमार सक्सेना ने बुधवार को डायट परिसर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों व संचालित योजनाओं पर आधारित चार दिवसीय प्रदर्शनी का मा0 सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, एमएलसी वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जे0के0 सक्सेना, जिलाधिकारी अवनीश राय के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया।

यह प्रदर्शनी आगामी 20 जून तक आमजन के अवलोकन के लिए संचालित रहेगी। जनपद के प्रभारी मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के उपरांत प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबके विश्वास पर कार्य कर रही है तथा पात्रों को योजना का लाभ बिना भेदभाव के उपलब्ध करा रहीं है। इस अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि जब मा0 प्रधानमंत्री ने देश की बागडोर संभाली तब उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा था कि उनकी सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं व गरीबों को समर्पित रहेगी और इस पर उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सही साबित किया और विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी, लाभार्थीपरक व जनहित की विभिन्न योजनाओं को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं में स्टार्टअप, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि योजनाएं तथा राज्य सरकार की भी विभिन्न जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिसे उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, किसानों, अधिकारियों, आमजन व गणमान्य लोगों ने अवलोकन कर सराहा। प्रदर्शनी का आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरांत जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर उस पल को यादगार भी बनाया। इससे पूर्व डायट परिसर आगमन पर प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस अवसर पर मा0 सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, एमएलसी वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जे0के0 सक्सेना, जिलाधिकारी अवनीश राय सहित ब्लॉक प्रमुख, अन्य अधिकारीगण, गणमान्य लोग, किसान व आमजन मौजूद रहे।

# ऑटो रिक्शा में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर ऑटो में लिफ्ट देकर युवक को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले बदमाश के साथ पुलिस की आज मुठभेड़ हुई। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लगी है। उसके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल फोन, नकदी, अवैध तमंचा और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद किया हुआ है।

सहायक पुलिस आयुक्त अजय कुमार ने बुधवार को बताया कि पेरिफ़ेरल एक्सप्रेस-वे से मेरठ की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना में शामिल एक बदमाश अपने साथियों के साथ नवीपुर बंबा पेरिफ़ेरल अंडरपास के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान नवीपुर की ओर से एक ऑटो रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ऑटो मोड़कर भागने लगा। कुछ दूरी पर ऑटो फंस गया। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपित के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसीपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार बदमाश की पहचान दिल्ली के करावल नगर स्थित शिव विहार कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय करन पुत्र सूरजपाल के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा और 700 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में करन ने बताया कि उसने अपने साथी पुनित शर्मा, जतिन मित्तल और अनुराग गुप्ता के साथ मिलकर कुछ दिन पहले मेरठ मोड़ से एक युवक को ऑटो में बैठाया था। इसके बाद उससे दो मोबाइल फोन और 5600 रुपये लूट लिए थे।

## ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं से बदली देश की तस्वीर : दर्शना सिंह



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को आईटीआई स्थित एक गेस्ट हाउस में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान सेवक के रूप में पिछले 12 वर्षों में ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिन्होंने भारत की दिशा और दशा दोनों बदल दी हैं। उन्होंने कहा कि कई योजनाएं तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे कदमों ने देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। आज भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में शामिल होकर विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि एवं काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष तथा जिला प्रभारी अमरनाथ यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को शासन का मूल मंत्र बनाकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय ने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर सरकार ने संवेदनशील एवं जवाबदेह नेतृत्व का परिचय दिया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व निभा रहा है और वर्ष 2047 तक भारत को विश्व की सर्वश्रेष्ठ शक्ति बनाने के लिए संकल्पित है। करछना विधायक पियूष रंजन निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास अब केवल योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक अभियान बन चुका है, जिससे गांव, गरीब, किसान और युवा सभी लाभान्वित हो रहे हैं। कोरांव विधायक राजमणि कोल ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं और विकसित भारत का सपना अब जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सम्मेलन में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन कर उपस्थित लोगों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, डॉ. भगवत पांडेय, प्रदीप पांडेय, रामसुख कुशवाहा, राजेश्वरी तिवारी, राजमणि पासवान, सतीश विश्वकर्मा, मिथिलेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# सेवा, संस्कार, सुशासन व सम्मान के 12 वर्ष जनता को समर्पित: प्रभारी मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। सुशासन को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर बुधवार को समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत डायट परिसर में विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि सेवा, संस्कार, सुशासन व सम्मान के 12 वर्ष जनता को समर्पित रहे। किसान इस देश का अन्नदाता है और किसानों का सशक्त व संपन्न होना देश की खुशहाली का घोतक है। प्रभारी मंत्री ने सभी को नशा मुक्ति अभियान के संबंध में शपथ दिलाई तथा विभिन्न विभागों की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, आवास की चाबी, लैपटॉप, सिलाई मशीन, स्मार्टफोन व अनुदानित बीज भी दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मोदी जी के आने स विदेशों में भारत का सम्मान बड़ा है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक देशों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को दिया है, यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छ भारत मिशन प्रारंभ कर जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जहां सफाई होती है वही मां लक्ष्मी का वास होता है और जहां सफाई होती है वहां बीमारियां नहीं पनपती हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने निशुल्क व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय, विभिन्न पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना आदि योजनाएं संचालित कर पात्रों को लाभ पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भी संचालित कर आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ कर किसानों को विभिन्न आपदाओं में फसल में हुए नुकसान की भरपाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री ने एक अभूतपूर्व व अनुकरणीय कार्य किया है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिला है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती आज देश की जरूरत है। इस बात को किसान भी समझ रहे हैं और प्राकृतिक व जैविक खेती को अपना रहे हैं इससे न केवल फसल लागत कम होती है बल्कि फसल की उत्पादकता व गुणवत्ता में भी अभूतपूर्व वृद्धि होती है। बिचौलिया प्रथा खत्म कर सरकार ने लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे पहुंचाया लाभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने देश व प्रदेश के गरीबों किसानों के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना में करीब 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए उनमें से करीब 32 करोड़ से ज्यादा खाते महिलाओं के हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की आय कैसे बड़े व किसानों को साहूकार के चंगुल से कैसे छुटकारा मिले इस हेतु किसानों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना संचालित की, जिसमें 06 हजार रुपए प्रति वर्ष किसानों को बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाता है। यह किसानों के प्रति केंद्र व प्रदेश सरकार के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह दिल्ली से जब 01 रुपया भेजते हैं तो लाभार्थी तक पहुंचते-पहुंचते हुए 15 पैसे ही रह जाता है लेकिन मोदी जी व योगी जी की सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से धनराशि को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित करने की अनुकरणीय पहल प्रारंभ की, अब बिना किसी बिचौलिए के सीधे लाभार्थी के खाते में अनुमन्य धनराशि हस्तांतरित हो जाती है। उन्होंने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपना सामाजिक व आर्थिक उत्थान कर रहे हैं, कृषि विवधीकरण व तकनीकी को अपनाकर अपनी आय को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। ग्रामों से होकर जाता है देश की खुशहाली का रास्ता सदर विधायक महेश सिंह गुप्ता ने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता ग्रामों से होकर जाता है अगर हमारे ग्राम व किसान सुखी व संपन्न है तो यह देश की संपन्नता का घोतक है। उन्होंने कहा कि जब से मा0 प्रधानमंत्री ने देश की बागडोर संभाली है विदेश में भारत का सम्मान बड़ा है अब भारत को लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब से योगी जी ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली है तब से उत्तर प्रदेश की विकास की गति व छवि में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है आज उत्तर प्रदेश विभिन्न योजनाओं में देश में अव्वल है तथा अब उत्तर प्रदेश एक भयमुक्त प्रदेश बन चुका है।अंतिम छोर व पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक सरकार ने पहुंचाया योजनाओं का लाभदातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि अंतिम छोर व पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबके विश्वास पर कार्य कर रही है तथा पात्रों को विभिन्न केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के उपलब्ध कराया जा रहा है।

## स्मार्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ, छात्र छात्राओं को मिलेगी तकनीक से युक्त अध्ययन सामग्री

**महोबा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में शिक्षा एवं ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बुधवार को स्मार्ट लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके साथ ही जिले भर में पांच अन्य पुस्तकालयों के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। शिक्षा एवं ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले भर में पांच पुस्तकालयों का नवीनीकरण कराया गया है। जिसमें छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। सदर विधायक राकेश गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से मुख्यालय में राठ रोड स्थित राजकीय पुस्तकालय में पांच पुस्तकालयों के नवीनीकरण हो जाने पर फीता काटकर शुभारंभ किया है। जिले में राजकीय जिला पुस्तकालय, राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विकासखंड कबरई के ग्राम श्रीनगर, वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवीनीकरण के कार्य संपन्न हो जाने पर स्मार्ट लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाइब्रेरी में मिल रहीं सुविधाओं का अवलोकन किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट लाइब्रेरी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के लिए ज्ञान का एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगी। यहां आधुनिक तकनीक से युक्त अध्ययन सामग्री, इंटरनेट सुविधा तथा शांत वातावरण उपलब्ध कराया गया है,जिससे छात्र छात्राओं को बेहतर अध्ययन का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी नें पाठकों की मांग करने पर पुस्तकालय के समय को बढ़ाने तथा रविवार व अन्य जयंती आदि पर होने वाले अवकाश के दिनों में भी पुस्तकालय खुलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को उनकी रुचि अनुसार पुस्तकों की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए हैं। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि सुविधाओं से वंचित छात्र छात्राओं के लिए स्मार्ट लाइब्रेरी किसी वरदान से कम नहीं है।इससे छात्र छात्राओं का भविष्य बेहतर होगा।

# बीजेपी विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा । पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह व उनके विधायक बेटे प्रतीक भूषण सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है।फोन कर धमकी देने वाले युव क की पहचान राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले संदीप शर्मा के रूप में हुई है,विधायक के प्र तिनिधि अजय सिंह की तहरीर पर पुलिस ने माम ला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष,पूर्व सांसद,भाजपा नेता बृज भूषण शरण सिंह व उनके बेटे जो भाजपा से गोंडा सदर विधानसभा से विधायक हैं।दोनों को जान से मारने की धमकी मिली है।दरअसल, दो दिन पहले राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले संदीप ने विधायक प्रतीक भूषण सिंह को उनके फोन पर काल कर जान से मारने की धमकी दी।फोन पर धमकी देने वाले युवक ने विधायक से कहा कि तुम्हें और तुम्हारे पिता दोनों को जान से मारकर खत्म करने का इंतजाम हो चुका है।खुद को बचा पाओ तो बचा लो। बस इतना कहने के बाद दूसरी तरफ से फोन काट दिया गया।

**विधायक ने एसपी को दी सूचना**

भाजपा विधायक प्रतीक भूषण ने तत्काल इसकी सूचना गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को दूरभाष पर दी।एसपी के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की और जि स नंबर से धमकी आया था उसे ट्रेस किया तो पता चला कि मोबाइल नंबर संदीप शर्मा पुत्र दयाराम शर्मा के नाम पर रजिस्टर है।वह मकान नंबर 239 मांडावार वार्ड नंबर 6 माजरी भंडा जिला अलवर राजस्थान का रहने वाला है।क्योंकि धमकी पूर्व सांसद व हाई प्रोफाइल चेहरे बृज भूषण शरण सिंह और उनके विधायक बेटे प्रतीक भूषण को मिली है।पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए अन्तर्राष्ट्रीय गिरोहों, अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की भी काल डिटेल खंगाल रही है।इसके साथ ही गों डा पुलिस की एक टीम राजस्थान के अलवर जिले के लिए भी निकल चुकी है,जहां से धमकी देने वा ले युवक संदीप शर्मा की गिरफ्तारी की जा सके।

**सीओ सिटी ने दी जानकारी**

वही इस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए सीओ सिटी आनंद कुमार राय ने बताया कि गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह के प्रतिनिधि अजय सिंह ने तहरीर देते हुए बताया गया कि एक अंजा न नंबर से चंद सेकेंड की काल आई,जिससे उनको व उनके पिता जी को जान से मारने की धमकी दी गई है।जिस पर नगर कोतवाली में तत्काल मुकद मा दर्ज किया है।

**फोन पर धमकी देने वाले युवक की पहचान**

सर्विलांस की टीम और नगर कोतवाली पुलिस ने नंबर की पहचान कर ली है।उन्होंने यह भी बताया कि गोंडा पुलिस के अलवर पंहुचने पर पता चला कि धमकी देने वाला युवक संदीप शर्मा मानसिक रूप से विक्षप्त है।उसका इलाज जयपुर जिले के मेडिकल कॉलेज से चल रहा है।साथ ही यह भी पता चला कि इस युवक ने पहले भी ऐसी घटनाएं की है,उसने गूगल व इंटरनेट से जनप्रतिनिधियों के नंबर निकालकर उनको पहले भी कई बार धमकि यां दी हैं और इसकी पुष्टि भी अलवर पुलिस ने की है।

# किसानों को आधुनिक खेती, मोटे अनाज योजनाओं की दी गई जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा । बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के नेतृत्व में तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह रहे। सीईओ कुलदीप मिश्रा और कंपनी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी में जीवांश की मात्रा लगातार कम हो रही है। किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने और प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी गई। उन्होंने मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी और कोदो की खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि यह फसलें कम पानी में बेहतर उत्पादन देती हैं और स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हैं। उन्होंने बताया कि पात्र किसानों को प्रति हेक्टेयर सात बोरी यूरिया और पांच बोरी डीएपी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जल्द किसानों के खातों में भेजी जाएगी। कार्यशाला में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस दौरान मनीष तिवारी, खनक मिश्रा,राम शरण मिश्रा,विनय पाठक, आशीष मिश्रा, सनोज सिंह, शिव शंकर तिवारी सहित कई किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बीस दिन बीत जाने के बाद भी कोडिंन सिरप के नेटवर्क को खंगालने में नाकाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा । जिले में 28 मई को 19 हजार सात सौ 90 शीशी कोडीन सिरप जब्त की गई थी।यह कार्रवाई महादेवा रेलवे क्रॉसिंग के पास ड्रग इंस्पेक्टर सुमि त वर्मा और नगर कोतवाली पुलिस ने देर रात की थी।इस माम ले में बीस दिन बीत जाने के बाद भी ड्रग्स विभाग की जांच पूरी नहीं हो पाई है।यह सिर प नोएडा से गोंडा के आर्यनगर स्थित गायत्री फा र्मा कंपनी के द्वारा मंगाई गई थी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की सूचना पर यह पूरी कार्रवाई की गई थी।जब्त की गई सिरप की मात्रा काफी अ धिक थी,ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा के द्वारा इस पूरे प्रकरण की जांच धीमी गति से की जा रही है।सूत्रों

के द्वारा बताया जा रहा है कि विभाग ने अभी तक गायत्री फार्मा से कोडीन सिरप खरीदने वाले लोगों को कोई नोटिस जारी नहीं किया है।ड्रग इंस्पेक्टर वर्मा ने पांच जून को खरीदारों को नोटिस देने की बात कही थी,लेकिन 18 जून तक किसी को भी नोटिस नहीं भेजा गया है।गायत्री फार्मा ने अपनी नोटिस के जवाब में उन लोगों का जिक्र किया है जिन्हें सिरप बेची गई थी।यह कोडीन सिरप गोंडा से देवी पाटन मंडल के चारों जिलों में सप्लाई की जाती थी। ड्रग्स विभाग इस नेटवर्क को खंगालने में नाकाम रहा है।ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा ने ब ताया कि मामले की जांच जारी है और गायत्री फा र्मा से सिरप खरीदने वालों को नोटिस देने की प्र क्रिया चल रही है।उन्होंने कहा कि जल्द ही जांच पूरी कर शासन और जिला स्तरीय अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।वही अब ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या ड्रग इं स्पेक्टर कोडिंन सिरप खरीदने वाले को बचा रहे हैं या फिर कोडिंन सिरप की सप्लाई करने वालों को

पता लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।अब लोगों के बीच चर्चा है कि ड्रग इंस्पेक्टर की कहीं मिली भगत तो नहीं है इसलिए जांच को केछुआ की चा ल की तरह कर रहे हैं और कोडिंग सप्लाई करने वाले के लोगों को बचा रहे हैं।

# जान जोखिम में डाल कर क्षमता से अधिक बैठा रहे सवारियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले में यातायात माह चल रहा है। लेकिन क्षेत्र में रेलवे स्टेशन से बड़गांव पुलिस चौकी क्षेत्र के सामने से धानेपुर मार्ग, स्टेशन से इटियाथोक मार्ग, बहराइच रोड मार्ग पर यातायात नियमों की प्राइवेट टैक्सी व बस डग्गेमार वाहन सरेआम धज्जियां उठा रहे हैं। रेलवे स्टेशन के बड़गांव पुलिस चौकी क्षेत्र में से जयनारायण चौराहा गोंडा बलरामपुर मार्ग पर प्राइवेट मोटर यूनियन का बोल बाला है और जीप में ऊपर, नीचे, खिड़कियों पर भूसे की तरह भरकर यात्री सफर करने को मजबूर हैं। व अक्सर देखने में आया है कि क्षेत्र में बड़ी सड़क दुर्घटनाओं के बाद प्रशासन जागता है और आनन-फानन में नए नियम बना देता है। समय रहते ही यदि इस दिशा में ध्यान दिया जाए, तो दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। नगर सहित क्षेत्र में तीन व चार पहिया वाहन संचालक सवारियां लाने व ले जाने के लिए किस तरह नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, यह किसी से छिपा नहीं है।इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।आरटीओ द्वारा टैक्सियों व मैजिक वाहनों को सवारियां बैठाने की अनुमति प्रदान हो, किंतु इन वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बिठाकर उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।क्षेत्र में आवागमन करने वाले कई टैक्सी वाहन बिना परमिट संचा लित किए जा रहे हैं।ऐसे में सरकार को हर महीनों हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। यदि कभी कोई हादसा हो गया, तो इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं हो पाएगी। नगर में ही करीब दो दर्जन से अधिक वाहन बिना परमिट के चल रहे हैं। आटो व मैजिक वाहन चालकों में 20 से अधिक लोग लटक कर सवार होकर गुजर रहे हैं, सामान लाद कर जो हादसों को खुला निमंत्रण देते नजर आ रहे हैं।

**बड़गांव पुलिस चौकी के सामने से गुजरते वाहन**

बड़गांव पुलिस चौकी क्षेत्र के सामने से लटक कर टेक्सी वाहन गुजरते हैं लेकिन जिम्मेदार देख कर भी अनजान बन जाते हैं जानकारी के अनुसार टैक्सी व मैजिक वाहन वाले यात्रियों के गांवों से नगर तक के 50 से 100 रुपये किराया लेते हैं, लेकिन जब बैठी हुई सवारी सुविधा के लिए वाहन में भीड़ कम करने को कहती हैं, तो वे दोगुना किराए की मांग करते हैं। इसलिए भी यात्री ओवरलोडिंग का ज्यादा विरोध नहीं करती। गांवों के लिए अन्य दूसरे वाहनों का संचालन नहीं होता है। इस कारण मजबूरी में भीड़ में जाना ग्रामीणों की मजबूरी हो जाता है। इस मजबूरी में उन्हें जान का जोखिम उठाकर सफर करना पड़ता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक चलन**

नगर में संचालित गांवों के लिए चलने वाले सवारी वाहनों में कुछ ऐसा ही मंजर देखने को मिलता है, जहां पर वैन, मैजिक, टेंपो, टैक्सी सहित अन्य छोटे वाहन ग्रामीणों व मजदूरों को

**जिम्मेदार ओवर लोड टैक्सी पर लगाम क्यों नहीं लगा रहे ?**

**रेलवे स्टेशन के सामने अवैध टैक्सी स्टैंड पर क्यों नहीं लग रहा लगाम**

ठूंस-ठूंसकर बैठाते हैं। ये वाहन खुलेआम नगर से गांवों में जा रहे हैं। इनमें अधिकांश निजी वाहन हैं। ये वाहन इतने अधिक ओवरलोडिंग होते हैं कि छोटी-सी भी चूके होने पर दुर्घटना होने की संभावना रहती है। ये वाहन अधिकारियों के सामने से ही गुजर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

इधर, नाबालिग मजदूरों को ठसाठस बैठाकर रोज निकल रहे पिकअप वाहन

रेलवे स्टेशन पर टेक्सी रोड़ पर टेक्सी वाले परदेसी को कमाण्डार जीप वाहन में ठूंस-ठूंसकर बैठाया जा रहा है।इनमें नाबालिग बच्चे और औरतें भी शामिल होती हैं।प्रतिदिन मजदूरों से भरे ओवर लोडिंग वाहन बिना किसी रोक-टोक के नजर आते हैं। जीप में भरे हुए युवक-युवतियों की संख्या लगभग 20 से 25 तक रहती है।अधिकांश नाबालिग कमांडर वाहन के पीछे लटककर जाते हैं।यदि किसी दिन कमांडर जीप के पलटने से दुर्घटना हो गई,तो सवारिओ को अपनी जान गंवानी पड़ सकती है।

# उत्थान आडिटोरियम में सम्पन्न हुआ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 12 साल विश्वास के, विकास के, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनंद कुमार गोंड रहे। सम्मेलन में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह सहित अन्य अधिकारी, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों के अवलोकन से हुआ। मुख्य अतिथि एवं सांसद ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया, जिसमें सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास कार्यों तथा जनहितकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया था। जबकि प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, चिकित्सा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बैंक विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग की भी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। इसके उपरांत ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। विशिष्ट अतिथि सांसद गौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सनी कुमार रस्तोगी व रोहित चौहान एण्ड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया।

# ट्रक को ओवरटेक करते समय महाविद्यालय के प्रबंधक की सड़क हादसे में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । मनकापुर थाना क्षेत्र में ट्रक को ओवरटेक क रने में एक कार सकड़ किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में सरदार मोहर सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक स्वर्ण पाल सिंह उर्फ कोके सरदार की मौत हो गई।बुधवार को पुलिस ने शव को पोस्टमा र्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।घटना मंगल वार रात करीब दस बजे मनकापुर-कहोबा मार्ग प र जोगापुर की है।पुलिस मामले में जांच कर रही है

16 जून रात करीब दस बजे मनकापुर बाजार के रहने वाले कार सवार स्वर्ण पाल सिंह अपने दोस्त घुनाही निवासी विनोद कुमार तिवारी के साथ गों डा से लौट रहे थे।मनकापुर-कहोबा मार्ग पर जोगा पुर गांव के पास एक ट्रक ओवरटेक करते समय उ नकी कार अनियंत्रित हो गई,जो सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।हादसे में कार बुरी तरह से क्षति ग्र स्त हो गई।स्वर्ण पाल सिंह वाहन में ही फंस गए। गांव वालों ने उन्हें बाहर निकालकर तत्काल एम्बु लेंस से मनकापुर अस्पताल भिजवाया,जहां पर डॉ क्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना में कार सवार विनोद तिवारी को कई चोट नहीं आई।हालां कि, वह सदमे में हैं।उनके भाई प्रमोद कुमार तिवा री ने बताया कि विनोद को घर लाया गया है।उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा है।

**तीन भाइयों में सबसे छोटे थे स्वर्ण पाल सिंह**

स्वर्ण पाल सिंह सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते थे,वे अपने तीन भाइयों में सबसे छोटे थे,जिनके नाम अजीत सिंह और अमरजीत सिंह हैं।उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और 92 वर्षीय माता गुरुवचन कौर हैं।उन की बड़ी बेटी शिल्की विवाहित हैं,जबकि छोटी बे टी रिम्पी लुधियाना में कार्यरत हैं।उनके पिता गुरुव चन सिंह का निधन करीब दो दशक पहले हो चुका था,मनकापुर थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बता या कि शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनाम भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।कार को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया है।

# सांसद सहित दस सदस्यीय सपा डेलिगेशन ने की पुलिस आयुक्त से मुलाकात

नोएडा। समाजवादी पार्टी का एक 10 सदस्यी डेलिगेशन बुधवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से उनके सेक्टर 108 स्थित आफिस में मिला। पहले इस डेलिगेशन को सेक्टर 150 स्थित गढी समस्तीपुर गांव निवासी मोनिंदर के घर जाना था, लेकिन डेलिगेशन ने अपना तय कार्यक्रम बदलते हुए पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। पुलिस आयुक्त से डेलिगेशन ने कहा कि मोनिंदर की मां ने आरोप लगाया है कि उसके दोनों बेटे को पुलिस ने फंसाया है। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि मोनिंदर ने पानी के गड्ढे में डूबकर मरने वाले युवराज की जान बचाने का प्रयास किया था। इससे उसकी लोकप्रियता बढ़ी, जिसकी वजह से कुछ लोग उससे ईर्ष्या करने लगे हैं। उन्होंने मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि मोनिंदर और उसके भाई आदतन अपराधी हैं। मोनिन्दर के खिलाफ बलात्कार ,गुंडा एक्ट, बलवा सहित पूर्व में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी दुकानदारों की शिकायत पर हुई। दुकानदारों ने आरोप लगाया था कि वह उनसे रंगदारी मांगता है। डेलिगेशन की बात सुनने के बाद पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने इस मामले की निष्पक्ष जांच क्राइम ब्रांच से कराने की बात कही।

# योगाभ्यास से जीवनशैली को बनायें बेहतर : धर्मेन्द्र वर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




**श्रीराम जानकी मंदिर जमुरवां में दिव्य योग शिविर में ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास**

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत जमुरवां स्थित प्राचीनतम श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में योग सप्ताह के अवसर पर दिव्य योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने योगाभ्यास किया।प्रकृति की गोद में अमृत सरोवर के पावन तट के समीप स्थित श्र राम जानकी मंदिर जमुरवा, तिलोई के दिव्य वातावरण में आज योग, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक ऊर्जा का अदभुत संगम देखने को मिला।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग अमेठी के मार्गदर्शन में चल रहे योग सप्ताह की श्रृंखला में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।इस आयोजन में ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं दिग्विजय सिंह के सहयोग से योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।योग शिविर में मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र वर्मा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित कामन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया साथ ही योग के महत्व, संतुलित आहार-विहार, स्वस्थ दिनचर्या और जीवन में योग की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नही बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का प्राचीन भारतीय विज्ञान है। हमारी संस्कृति की यह अमूल्य धरोहर आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन की राह दिखा रही है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोधों ने भी सिद्ध किया है कि नियमित योगाभ्यास से जीवनशैली को बेहतर बनाया जा सकता है और अनेक स्वास्थ्य समस्याओं में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग शिविर में उपस्थित लोगों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे और आगामी इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन की ओर कदम बढ़ायेगे। समाज सेवी दिग्विजय सिंह ने मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र वर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।इस मौके पर विजय सिंह, जय सिंह, शैलेंद्र पाण्डेय, राम अवध मौर्या, अंकित पाल, विजय बहादुर सिंह, अनुज सिंह, राघवेन्द्र सिंह, आनंद प्रताप सिंह, लकी सिंह, अजय सिंह, मेजर मिश्रा, शानू सिंह, बब्बू सिंह, अक्षत सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पशुचर भूमि से अवैध खनन का आरोप

हाथरस । उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सादाबाद तहसील क्षेत्र स्थित गांव जैतई में पशुचर भूमि से कथित अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। गढ़ी नोकस भाग, जैतई निवासी सुनील ठाकुर ने एसडीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर इस पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सुनील ठाकुर के अनुसार, मौजा जैतई के गाटा संख्या-1230, जो सरकारी पशुचर भूमि के रूप में दर्ज है, वहां से लगातार अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्राम करैया के कुछ लोग इस खनन कार्य में शामिल हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं और उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई का कोई भय नहीं है, जिसके कारण खुलेआम खनन हो रहा है। सुनील ठाकुर ने दावा किया है कि इस अवैध खनन से सरकारी भूमि को नुकसान पहुंच रहा है और शासन को राजस्व की भी क्षति हो सकती है। उनके पास कथित अवैध खनन से संबंधित वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं। सुनील ठाकुर ने एसडीएम से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अवैध मिट्टी खनन को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में एसडीएम मनीष चौधरी ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनन अधिकारी का नाम गलत तरीके से घसीटा गया है। एसडीएम ने कहा कि यदि सरकारी भूमि से खनन पाया जाता है, तो निश्चित रूप से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अमेठी में चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



डीपीआरसी गौरीगंज में सत्रह से बीस जून तक चलेगी विकास प्रदर्शनी

अमेठी,केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जन कल्याण के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पांच जून से इक्कीस जून तक संचालित समेकित जन कल्याण एवं जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग अमेठी द्वारा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में सत्रह से बीस जून तक आयोजित चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने फीता काटकर किया।प्रदर्शनी में केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विगत बारह वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को आकर्षक एवं जानकारीपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया गया है।प्रदर्शनी में युवा, महिला, किसान, गरीब एवं वंचित वर्ग के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में विकसित हो रही बृहद आधारभूत संरचना, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर, डिजिटल गवर्नेंस, हरित ऊर्जा, तकनीकी विकास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाले कार्यक्रमों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इसके अतिरिक्त श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या, श्री काशी विश्वनाथ धाम वाराणसी, महाकुंभ प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को भी प्रदर्शनी में विशेष स्थान दिया गया है। प्रदर्शनी स्थल पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कटआउट के साथ आकर्षक सेल्फी प्वाइंट स्थापित किये गये हैं जहां बड़ी संख्या में आगंतुक फोटो खिंचवा रहे हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और समग्र विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विकास प्रदर्शनी इन योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है।जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव ने बताया कि विकास प्रदर्शनी सत्रह जून से बीस जून तक प्रतिदिन प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे प्रदर्शनी में पहुंचकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करें। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उपायुक्त एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राइमरी स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री से लगाई गुहार

पूरनपुर,तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरैया कलां में प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे और शिकायतों के कथित फर्जी निस्तारण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है गांव के कई ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, लेखपाल और विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक की मिलीभगत से विद्यालय की भूमि पर भूमाफिया ने कब्जा कर रखा है शिकायतकर्ताओं के अनुसार गाटा संख्या 158, 161 एवं 235 विद्यालय के नाम दर्ज हैं, लेकिन इनमें से कुछ भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है उनका कहना है कि राजस्व अभिलेखों और मौके पर उपलब्ध भूमि के रकबे में भी अंतर पाया जा रहा है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनसुनवाई पोर्टल पर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन हर बार बिना निष्पक्ष जांच के निस्तारण कर दिया गया शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्हें जांच के दौरान मौके पर नहीं बुलाया गया और उनकी बात सुने बिना रिपोर्ट लगा दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विद्यालय की भूमि पर बनाए गए हर्बल पार्क का क्षेत्रफल भी अभिलेखों से मेल नहीं खाता है तथा शेष भूमि पर अवैध कब्जा बना हुआ है ग्रामीणों ने विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने में लापरवाही बरतने के आरोप भी लगाए हैं ।

## 10 लाभार्थियों को मिलेगी आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पिछड़े वर्ग के भुर्जी जाति एवं परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले 10 लाभार्थियों कारीगरों को आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। श्री पुष्कर ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य है, विभागीय वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक की छाया प्रति के साथ ऑफलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर 30 जून 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नम्बर 9580503159 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## गोमती त्रिवेणी घाट पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पूरनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में बुधवार को गोमती त्रिवेणी घाट, घाटमपुर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया अभियान का उद्देश्य गोमती नदी के तट को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाना तथा आमजन को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने घाट परिसर में फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया साथ ही उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, नदी तटों को प्रदूषण मुक्त रखने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प भी दिलाया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है उन्होंने कहा कि गोमती जैसी पावन नदी की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने बताया कि स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अभियान में भाग लिया उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान निरंतर आयोजित किए जाएंगे अभियान में सतेन्द्र सिंह, राज किशोर, डॉ. रेखा सिंह, शाहिद खान, डॉ. विनोद सिंह, अनूप कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे स्वयंसेवकों में शुभम, प्रदीप, संगम दीक्षित, राहुल, सौरभ आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया है।

## प्रवेश मेले में गन्ना कृषक महाविद्यालय ने किया छात्रों का मार्गदर्शन, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिला सम्मान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशानुसार बुधवार को राम लुभाई साहनी महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रवेश मेले में गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पूरनपुर ने आकर्षक स्टॉल लगाकर छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया मेले में महाविद्यालय की ओर से श्रीमती तहमीना शमसी, डॉ. अर्निका दीक्षित, डॉ. अंशिका शर्मा एवं डॉ. जय नारायण ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक सुविधाओं तथा रोजगारपरक अवसरों की जानकारी दी उन्होंने छात्रों को उनकी रुचि और योग्यता के अनुरूप विषय चयन एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया इस अवसर पर वन महोत्सव के अंतर्गत जन-जागरण अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा सम्मानित किया गया। पृथ्वी नीलाग्रह विषयक गोष्ठी में गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मयंक मिश्रा ने प्रथम, शबनम तारा ने द्वितीय तथा डिम्पल कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया पर्यावरण संरक्षण विषयक निबंध प्रतियोगिता में महिमा सिंह प्रथम, आयुष दीक्षित द्वितीय एवं अनुष्का सिंह तृतीय स्थान पर रहीं वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी देवी ने प्रथम, अनुष्का श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा अर्चना देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया प्रवेश मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने शैक्षणिक एवं कैरियर संबंधी प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया है।

## नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सपा नेत्री आरती ने किया स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 20 के सभासद नादिर रजा बरकाती के समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर आरती पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत के द्वारा समाजवादी साथियों के साथ फूल मालाओं एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। इस दौरान हाजी लाडले नगर अध्यक्ष सपा, राकेश गुप्ता,तौफीक अहमद कादरी सभासद,पप्पू शाह,मोनिश खान, बंटू खान, शेर सिंह यादव, कौशल भारती, धर्मेन्द्र लोधी, जमील खान, मानु हसन इत्यादि लोग मौजूद रहे है।

## विधायक की पहल रंग लाई, किसानों को खाद उपलब्ध कराने के दिए गए निर्देश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के किसानों को खाद की कमी से हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए विधायक बाबूराम पासवान ने बुधवार को जिला अधिकारी पीलीभीत से दूरभाष पर वार्ता कर किसानों की समस्या का समाधान कराने की मांग की विधायक ने विशेष रूप से लघु एवं सीमांत किसानों को खाद वितरण में प्राथमिकता देने तथा बड़े किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया विधायक बाबूराम पासवान ने जिला अधिकारी से कहा कि खाद की किल्लत के कारण किसान परेशान हैं और धान सहित अन्य फसलों की बुवाई एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं इस पर जिला अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एआर कोऑपरेटिव तथा जिला कृषि अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए वार्ता के दौरान यह निर्णय लिया गया कि लघु एवं सीमांत किसानों को आधार कार्ड के आधार पर दो कट्टा खाद उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि बड़े किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद वितरण सुनिश्चित किया जाएगा साथ ही विधायक ने बटाईदार किसानों की समस्या भी जिला अधिकारी के समक्ष रखी, ताकि उन्हें भी बिना किसी बाधा के खाद उपलब्ध हो सके विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है और किसी भी किसान को खाद के अभाव में परेशान नहीं होने दिया जाएगा उन्होंने प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए किसानों से धैर्य बनाए रखने की अपील की विधायक की इस पहल के बाद किसानों में राहत की उम्मीद जगी है और माना जा रहा है कि अब क्षेत्र के किसानों को खाद की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

## टिकट में वसूले जाने वाले अतिरिक्त शुल्क के बावजूद यात्री पानी के लिए मोहताज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिवहन निगम द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के दावों की हकीकत सुल्तानपुर डिपो में पूरी तरह से दम तोड़ती नजर आ रही है। निगम द्वारा यात्रियों के टिकट में अतिरिक्त श्यात्री सुविधा शुल्क वसूला जाता है, जिसका मकसद डिपो परिसर में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और धूम्रपान निषेध वातावरण सुनिश्चित करना है। लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं के नाम पर सिर्फ निराशा ही हाथ लग रही है। सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों पर भी निगम की उदासीनता यात्रियों को भीषण गर्मी और प्यास से बचाने के लिए रोटरी क्लब जैसी सामाजिक संस्थाओं ने डिपो परिसर में शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर लगवाया था। लेकिन निगम की बेरुखी और लापरवाही के कारण इसका रखरखाव शून्य हो गया है। स्थिति यह है कि आए दिन यात्रियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। कभी कूलर की टोंटी तोड़ दी जाती है, तो कभी पूरा सिस्टम ही खराब पड़ा रहता है, जिसके कारण यात्रियों को अंततः मजबूरन बाजार से महंगे दाम पर पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ती है।अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवालयात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर जब भी डिपो के जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने की कोशिश की जाती है, तो स्टेशन अधीक्षक से लेकर एआरएम (सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक) तक इस मुद्दे पर बोलने से कतराते हैं। यह मौन कई गंभीर सवाल खड़े करता है। यात्रियों का आक्रोश दैनिक और आम यात्रियों का सीधा आरोप है कि जब निगम हमसे हर टिकट में यात्री सुविधा के नाम पर अलग से धन वसूल रहा है, तो आखिर वह पैसा कहां खर्च हो रहा है? मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यात्रियों का कहना है कि निगम द्वारा उन्हें सुविधा देने के नाम पर महज छलावा किया जा रहा है।

## जिला जेल में अफसरों का औचक छापा, बैरकों से अस्पताल तक खंगाली व्यवस्थाएं

सुलतानपुर। जिला कारागार में मंगलवार को उस समय हलचल बढ़ गई, जब जिला जज सुनील कुमार, जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने जेल का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल परिसर, बैरकों और अस्पताल का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं पुरुष बंदियों की बैरकों की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने जेल मेस में भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और अस्पताल में भर्ती बंदियों के उपचार की स्थिति का भी निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।

# वार्ड नंबर 8 में सड़क और पार्क का लोकार्पण, पालिकाध्यक्ष आस्था अग्रवाल का हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड नंबर 8 में कराए गए सड़क एवं पार्क निर्माण कार्यों का लोकार्पण पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।पालिका परिषद की ओर से हिना पैलेस से जावेद खान उस्मान नत्थू के मकान तक सीसी मार्ग का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा आवास विकास कॉलोनी में एडवोकेट अंशुल गौरव सिंह के मकान के निकट पार्क का निर्माण भी कराया गया है। दोनों कार्य पूर्ण होने के बाद आयोजित कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर सड़क, स्वच्छ वातावरण और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पार्कों और सार्वजनिक संपत्तियों की देखभाल करने तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया और क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की सराहना की। क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर एडवोकेट अंशुल गौरव सिंह, सभासद विपिन गंगवार, राजू फौजी, निर्मल सिंह, अनस अंसारी, राजेंद्र भारती, शिवम श्रीवास्तव, सुरेश लोधी, चेतन गंगवार, जगन्नाथ लोधी, पंकज तिवारी, अरुण उपाध्याय सहित अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे हैं।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लाखों के जेवर और नकदी लेकर हुई फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और घर से लाखों रुपये के जेवरात व नकदी गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, वलीपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बल्दीराय थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 8 जून की शाम करीब 4.30 बजे गांव का ही युवक शिवपाल यादव पुत्र मुन्नाप्रसाद उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित के मुताबिक, बेटी घर से निकलते समय अपनी मां के कीमती जेवरात और बक्से में रखे ?20 हजार नकद भी साथ ले गई। गायब सामान में चांदी की करधनी, चांदी का दसवन्द, चांदी की पाजेब, सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, सोने का ठप्पा, कान का बाला और सोने की माथ बेदी शामिल बताई गई है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद उन्होंने वलीपुर पुलिस चौकी में सूचना दी थी, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, जिसके निर्देश पर बल्दीराय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक ज्ञानेश दुबे को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही युवती व आरोपी की तलाश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने नादिर रजा बरकाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।समाजवादी मजदूर सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूरनपुर नगर पालिका के सभासद एवं समाजवादी पार्टी नेता नादिर रजा बरकाती को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है इस संबंध में समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया गया जारी पत्र के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर नादिर रजा को समाजवादी मजदूर सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नामित किया गया है। मनोनयन पत्र में कहा गया है।कि नादिर रजा बरकाती संगठन को मजबूत करने, समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे साथ ही उनसे अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए कार्य करेंगे नादिर रजा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी एवं समाजवादी मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है क्षेत्र के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।इस मनोनयन को पूरनपुर एवं जनपद पीलीभीत के लिए सम्मान की बात माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# 'संकल्प से सिद्धि संवाद' में गूंजा विकसित भारत का संकल्प, विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने गिनाईं मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। विकास खंड पूरनपुर सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ''संकल्प से सिद्धि संवाद'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों, सुशासन, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण और डिजिटल इंडिया जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय और कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया कार्यक्रम के दौरान विधायक ने 'निपुण भारत मिशन' के अंतर्गत आयोजित प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक में भी हिस्सा लिया बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, ग्राम प्रधान रामनिवास, आनंद मिश्रा, राजकुमार सिंह, अखिलेश वर्मा, सुंदर लाल प्रजापति, अखिलेश शर्मा, बलवंत कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 2 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार को सुल्तानपुर जनपद में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 रण विजय सिंह एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 नेहा श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने स्टाफ के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम बल्लीपुर तथा थाना धनपतगंज क्षेत्र के ग्राम मायंग में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कुल 04 अभियोग पंजीकृत किए गए तथा 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। टीम ने मौके से करीब 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा लगभग 750 किलोग्राम लहन भी बरामद किया गया, जिसे नियमानुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। दुकानों में उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा गुप्त रूप से टेस्ट परचेज कर बिक्री व्यवस्था की जांच की गई। इसके साथ ही कबाड़ियों की दुकानों और ईंट-भट्ठों पर भी गहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आबकारी टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन और निर्माण से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए सतर्क रहने की अपील की। इस अभियान में प्रधान आबकारी सिपाही साकेत राय, विष्णु प्रकाश दीक्षित तथा आबकारी सिपाही मोहम्मद इरफान, सूबेदार यादव और अभिनव सिंह शामिल रहे।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 4 अवैध बसें सीज, 9 के चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। परिवहन विभाग ने मंगलवार को अवैध रूप से संचालित बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि कुछ बस संचालक ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट का गलत इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए सीट बुकिंग कर बसों का संचालन सामान्य रूट बसों की तरह कर रहे थे।

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग की प्रवर्तन टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई लोहरामऊ बाईपास, पयागीपुर चौराहा, अमहट चौराहा, गुप्तारगंज और सेमरी क्षेत्र में की गई। जांच के दौरान परमिट की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर 4 बसों को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया, जबकि 9 बसों का चालान किया गया। इसके अलावा मोटर वाहन अधिनियम और केंद्रीय मोटरयान नियमों के तहत 15 अन्य वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया। बस चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए सलाह दी गई, वहीं रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों और बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों को रोककर चेतावनी और काउंसलिंग दी गई। इस अभियान में परिवहन और यातायात विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम मौजूद रही, जिसने नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## सम्पादकीय

# कैसे बढ़ाएं शिक्षा में गुणवत्ता

आज की तेजी से बदलती दुनिया में, शिक्षा में गुणवत्ता के महत्त्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। स्कूलों और कॉलेजों से लेकर जीवन भर सीखने के कार्यक्रमों तक, गुणवत्ता वह आधार है जो यह पक्का करता है कि सीखना असरदार, निष्पक्ष और टिकाऊ हो। शिक्षा में गुणवत्ता का मतलब हर व्यक्ति या हर स्थिति के लिए एक जैसा नहीं होता। कुछ लोगों के लिए, इसका मतलब अच्छी तरह से प्रशिक्षित शिक्षक हो सकते हैं जो छात्रों को प्रेरित करते हैं। दूसरों के लिए, इसका मतलब आधुनिक सुविधाएं, अपडेटेड पाठ्यक्रम और पढ़ाने के नए तरीके हो सकते हैं। फिर भी, मूल रूप से, शिक्षा में गुणवत्ता को तीन जरूरी तत्वों के मेल के रूप में समझा जा सकता है। शिक्षा को समाज की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना चाहिए और सीखने वालों को वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना चाहिए। हर सीखने वाले को, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, ऐसे अवसरों तक पहुंच मिलनी चाहिए जो उन्हें सफल होने में मदद करें। शिक्षा को न केवल ज्ञान देना चाहिए, बल्कि उसे असल जिंदगी में लागू करने की क्षमता भी देनी चाहिए, जिससे व्यक्तिगत विकास और सामाजिक प्रगति में योगदान मिल सके। जब ये पहलू एक साथ आते हैं, तो शिक्षा केवल एक औपचारिकता से आगे बढक़र प्रगति की एक सच्ची ताकत बन जाती है। जब शिक्षा उच्च गुणवत्ता वाली होती है, तो यह भरोसा पैदा करती है। माता-पिता को विश्वास होता है कि अपने बच्चों को स्कूल भेजने से वे भविष्य के लिए तैयार होंगे। नियोक्ता आश्वस्त महसूस करते हैं कि ग्रेजुएट कुशल और सक्षम हैं। समुदाय शिक्षा को विकास के आधार के रूप में देखते हैं। गुणवत्ता के बिना, यह भरोसा कमजोर हो जाता है और डिप्लोमा या सर्टिफिकेट का मूल्य खत्म हो जाता है। एक ऐसी प्रणाली जो गुणवत्ता को महत्त्व देती है, वह रटने से कहीं आगे जाती है। यह छात्रों को सिखाती है कि सवाल कैसे पूछें, समस्याओं को कैसे हल करें और खुद से कैसे सोचें। ये ऐसी क्षमताएं हैं जो पाठ्यपुस्तकें बंद होने के लंबे समय बाद भी मूल्यवान बनी रहती हैं। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा गरीबी और असमानता के चक्र को तोड़ सकती है। निष्पक्ष अवसर और सीखने का प्रभावी माहौल देकर, यह वंचित पृष्ठभूमि वाले छात्रों को अपने साथियों के साथ बराबरी के स्तर पर मुकाबला करने का मौका देता है। जिन समुदायों में शिक्षा का सिस्टम मजबूत होता है, वहां अक्सर ज्यादा इनोवेशन, सामाजिक स्थिरता और लोगों की भागीदारी देखने को मिलती है। अच्छी शिक्षा से ऐसे जागरूक नागरिक तैयार होते हैं, जो समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। शिक्षा ग्रेजुएशन के साथ खत्म नहीं होती। जिस व्यक्ति को अच्छी शिक्षा मिली हो, उसे जीवन भर इसके फायदे मिलते हैं। काम की जगह पर, अच्छी सीख प्रोफ़ेशनल काबिलियत में बदल जाती है। घर पर, यह लोगों को मजबूत मूल्यों वाली अगली पीढ़ी तैयार करने में मदद करती है। समाज में, यह जिम्मेदारी, सम्मान और भागीदारी को बढ़ावा देती है। जीवन भर रहने वाला यह असर बताता है कि गुणवत्ता (क्वालिटी) से कभी समझौता क्यों नहीं करना चाहिए। खराब शिक्षा सालों की मेहनत बर्बाद कर सकती है, जबकि अच्छी शिक्षा दशकों तक जीवन को बेहतर बनाती है। शिक्षा में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ किताबें, टेक्नोलॉजी या सुविधाएं नहीं हैं, इसका संबंध लोगों से भी है। शिक्षक अहम भूमिका निभाते हैं। वे न सिर्फ छात्रों के दिमाग को, बल्कि उनके नजरिए को भी आकार देते हैं। एक समर्पित शिक्षक जिज्ञासा, आत्मविश्वास और क्रिएटिविटी को प्रेरित कर सकता है। इसी तरह, प्रेरित छात्र, शामिल माता-पिता और सहयोगी समुदाय- सभी शिक्षा को सार्थक बनाने में योगदान देते हैं। बिना गुणवत्ता के, शिक्षा पर सवाल उठ सकते हैं। गुणवत्ता के साथ, यह एक भरोसेमंद पासपोर्ट बन जाती है जो सीखने वालों को दुनिया के किसी भी कोने में सफल होने में मदद करती है। गुणवत्ता के सबसे अहम पहलुओं में से एक यह है कि यह एक जगह स्थिर नहीं रह सकती। दुनिया लगातार बदल रही है- नई टेक्नोलॉजी आती हैं, नए उद्योग बनते हैं, और नई चुनौतियां सामने आती हैं।

# छात्र शक्ति और बिहार आंदोलन का संदेश

**जयप्रकाश नारायण से लेकर विपक्ष के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। अखबारों पर सेंसरशिप लगा दिया गया। 19 महीने देश जेलखाना बना रहा। लोगों के बोलने, लिखने आदि पर रोक लगा दी गई। अनुशासन के नाम पर लोगों को तरह-तरह से यातनाएं दी गई। कानून की अपने हिसाब से व्याख्या करने की कोशिश की गई। इससे पहले जिस दिन 12 जून, 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था, उसी दिन गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे आए। उस चुनाव में कांग्रेस पराजित हुई और विपक्षी गठबंधन की जनता मोर्चा चुनाव जीती। इंदिरा गांधी के करीबी सिद्धार्थ शंकर राय उनके चुनाव को अवैध घोषित किए जाने के खिलाफ नामी वकील नानी पालकीवाला के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट के अवकाशकालीन पीठ में याचिका दायर की।**

आजादी के आंदोलन के बाद बिहार के छात्र आंदोलन को देश के इतिहास में सबसे प्रभावशाली माना गया। इस आंदोलन ने देश की सबसे ताकतवर नेता मानी जाने वाली यानी तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को न केवल सत्ता से बेदखल किया बल्कि उनको अपनी खुद की सीट से पराजय का सामना करना पड़ा। यह अलग बाद है कि सत्ता पर काबिज नेताओं के आपसी कलह और स्वार्थ ने जनता पार्टी के प्रयोग को विफल कर दिया और इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गई। उसके बाद असम विदेशी घुसपैठ विरोधी आंदोलन से लेकर 2011 के समाजसेवी अण्णा हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन समेत कई आंदोलनों की अगुवाई छात्र-युवाओं ने ही की। इन आंदोलनों की विफलता ने जन आंदोलनों के पक्षधर लोगों के विश्वास पर ही आघात कर दिया। इसका परिणाम हुआ कि अभी सोशल मीडिया के दम पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन शुरू होने से पहले ही समाप्त होने लगा। जबकि नीट पेपर लीक और सीबीएसई की परीक्षा प्रणाली जैसे मुद्दे देश के हर कोने में रहने वाले लाखों छात्र-छात्राओं से सीधा जुड़ा है।

खास बात यह है कि इसी उम्र के बच्चे, जिनके लिए जेन जेड (जनरेशन जेड) यानी 1997 से 2012 के बीच पैदा होने वाले छात्र-युवाओं ने पड़ोस के तीन देशों की सरकारें बदल दी। वैसे उन देशों में भी बदलाव बहुत सार्थक होता नहीं दिख रहा है। भारत जैसे विशाल देश में इस तरह के आंदोलन की कल्पना कठिन है लेकिन इतना तय है कि मजबूत विपक्ष की गैरहाजिरी में देश के छात्र-युवा को ही सार्थक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। अगर एक वाक्य में कहें तो यही 1974 के बिहार आंदोलन का संदेश है।

इतना ही नहीं, इस आंदोलन के कई संदेश आज भी सामयिक हैं। यह आम धारणा है कि नवंबर 1973 में गुजरात के एक इंजीनियरिंग कालेज के छात्रावास की फीस बढ़ने के खिलाफ छात्रों का आंदोलन शुरू हुआ जो गुजरात की चिमन भाई पटेल सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन और मंहगाई के खिलाफ स्वतः स्फूर्त प्रदेश भर का आंदोलन बन गया। जिसे गुजरात नव निर्माण आंदोलन कहा गया। हालांकि बिहार आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं के अगुवा रामबहादुर राय (वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष और पद्मभूषण से सम्मानित) बताते हैं कि कहने के लिए बिहार आंदोलन गुजरात से प्रेरणा लेकर शुरू हुआ लेकिन वास्तव में बिहार आंदोलन की तैयारी लंबे समय से चल रही थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपी) ने काफी समय बाद आंदोलन का नेतृत्व करना स्वीकारा, वास्तव में उसके काफी समय पहले से उनसे (रामबहादुर राय) और दूसरे छात्र नेता मिलकर आंदोलन की तैयारी की जानकारी देते रहे। राय साहब आंदोलन की 11 सदस्यों की संचालन समिति के सदस्य भी थे। गुजरात आंदोलन में भी सबसे बड़ी भूमिका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके छात्र संगठन-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ही थी। बिहार आंदोलन की भूमिका बनाने में भी संघ के बड़े नेताओं के साथ-साथ तब संघ के पटना महानगर प्रचारक रहे केएन गोविंदाचार्य आदि का था। गोविंद जी बाद में परिषद और भाजपा में बड़े पदों पर रहे। उनकी और राय साहब की जोड़ी बिहार आंदोलन का नेतृत्व करने वालों में अगली पंक्ति में थी।

उस आंदोलन में छात्र-युवाओं के समर्पण का गजब अनुभव हुआ। सभी को पता है कि जेपी ने बिहार आंदोलन की अगुवाई करना तभी स्वीकारा जब उन्हें विश्वास दिलाया गया कि आंदोलन पूरी तरह से अहिंसक होगा। इसका ऐसा असर हुआ कि जो छात्र पहले पुलिस को देखते ही हाथों में ईंट-पत्थर उठा लेते थे। वही छात्र पुलिस की लाठी-गोलियों के बीच नारे लगाते थे कि 'हमला चाहे जैसा भी हो हाथ हमारा नहीं उठेगा।' इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने का फैसला एक दिन में नहीं किया। 1971 में पाकिस्तान को विभाजित करके स्वतंत्र बांग्लादेश बनवाने में उनकी बड़ी भूमिका थी। इस सफलता के बाद उनका राजनीतिक कद देश में ही नहीं दुनिया में काफी बड़ा हो गया था। उनके फैसलों पर किसी को सवाल करने की हिम्मत न थी। आपातकाल लगने की मुख्य वजह तो उनके खिलाफ 12 जून, 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा का उनके 1971 के लोकसभा चुनाव को अवैध घोषित करने का फैसला माना जाता है लेकिन वास्तव में कई और कारण भी थे। वे अपने को किसी चुनौती से परे मानने लगी थीं। दूसरा कारण कांग्रेस की गुजरात की चिमन भाई मेहता की सरकार के खिलाफ छात्रों का नव निर्माण आंदोलन भी एक प्रमुख कारण बना। उस आंदोलन को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पूरे प्रदेश का आंदोलन बनाया। यही काम परिषद ने फरवरी-मार्च, 1974 में बिहार में किया। 26 जून, 1976 की तारीख को बार-बार याद करना इसलिए जरूरी है ताकि इस दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश पर शासन करने वाला निरंकुश न हो। फिर से कोई शासक अपने को तानाशाह न मान बैठे और गुलामी से मुक्ति की लंबी लड़ाई के बाद मिली आजादी को संविधान के मौलिक अधिकारों के साथ देश की जनता जीवन यापन कर पाए। तब के राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से 25 जून, 1975 की आधी रात को के देश में आपातकाल लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जून, 1975 की सुबह खुद रेडियो पर आकर देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही देश की जनता को संविधान से मिले नागरिक अधिकारों को रद्द कर दिया गया। जयप्रकाश नारायण से लेकर विपक्ष के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। अखबारों पर सेंसरशिप लगा दिया गया। 19 महीने देश जेलखाना बना रहा। लोगों के बोलने, लिखने आदि पर रोक लगा दी गई। अनुशासन के नाम पर लोगों को तरह-तरह से यातनाएं दी गई। कानून की अपने हिसाब से व्याख्या करने की कोशिश की गई। इससे पहले जिस दिन 12 जून, 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था, उसी दिन गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे आए। उस चुनाव में कांग्रेस पराजित हुई और विपक्षी गठबंधन की जनता मोर्चा चुनाव जीती। इंदिरा गांधी के करीबी सिद्धार्थ शंकर राय उनके चुनाव को अवैध घोषित किए जाने के खिलाफ नामी वकील नानी पालकीवाला के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट के अवकाशकालीन पीठ में याचिका दायर की। पीठ के न्यायाधीश वीआर कृष्ण अय्यर ने 24 जून को इंदिरा गांधी की सदस्यता तो बहाल नहीं की लेकिन उन्हें प्रधानमंत्री बनाए रखने का आदेश दिया। दूसरी ओर इंदिरा गांधी पर कुर्सी छोड़ने के लिए दबाव बनाने को लेकर जनसंघ, लोकदल, सोशलिस्ट पार्टी और कांग्रेस (ओ) ने मिल कर मोर्चा बनाया। इस मोर्चा को जयप्रकाश नारायण का संरक्षण था। मोरारजी देसाई इस मोर्चा के अध्यक्ष और नानाजी देशमुख महासचिव बनाए गए। 20 जून को बने जनता मोर्चा ने 25 जून को रामलीला मैदान में रैली की। उस रैली को असफल करने की सरकार की हर कोशिश विफल रही। उसी रैली के समापन के साथ ही जयप्रकाश नारायण समेत अनेक बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई। अगली सुबह खुद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाने की विधिवत घोषणा की। आपातकाल घोषित होने से पहले बिहार छात्र आंदोलन ने बिहार की अब्दुल गफूर सरकार ही नहीं केन्द्र की इंदिरा गांधी सरकार की चूलें हिला दी थी। आंदोलनकारियों पर जितने अत्याचार हुए आंदोलन और मजबूत हुआ। पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थी परिषद और समाजवादी युवजन सभा साथ मिलकर जीते। 18 मार्च, 1974 को विधानसभा का घेराव करने जा रहे छात्रों पर गोली चली, जिसमें छह छात्र मारे गए और सैकड़ों घायल हुए। इस प्रदर्शन ने आंदोलन को घर-घर पहुंचा दिया। आंदोलन के प्रमुख छात्र नेता रामबहादुर राय को मीसा (मेंटिनेंस आफ इंटरनल सिक्योर्टी एक्ट) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उस कानून को देश के चोटी के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। राय साहब की गिरफ्तारी के सात महीने बाद 12 नवंबर, 1974 को न्यायाधीश वाईवी चन्द्रचूड़ और पीएन भगवती की पीठ ने अवैध करार दिया। इसके चलते उनकी रिहाई हो पाई। इसका उल्लेख जयप्रकाश नारायण (जेपी) ने 18 नवंबर, 1974 के पटना के गांधी मैदान की रैली में किया। उसके पहले चार नवंबर, 1974 को पटना में हुए ऐतिहासिक मौन जुलूस में जेपी पर लाठी चली। जेपी को बचाने के लिए नानाजी ने लाठी का प्रहार अपने ऊपर ले लिया, जिसमें उनका हाथ टूट गया। जनता पार्टी की सरकार बनी लेकिन कुछ बड़े नेताओं की महत्वाकांक्षा के चलते ढाई साल में जनता पार्टी और कांग्रेस के समर्थन से बनी चौधरी चरण सिंह की सरकार गिरी। फिर इंदिरा गांधी की सरकार बनी और उसके बाद सरकार बनने का लंबा ब्यौरा है। उसके बाद की कांग्रेस समेत किसी भी सरकार ने आपातकाल का समर्थन करने की बात कहना तो दूर उसकी लगातार आलोचना ही की। तब से हालात और राजनीति में काफी बदलाव हुआ है। आज कांग्रेस के बजाए भाजपा देश का मुख्य दल बन गया, जिसके नेताओं ने आपातकाल की पीड़ा झेली है। केन्द्र में भाजपा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार लगातार तीसरी बार बनी। आज की तारीख में देश के अस्सी फीसदी राज्यों में भी राजग की सरकार है। विपक्ष बेहद कमजोर है। विपक्षी दलों का गठबंधन आखिरी सांस ले रहा। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उसका आकार घटता ही जा रहा है। प्रधानमंत्री का दावेदार मानने वाले कई नेता अपने राज्यों की सत्ता से बाहर हो चुके हैं। यह भाजपा और राजग के लिए जितनी अच्छी बात है, लोकतंत्र के लिए उतनी अच्छी नहीं। केवल विरोध के लिए नहीं सार्थक विरोध के लिए विपक्ष का होना जरूरी है। यह काम देश के छात्र-युवाओं को करना होगा। ऐसा पहले हुआ है। 1974 का बिहार छात्र आंदोलन इसमें मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकता है। उस आंदोलन को 52 साल बाद याद करना और उसके सकारात्मक पक्ष पर अमल करना आज भी जरूरी है। वह आंदोलन जेपी के संपूर्ण क्रांति का वाहक था लेकिन नेताओं के निजी स्वार्थ ने उसकी सफलता में ग्रहण लगा दिया था। देश के लोकतंत्र को और बेहतर बनाने के लिए बिहार छात्र आंदोलन और आपातकाल पर लगातार चर्चा करना इसलिए जरूरी है क्योंकि कोई भी दल या सरकार निरंकुश न हो जाए।

मनोज कुमार मिश्र

# आईआईटी की दहलीज पर बेटियों की रिकॉर्ड दस्तक

**प्रतिभा कुशवाहा**

हाल ही में जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में लड़कियों की शानदार सफलता की जो खबरें आईं हैं, उसने एसटीईएम (स्टेम) यानी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में महिलाओं के भविष्य की तस्वीर साफ होने लगी है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में आधी आबादी के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। देश में इंजीनियरिंग यानी आईआईटी में शिक्षा एक पुरूष प्रधान क्षेत्र बना हुआ है। हमारे घरों में जो बच्चियों की शिक्षा को लेकर मुखर हैं, वे भी अपने बेटों को इंजीनियर और बेटियों को डाक्टर बनाना पहली प्राथमिकता में रखते हैं। फिर भी यह सफलता हमारे घरों की बदलती सोच और आर्थिक व्यवस्था के कुछ सुराग तो दे ही रहा है। चार जून को प्रकाशित हुए अखबारों में प्रमुख रूप से इस खबर को प्रकाशित किया कि इस बार जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में पहली बार लगभग 10,000 लड़कियों ने पास की है। इस परीक्षा में कुल 56,880 अभ्यर्थी सफल हुए जिनमें से 10,107 सफल लड़कियां शामिल हैं। इन आकड़ों में लगभग चार अभ्यर्थियों में से एक अभ्यर्थी लड़की है। यह ऐतिहासिक सफलता केवल परीक्षा परिणामों का आंकड़ा मात्र नहीं है, वरन हमारे समाज में शिक्षा, अवसर और लैंगिक समानता के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का संकेत भी है। यह सफलता महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में एक 'पुश' के तौर पर देखा जा रहा है।

आज एआई, डेटा साइंस, रोबोटिक्स और नई तकनीकों ने पूरे समाज, संस्कृति और अर्थिकीय को अपने आगोश में ले रखा है, इससे आधी आबादी का दूर रहना एक बहुत बड़े सामाजिक असंतुलन के रूप में सामने आ सकता है। ऐसे में जेईई एडवांस्ड-2026 के परिणाम भविष्य में देश की नई तस्वीर का निर्माण कर सकते हैं। हालांकि अभी भी शीर्ष रैंकों और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने की आवश्यकता है। मात्र इस तरह की और भी सफलताओं से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। महिलाओं के जीवन में इतने पड़ाव आते हैं कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में पढ़ने-लिखने के बाद भी अपना योगदान देने से वे वंचित रह जाती हैं। आर्थिक तौर पर यह पढ़ाई महंगी होती है, देश इन क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई तरह की आर्थिक सहायता भी देता है। अगर कार्यक्षेत्र तक महिलाएं आगे नहीं आ सकेगी, तो नुकसान हमारे समाज और देश का ही ज्यादा होगा। जनवरी, 2026 को राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार देश में उच्च शिक्षा स्तर स्टेम विषयों में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 43 फीसदी है। इसी तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की अनुसंधान और विकास सांख्यिकी रिपोर्ट-2023 के अनुसार देश में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में स्टेम पेशेवरों के रूप में कुल महिला कार्यबल की हिस्सेदारी 18.6 फीसदी है। इनमें से 45.8 फीसदी सरकारी संस्थानों में, 27.6 फीसदी उच्च शिक्षा क्षेत्र में और 26.5 फीसदी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। इन आंकड़ों से भी पता चल रहा है कि जितनी महिलाएं स्टेम विषयों को लेकर अपना करियर बनाने का पथ चुन रही हैं, उतनी महिलाओं कार्यक्षेत्र तक नहीं पहुंच पा रही हैं। यूनेस्को का अपनी रिपोर्ट में मानना है कि भारत में एसटीईएम ग्रेजुएट में महिलाओं की भागीदारी 43 फीसदी है, जबकि इन क्षेत्रों में उनकी नौकरियों में भागीदारी मात्र 14 फीसदी है। तो प्रश्न उठता है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पढ़ी हुई महिलाएं गुम कहां हो जाती हैं? क्या समाज और संस्कृति की गहरी जड़ें जमा चुकी परंपराएं और मान्यतागत भेदभाव कहीं न कहीं इन क्षेत्रों में महिलाओं के रोजगार में बाधा बन जाते हैं। पारंपरिक जेंडर भूमिकाएं इस क्षेत्र में करियर बना रही महिलाओं को बहुत हद तक हतोत्साहित करते हैं, क्योंकि यह क्षेत्र महिलाओं से अधिक समय और प्रतिबद्धता की मांग करता है। कई परिवार चाहते हैं कि उनकी बहु और बेटी इस क्षेत्र में पढ़े तो, पर रिसर्च की जगह वह टीचिंग जैसा स्थिर और स्मूथ करियर ऑप्शन चुनें। जेंडर सेंसटिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी भी कार्यस्थल पर महिलाओं को यह क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर कर देती हैं। यही स्टीरियोटाइप सोच इंजीनियरिंग और फिजिक्स को पुरुष प्रधान क्षेत्र बना देती है।

## सेहत मंत्र

# अंजीर को भिगोकर खाने से मिलते ज्यादा फायदे

आयुर्वेद में अंजीर को गुणों का खजाना माना जाता है। अंजीर सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होता है। वहीं यह सभी पोषक तत्व बीमारियों से बचने में सहायता करता है। आयुर्वेद के हिसाब से भिगोए हुए अंजीर का सेवन करने से शरीर की गंदगी साफ होती है। कब्ज की समस्या से राहत मिलती है और एनर्जी बढ़ती है। वहीं रोजाना अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती है और स्किन में ग्लो भी आता है। जब आप अंजीर पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे भी अधिक बढ़ जाते हैं। वहीं इसके फायदे को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसको दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को अधिक पोषण मिलता है। क्योंकि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। जोकि हमारी हड्डियों और दांतों के लिए बहुत जरूरी है। तो आइए जानते हैं अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को क्या-क्या फायदे मिलते हैं। अंजीर में मौजूद फाइबर और छोटे बीज आंतों की सफाई में सहायता करता है। इसको रातभर दूध में भिगाकर खाने से कब्ज और अपच की समस्या दूर होती है। अंजीर में मौजूद फाइबर मल को नरम बनाता है और आंतों के स्वस्थ काजकाम को बढ़ावा देता है। दूध और अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत बनती हैं। अंजीर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाई जाती है। वहीं दूध में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियां मजबूत बनाता है। दूध और अंजीर का कॉम्बिनेशन ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को रोकने में मदद करता है। अंजीर में एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइबर मौजूद होता है, जोकि बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल करता है। इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# बलूचिस्तान के हिंगलाज मंदिर में लगती है भक्तों की भारी भीड़

भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच बलूचिस्तान की आजादी को लेकर मांग काफी तेज हो गई है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सनातन धर्म से जुड़ा हिंगलाज मंदिर है। जो काफी समय से महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान बना हुआ है। इस मंदिर में सबसे ज्यादा बलूचिस्तान के हिंदू आते हैं। बता दें कि हिंगलाज मंदिर 51 पवित्र शक्तिपीठों में से एक है। बलूचिस्तान में स्थित हिंगलाज मंदिर हिंदू धर्म के लिए सबसे पवित्र स्थल है। इस मंदिर में जो भी आकर पूजा करता है, उसके सभी पाप धुल जाते हैं। इस मंदिर को हिंगलाज मंदिर, हिंगुला देवी और नानी मंदिर के नाम से जाना जाता है। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फ़ेमस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। हिंगलाज मंदिर पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित हिंगोल नेशनल पार्क में है। यह मंदिर पाकिस्तान में मौजूद तीन शक्तिपीठों में से एक है। बाकी के दो शक्तिपीठ शिवाहरकराय और शारदा पीठ हैं। हर साल वसंत ऋतु में यहां पाकिस्तान का एक बड़ा हिंदू त्योहार मनाया जाता है। जिसको हिंगलाज यात्रा कहा जाता है। इस यात्रा में करीब 1 लाख से ज्यादा भक्त शामिल होते हैं। इस यात्रा में भक्त सैकड़ों सीढ़ियां चढ़कर प्राचीन मंदिर तक पहुंचते हैं। जोकि हिंगोल नदी के किनारे बसा है। मंदिर पहुंच कर भक्त नारियल और गुलाब की पंखुड़ियां चढ़ाते हैं। इस दौरान श्रद्धालु हिंगलाज माता के दर्शन कर पाते हैं।

## पर्यटन



# धर्मशाला और मैक्लोडगंज पर्यटन: तिब्बती संस्कृति और हिमालयी सौंदर्य का अद्भुत संगम

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित धर्मशाला और मैक्लोडगंज उत्तर भारत के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में गिने जाते हैं। ये स्थान न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और बर्फ से ढकी पहाड़ियों के लिए जाने जाते हैं, बल्कि तिब्बती संस्कृति, बौद्ध धर्म और अध्यात्मिकता के प्रमुख केंद्र भी हैं। धर्मशाला को 'छोटा ल्हासा' भी कहा जाता है क्योंकि यह तिब्बती शरणार्थियों का प्रमुख निवास स्थान है। धर्मशाला दो भागों में बँटा हुआ है – अपर धर्मशाला (मैक्लोडगंज) और लोअर धर्मशाला। यहाँ का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है और यहाँ की हरियाली, ऊँची पहाड़ियाँ, देवदार और चीड़ के वृक्ष इसे स्वर्ग जैसा अनुभव देते हैं। एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम: समुद्र तल से लगभग 1457 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह स्टेडियम दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट स्टेडियमों में से एक है। कांगड़ा आर्ट म्यूज़ियम: यहाँ आप पहाड़ी चित्रकला, तिब्बती और बौद्ध वस्तुओं का संग्रह देख सकते हैं। त्सुगलाखांग कॉम्प्लेक्स: यह दलाई लामा का निवास और आधिकारिक मठ है, जहाँ लोग बौद्ध धर्म और ध्यान की गहराइयों को अनुभव कर सकते हैं। मैक्लोडगंज: तिब्बती जीवनशैली और प्रकृति का संगम धर्मशाला से लगभग 10 किमी दूर स्थित मैक्लोडगंज तिब्बती संस्कृति और बौद्ध दर्शन का प्रमुख केंद्र है। यह छोटा सा कस्बा विदेशी पर्यटकों, ध्यान-साधकों, योगाभ्यासियों और पर्वतारोहण प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है। नामग्याल मठ: यह दलाई लामा का निजी मठ है और ध्यान-प्रेमियों के लिए विशेष स्थान है। भागसूनाग मंदिर और झरना: यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और पास ही स्थित झरना एक सुंदर प्राकृतिक स्थल है। त्रियुंड ट्रेक: यह एक मध्यम स्तर का ट्रेक है जहाँ से धौलाधार की पर्वतमालाएँ बेहद निकट से दिखती हैं। यह ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान है।

## सड़कों की हालत खस्ता

# खनन डंपरों का आतंक: धूल, दुर्घटनाएं और टूटती सड़कें, शिकायतों के बावजूद बेअसर कार्रवाई



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा, बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र के कोड़वा, बैनाटीकरहार, अगासंड समेत आसपास के गांवों में खनन कार्य में लगे डंपरों की बेलगाम आवाजाही ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। तेज रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनों ने गांवों के संपर्क मार्गों को धूल, खतरे और बदहाल सड़कों के गलियारे में बदल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार उड़ रही धूल, बढ़ते हादसों और सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीण रामनाथ, नन्दराम, टीकाराम, चन्दर, पप्पू, संतोष, सोहनलाल, गुड्डू, रामू रावत, सुरेश, संजय और मेवालाल के अनुसार अधिकांश डंपर बिना तिरपाल ढके मिट्टी ढो रहे हैं। इसके चलते सड़कों पर धूल का घना गुबार बना रहता है। बाइक और साइकिल सवारों को आगे का रास्ता तक दिखाई नहीं देता, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी चिंताजनक है।

ग्रामीणों का आरोप है कि डंपरों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण क्षेत्र में पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। मार्ग किनारे स्थित घरों और दुकानों में दिनभर धूल की परत जम रही है, जबकि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से लोगों का रहना और व्यापार करना मुश्किल हो गया है।

'' खस्ताहाल हो रही है सड़के ''

कोड़वा, बैनाटीकरहार व अगासंड मार्ग पर ग्रामीणों का जीवन दूभर, ओवरलोड डंपरों से सड़कों की हालत खस्ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश डंपर ओवरलोड होकर चल रहे हैं। जिन ग्रामीण संपर्क मार्गों का निर्माण सामान्य यातायात को ध्यान में रखकर किया गया था, वे भारी और ओवरलोड वाहनों का दबाव झेलने में सक्षम नहीं हैं। परिणामस्वरूप सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और कई स्थानों पर सड़क की परत उखड़ने लगी है। बरसात के मौसम में यही गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कें समय से पहले ही जर्जर हो रही हैं, जबकि इनके निर्माण और मरम्मत पर सरकारी धन खर्च किया जाता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि परिवहन विभाग और संबंधित एजेंसियां समय-समय पर कार्रवाई का दावा करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात में कोई खास सुधार दिखाई नहीं देता। लोगों के बीच यह चर्चा है कि आखिर शिकायतों और दुर्घटनाओं के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वाले डंपरों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है। इससे प्रशासनिक निगरानी और कार्रवाई की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर जनता दर्शन सहित विभिन्न मंचों पर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से डंपरों की गति पर नियंत्रण, बिना तिरपाल चल रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई, नियमित पानी का छिड़काव, ओवरलोडिंग की जांच तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

लगातार बढ़ रहे जनाक्रोश के बीच अब सवाल यह है कि प्रशासन धूल, दुर्घटनाओं और सड़कों को बर्बाद कर रहे ओवरलोड डंपरों पर कब प्रभावी अंकुश लगा पाएगा।

# उद्घाटन के महीनों बाद भी बंद पड़े अन्नपूर्णा भवन, कोटेदारों के घर से बंट रहा राशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा, बाराबंकी। निंदूरा क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित अन्नपूर्णा भवन उद्घाटन के कई माह से लेकर लगभग एक वर्ष बाद भी उपयोग में नहीं आ सके हैं। इन भवनों से राशन वितरण शुरू न होने के कारण ग्रामीणों को आज भी कोटेदारों के घर अथवा अन्य स्थानों से राशन प्राप्त करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बहरौली, सैंदर, महोलिया, मोहसंड समेत करीब आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा होने के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा उद्घाटन भी किया जा चुका है, लेकिन राशन दुकानों का संचालन अभी तक इन भवनों में स्थानांतरित नहीं किया गया है। प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया था। ऐसे में भवन तैयार होने और उद्घाटन के बाद भी उनका उपयोग न होना ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना




हुआ है। कई स्थानों पर लंबे समय से खाली पड़े भवनों में टूट-फूट के भी संकेत दिखाई देने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन भवनों से राशन वितरण शुरू नहीं होना था तो इनके निर्माण पर खर्च की गई सरकारी धनराशि का उद्देश्य क्या था। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर समीक्षा किए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी निंदूरा और जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन स्थानों पर राशन दुकानें अभी तक अन्नपूर्णा भवनों में स्थानांतरित नहीं हुई हैं, उनकी जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन-व्यापारी संवाद, जाम, अतिक्रमण और सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। मुहर्रम पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था, व्यापारियों की सुरक्षा और शहर की यातायात समस्याओं को लेकर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने की, जबकि नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे।




बैठक में व्यापारियों ने शहर में बढ़ती ई-रिक्शा और ऑटो की संख्या से लगने वाले जाम, अतिक्रमण, पार्किंग की समस्या तथा प्रमुख बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन ने मसौली में हुई चोरी की घटना के शीघ्र खुलासे की मांग करते हुए सतरिख नाका और पल्हरी चौराहे की यातायात समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री पं. राजेश शर्मा 'फक्कड़' ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की आवश्यकता बताई। वहीं विभिन्न व्यापारी नेताओं और समाजसेवियों ने शहर में पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने तथा ई-रिक्शा संचालन के लिए निर्धारित रूट और स्टैंड बनाए जाने की मांग की।

एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने व्यापारियों की समस्याओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा मुहर्रम पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। ईओ संजय कुमार शुक्ला ने अतिक्रमण हटाने के अभियानों में व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा जताई।

बैठक में विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पीएम स्वनिधि योजना, लोक कल्याण मेला आज

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 1 जून से 30 जून तक चल रहे विशेष अभियान के तहत 18 जून को नगर पालिका परिषद नवाबगंज में वृहद स्तर पर लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवारों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा।
नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में पात्र पथ विक्रेताओं को लोन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही वेंडरों को डिजिटल एक्टिवेशन और डिजिटल भुगतान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद की सभी नगर निकायों में 18 जून को योजना के तहत विशेष आयोजन किए जाएंगे। संजय शुक्ला ने सभी शहरी पथ विक्रेताओं से मेले में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योजना की जानकारी प्राप्त करने तथा निशुल्क स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## वन दरोगा बनकर सर्राफ को लगाया डेढ़ लाख से अधिक का चूना, मुकदमा दर्ज

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खुद को वन विभाग का दरोगा बताने वाले एक युवक पर लाखों रुपये मूल्य के जेवर लेकर शेष भुगतान न करने का आरोप लगा है। पीड़ित सर्राफ की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
मामला असंद्रा थाना क्षेत्र की सिद्धौर पुलिस चौकी अंतर्गत नगर पंचायत सिद्धौर के सिद्धेश्वर वार्ड का है। यहां के निवासी गुलाब चंद्र सोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दुकान के पास किराये पर रहने वाला ललित यादव अक्सर वन विभाग की वर्दी पहनकर आता-जाता था और स्वयं को वन दरोगा बताता था। वर्दी का रौब दिखाकर हासिल किया भरोसा, जेवर लेकर भुगतान किए बिना ही चलता बना। सरकारी अधिकारी समझकर क्षेत्र के लोग उस पर विश्वास करते थे।
आरोप है कि 15 अप्रैल 2026 को ललित यादव ने उनकी दुकान से 1 लाख 77 हजार 900 रुपये मूल्य के जेवर लिए। इस दौरान उसने 30 हजार रुपये नकद अदा किए और शेष 1 लाख 47 हजार 900 रुपये शीघ्र देने का भरोसा दिलाया। पीड़ित के अनुसार आरोपी करीब चार माह से दुकान के पास रह रहा था, जिसके चलते उस पर भरोसा कर लिया गया।
गुलाब चंद्र सोनी का कहना है कि इसके बाद आरोपी लगातार भुगतान टालता रहा। न तो उसने बकाया रकम दी और न ही जेवर वापस किए। मंगलवार सुबह आरोपी के अपने कमरे पर आने की सूचना मिलने पर डायल-112 को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गया।
पीड़ित ने पुलिस से बकाया धनराशि दिलाने अथवा जेवर वापस कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कथित अपहरण, बलात्कार एवं धर्मांतरण के मामले में अभियुक्त को न्यायालय से मिली राहत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद सुल्तानपुर के एफ.टी.सी.-1 न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 87 तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/5(1) के अंतर्गत दर्ज कथित अपहरण, बलात्कार एवं धर्मांतरण के मामले में अभियुक्त की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उसे जमानत पर रिहा किए जाने का आदेश पारित किया।
अभियुक्त की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ ने प्रभावी एवं तथ्यपरक पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया कि अभियुक्त को दुर्भावनावश झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाकर मुकदमे में फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने यह भी अवगत कराया कि विवेचना के दौरान पीड़िता ने अभियोजन के आरोपों का समर्थन नहीं किया तथा अपने बयान में लगाए गए आरोपों को स्वीकार नहीं किया, जिससे अभियोजन की कहानी प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होती है।
बचाव पक्ष की दलीलों, उपलब्ध अभिलेखों एवं दोनों पक्षों की बहस पर विचार करने के उपरांत माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को जमानत प्रदान करने का आदेश पारित किया। अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ ने कहा कि न्यायालय ने उपलब्ध तथ्यों एवं विधिक पहलुओं का सम्यक परीक्षण करने के उपरांत अभियुक्त को राहत प्रदान की है। उन्होंने न्यायपालिका पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय निष्पक्ष रूप से तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर न्याय प्रदान करता है।

# भीषण गर्मी से जूझ रहे ग्रामीण, 05 दिन से अंधेरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुड़वार/सुल्तानपुर। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते 05 दिनों से क्षेत्र के पूरे तिलक गांव के लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे है। बिजली विभाग केवल सांत्वना देता दिखाई दे रहा है।

बता दे कि 05 दिन पूर्व पूरे तिलक तिवारी गांव में लगा विद्युत परिवर्तक जल गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विभाग को दी। सूचना के बाद पहुंचे विभागीय कर्मियों ने विद्युत विभाग के स्टोर से रिपेयर ट्रांसफार्मर मंगवा कर लगाया जो एक घंटा भी राहत नहीं दे सका। दूसरे दिन भी फिर ट्रांसफार्मर आया और वही हुआ। विद्युत विभाग लगातार तीन ट्रांसफार्मर बदल चुका लेकिन ग्रामीणों को भीषण गर्मी से निजात नहीं मिल सकी। पूरा गांव अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहा है। जेई अवधेश मौर्य के अनुसार उनके द्वारा गर्मी की शुरुआत के पहले ही ट्रांसफार्मर को लोड के चलते 250 केवीए का करने का प्रस्ताव



भेज दिया गया था। जो अभी अधीक्षण अभियंता अयोध्या मंडल के कार्यालय में पेंडिंग है। वही अधिशासी अभियंता ने बताया कि लोड बांटने के लिए एक 25 केवीए का अलग से ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक 100 केवीए का परिवर्तक बदला नहीं गया है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## एक माह तक गूंजता रहा नमः शिवाय',हवन-पूजन व भंडारे के साथ हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुड़वार/संवाददाता। क्षेत्र के गोविंदपुर स्थित प्राचीन गोविंदेश्वर महादेव मंदिर में पिछले एक माह से चल रहे अखंड '? नमः शिवाय' मंत्र जाप का बुधवार को विधि-विधानपूर्वक समापन हो गया। 17 मई से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 15 जून तक निरंतर चलता रहा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का आयोजन किया गया। विद्वान आचार्यों ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा।



हवन-पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों तथा क्षेत्र से पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर परिवार की खुशहाली और मंगल की कामना की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि एक माह तक चले मंत्र जाप और धार्मिक कार्यक्रमों से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रामीणों और भक्तों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## मोहर्रम की मजलिसों का सिलसिला जारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। पहली मोहर्रम की मजलिस सुबह हुसैनिया नौतामीर गोराबारिक अमहट सुल्तानपुर में हुई जिनको मौलाना सैयद सिबतैन अब्बास रिजवी ने पढ़ा उन्होंने कहा कि जंगे आजादी के मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था काश हुसैन जैसे हमें भी 72साथी मिल जाते तो मैं 24घंटे में भारत को आजाद करा देता हुसैन ने इन्सानियत को वह हौसला दिया है कि हुसैन की शहादत के बाद हर जालिम मजलूम से डरने लगा है जो इन्सान मरने को तैयार हो जाये उसे कभी कोई हरा नहीं सकता विजय हमेशा सच कीहोती है झूठ की नहीं हक पर रहकर जान देकर इन्सानियत को बचाना यह हमें हुसैन से मिला है आज दुनिया की सुपर पावर ताकतें अगर डरती हैं तो हुसैन वालोंसे हर हुसैनी खुदा के अलावा और किसी से नहीं डरता।यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर ने दी है।

# अमृता खास में गंदगी का आतंक सफाई कर्मचारी पर गुंडई के आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।बीसलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमृता खास में गंदगी ने विकराल रूप ले लिया है। हालात इतने खराब हैं कि गांव की गलियां और नालियां कूड़े से पटी पड़ी हैं और बदबू के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है। इस गंभीर मामले को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा ने जिलाधिकारी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी पूरी तरह मनमानी पर उतारू है। वह महीने में महज एक-दो दिन ही दिखता है और बाकी समय गांव को गंदगी के नरक में छोड़ देता है। हालात यह हैं कि जगह-जगह कूड़े के ढेर, बजबजाती नालियां और सड़कों पर फैली गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शिकायत करने वाले ग्रामीणों को डराया-धमकाया जा रहा है। आरोप है कि सफाई कर्मचारी न सिर्फ अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, बल्कि झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। कई मामलों में शिकायतकर्ताओं के घर पहुंचकर हंगामा और दबाव बनाने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे गांव में भय का माहौल बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। गांव में मच्छरों और गंदगी के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी कर्मचारी को तत्काल निलंबित किया जाए। साथ ही गांव में नियमित सफाई व्यवस्था बहाल कर शिकायतकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है।

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट: पूरनपुर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक, ड्रोन से होगी निगरानी

पूरनपुर।आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली पूरनपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने ताजिएदारों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों तथा दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों के साथ विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानक 12 फीट से अधिक नहीं होगी तथा जुलूस केवल पारंपरिक और पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी साथ ही जुलूस को तय समय पर शुरू कर निर्धारित समय पर ही समाप्त करने के निर्देश दिए गए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे और शांति का प्रतीक है सभी लोग पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें ।

# फीफा विश्व कप 2026: एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया

एजेंसी

न्यूयॉर्क, । दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। मंगलवार को खेले गए ग्रुप-आई मुकाबले में फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया, जिसमें स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।



पहले हाफ में सेनेगल ने फ्रांस को कड़ी चुनौती दी और कई मौके भी बनाए, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। फ्रांस की टीम भी शुरुआती 45 मिनट में संघर्ष करती नजर आई।

दूसरे हाफ में कोच दिदिए देशां की रणनीति काम आई। माइकल ओलीसे को दाएं विंग से बीच में लाने के बाद फ्रांस के आक्रमण में तेजी आई। इसका फायदा 66वें मिनट में मिला जब ओलीसे के शानदार पास पर एम्बाप्पे ने बॉक्स में दौड़ लगाते हुए गोल कर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद फ्रांस ने दबाव बनाए रखा और मैच के अंतिम चरण में ब्रैडली बारकोला ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया।

हालांकि अतिरिक्त समय में सेनेगल के लिए इब्राहिम एमबाये ने एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया, लेकिन फ्रांस की बढ़त ज्यादा देर तक खतरे में नहीं रही।

मैच के 96वें मिनट में एम्बाप्पे ने लंबी दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दाग दिया। इस गोल के साथ एम्बाप्पे फ्रांस के सर्वकालिक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उनके नाम अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 58 गोल हो गए हैं।

विश्व कप इतिहास में भी एम्बाप्पे ने नया मुकाम हासिल किया। उनके विश्व कप गोलों की संख्या 14 हो गई है और अब वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोज़े (16 गोल) से सिर्फ दो गोल पीछे हैं। एम्बाप्पे ने इस सूची में पेले, लियोनेल मेसी और जस्ट फोंटेन को पीछे छोड़ दिया है।

फ्रांस अब अपने अगले मुकाबले में इराक से भिड़ेगा, जबकि उसके बाद उसका सामना एरलिंग हालांड की टीम नॉर्वे से होगा। वहीं सेनेगल को नॉकआउट दौर की उम्मीद बनाए रखने के लिए आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# ईशान किशन का लखनऊ में तूफानी शतक अफगानिस्तान के खिलाफ रचा नया रिकॉर्ड

एजेंसी

लखनऊ । इकाना स्टेडियम में बुधवार को भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए केवल 71 गेंदों में शतक पूरा कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



ईशान ने शुरुआत संभल कर की और अपना अर्धशतक 52 गेंदों में पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदलते हुए अगली 53 रन केवल 19 गेंदों में बना डाले। शतक पूरा करते ही उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का अभिवादन किया, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने मैदान पर उन्हें गले लगाया।

लखनऊ में सबसे तेज शतक का रिकार्ड ईशान के नाम, दूसरे नंबर पर गिल ईशान के शतक तक पहुंचने वाला क्षण भी बेहद खास रहा। अफगानिस्तान के गेंदबाज बिलाल सामी की गेंद पर उन्होंने शानदार कट शॉट खेलते हुए चौका लगाया और इसी के साथ अपना शतक पूरा किया।

यह शतक कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। ईशान किशन अब अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज एकदिवसीय शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा वह लखनऊ में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। इसी मैच में शुभमन गिल ने भी 76 गेंदों पर शतक पूरा किया और लखनऊ के इस मैदान पर सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 35 ओवर में 2 विकेट पर 294 रन बना लिए हैं। गिल 122 और ईशान किशन 122 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अंडर 19 महिला ट्रॉयल के लिए 12 क्रिकेटर चयनित

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर 19 महिला टीम का ट्रायल 19 जून को प्रातः सात बजे कमला क्लब मैदान, कानपुर पर होगा। ट्रायल के लिए इलाहाबाद मंडल की 12 क्रिकेटरों का चयन किया है।

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा के अनुसार चयनित क्रिकेटरों में खुशी सिंह, अंशिका अस्थाना, हंसी सिंह, संध्या यादव, कात्यायिनी पाठक, अनामिका चक्रवर्ती, भार्गवी पांडेय, शिवानी मौर्या, अक्शा फातिमा, वंदना साहू, रिया सोनकर एवं आस्था मिश्रा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी को अपने आधार कार्ड और डिजिटल मूल जन्म प्रमाणपत्र एवं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन रजिस्ट्रेशन स्लिप के साथ ट्रायल में भाग लेना होगा। ट्रायल सफ़ेद किट और लाल गेंद से होगा।

### फीफा विश्व कप 2026: नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराकर की विजयी शुरुआत

बोस्टन। स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालांड के शानदार दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में मंगलवार को इराक को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। 28 वर्षों बाद विश्व कप में लौटी नॉर्वे की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए। मुकाबले में नॉर्वे ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई, जब हालांड ने पहला गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि इराक ने हार नहीं मानी और 39वें मिनट में अयमन हुसैन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन बराबरी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले इराक की रक्षा पंक्ति की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए हालांड ने गलत बैकपास पर तेजी दिखाकर गेंद को जाल में पहुंचाया और नॉर्वे को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में नॉर्वे ने खेल पर पकड़ मजबूत बनाए रखी। 76वें मिनट में लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम का तीसरा गोल किया। इसके बाद अतिरिक्त समय में इराक के खिलाड़ी अयमन के आत्मघाती गोल ने नॉर्वे की जीत पर मुहर लगा दी और मुकाबला 4-1 से समाप्त हुआ।

इस जीत के साथ नॉर्वे ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर ग्रुप-आई में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं इराक को अगले मुकाबले में वापसी के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की वापसी

एंटीगा। श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की चोट के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा और अमीर जंगू को भी दोबारा मौका मिला है।

अल्जारी और शमार पिछले वर्ष भारत और न्यूजीलैंड दौरे के दौरान चोट के कारण टीम से बाहर थे। दोनों ने आखिरी बार 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला खेला था। उनकी वापसी से वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें केमार रोच और जेडन सील्स भी शामिल हैं।

विकेटकीपर की भूमिका में जोशुआ डा सिल्वा की वापसी हुई है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हालिया वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप में सात पारियों में 413 रन बनाए और प्रतियोगिता के सबसे सफल बल्लेबाज रहे।

वहीं पिछले दौरे में विकेटकीपिंग करने वाले तेविन इमलाच को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ 18 से 21 जून तक होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच के लिए वेस्टइंडीज चयन एकादश का कप्तान बनाया गया है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज अमीर जंगू भी लंबे समय बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। उन्होंने घरेलू सत्र में सात पारियों में 411 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा।

मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि हर टेस्ट सीरीज टीम के लिए अपनी पहचान मजबूत करने और बेहतर बनने का अवसर होती है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका मजबूत टीम है और वेस्टइंडीज को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

सैमी ने बताया कि खिलाड़ी 12 जून से एंटीगा में चल रहे उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे टीम को अपनी तैयारी बेहतर करने का अवसर मिल रहा है। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है, जिसमें वेस्टइंडीज फिलहाल नौवें स्थान पर है। पहला टेस्ट 25 से 29 जून और दूसरा टेस्ट 3 से 7 जुलाई तक नॉर्थ साउंड में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज टेस्ट टीमः रोस्टन चेस (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), जॉन कैम्पबेल, टैगेनरीन चंद्रपॉल, जोशुआ डा सिल्वा (विकेटकीपर), जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, शाई होप, अमीर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, केमार रोच और जेडन सील्स।

### सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग का आईपीओ, 19 जून तक कर सकते हैं आवेदन

नई दिल्ली । इंटीग्रेटेड इंजीनियरिंग सर्विस देने वाली कंपनी लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज का 88.51 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 19 जून तक बोली लगाई जा सकती है।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 22 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 23 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 24 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद शाम तीन बजे तक इस आईपीओ को 34 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 21 रुपये से लेकर 23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 800 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,56,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 11.22 लाख शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 27 करोड़ रुपये के 8.42 लाख नए शेयर और 7 करोड़ रुपये के 2.22 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं।

इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए सिर्फ 1.03 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रखा गया है। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 60.07 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 38.90 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि इंटिग्रेटेड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

# मुंबई में 'साइक्लिंग बाय द सी' के साथ हुआ फिट इंडिया साइक्लोथॉन, केंद्रीय खेलमंत्री ने किया नेतृत्व

एजेंसी

मुंबई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया विजन को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को मुंबई के वर्ली कोस्टल साइकिल ट्रैक पर फिट इंडिया साइक्लोथॉन ऽ 'साइक्लिंग बाय द सी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया। इस आयोजन में फिटनेस प्रेमियों, साइकिल चालकों, युवाओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। डॉ. मांडविया ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों के साथ साइकिल यात्रा में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार फिटनेस को जन आंदोलन बनाने और सक्रिय जीवनशैली के जरिए विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ, ताहा शाह बदुशा, ऐश्वर्या राज भाखुनी तथा ओलंपियन पहलवान एवं पुलिस उपायुक्त नरसिंह यादव भी शामिल हुए और नागरिकों को फिटनेस अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार फिटनेस को विकसित भारत की आधारशिला बताते रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट देशभर के नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने साइक्लिंग के व्यापक महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के कारण ईंधन आपूर्ति को लेकर उत्पन्न चुनौतियों के बीच साइकिल को टिकाऊ और ऊर्जा-कुशल परिवहन के रूप में बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइक्लिंग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. मांडविया ने बताया कि पिछले दो वर्षों में फिट इंडिया अभियान में देशभर से लाखों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जिससे देश में फिटनेस संस्कृति को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा, एक फिट नागरिक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और स्वस्थ समाज समृद्ध राष्ट्र की नींव होता है। विकसित भारत के निर्माण की दिशा में फिटनेस एक महत्वपूर्ण माध्यम है। फिट इंडिया साइक्लोथॉन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के उस अभियान का हिस्सा है जिसके तहत नागरिकों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने और नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य फिट इंडिया आंदोलन के जरिए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को गति देना है।

## इकाना स्टेडियम 10वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की कर रहा मेजबानी

लखनऊ । भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आज भारत और अफगानिस्तान के बीच एक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जा रहा है। लखनऊ स्थित यह स्टेडियम अपने इतिहास का 10वां अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित कर रहा है। वहीं भारतीय टीम यहां अपना तीसरा मुकाबला खेल रही है। इससे पहले खेले गए दो मैचों में भारत को एक में जीत और एक में हार मिली है। मौसम की चुनौती को देखते हुए आज खेले जा रहे मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों को राहत देने के लिए तीन ड्रिंक्स ब्रेक रखे गए हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार ड्रिंक्स ब्रेक दोपहर 2:30 बजे, 3:30 बजे और 4:30 बजे होंगे। टॉस से पहले भारतीय टीम में एक खास पल देखने को मिला, जब श्रेयस अय्यर ने प्रिंस यादव को डेब्यू कैप सौंपी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से जुड़े प्रिंस यादव अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे हैं।

# न्यूजीलैंड ने 2026-27 केंद्रीय अनुबंध सूची जारी की, डेवन कॉनवे की वापसी

एजेंसी

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने 2026-27 सत्र के लिए बुधवार को अपनी केंद्रीय अनुबंध सूची घोषित कर दी है। इस सूची में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे की वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को भी दोबारा अनुबंध मिला है। वहीं आदित्य अशोक और मोहम्मद अब्बास इस बार सूची से बाहर हो गए हैं। डेवन कॉनवे पिछले दो वर्षों से दुनिया भर की टी-20 लीगों में व्यस्त रहने के कारण न्यूजीलैंड बोर्ड के साथ केवल सीमित समझौते के तहत जुड़े हुए थे। हालांकि अब उन्होंने अगस्त 2026 से जुलाई 2027 तक राष्ट्रीय टीम के सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध करा दिया है।



न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि कॉनवे लंबे समय से तीनों प्रारूपों में टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है जब टीम को बड़े बदलावों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से केन विलियमसन के हालिया संन्यास के बाद कॉनवे का अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दूसरी ओर तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उनके पांच विकेट भी चयन का बड़ा आधार बने। पिछले सत्र में केंद्रीय अनुबंध पाने वाले जैक फॉल्क्स और मिच हे ने भी अपना स्थान बरकरार रखा है। एनजेडसी ने यह भी स्पष्ट किया कि माइकल ब्रेसवेल और मार्क चैपमैन ने टेस्ट क्रिकेट अनुबंध रैंकिंग में शामिल नहीं होने का अनुरोध किया है। दोनों खिलाड़ी अब केवल सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ के रूप में केंद्रीय अनुबंध सूची में रहेंगे। बोर्ड ने बताया कि आने वाले सप्ताहों में सीमित अनुबंध (कैजुअल प्लेइंग एग्रीमेंट) की भी घोषणा की जाएगी, जिसमें फिन एलेन, लॉकी फर्ग्यूसन और टिम सिफर्ट जैसे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

## फीफा विश्व कप 2026: मेसी की हैट्रिक से अर्जेंटीना की शानदार शुरुआत, अल्जीरिया को 3-0 से हराया

एजेंसी

कैन्सस सिटी । स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए फीफा विश्व कप 2026 के पहले मुकाबले में हैट्रिक लगाई और अर्जेंटीना को अल्जीरिया पर 3-0 की शानदार जीत दिलाई।

38 वर्षीय मेसी ने मैच में तीन गोल दागकर न केवल टीम को जीत दिलाई, बल्कि विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मेसी अब विश्व कप में 16 गोल के साथ जर्मनी के पूर्व स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज़े के बराबर पहुंच गए हैं।

इसके साथ ही मेसी विश्व कप के इतिहास में पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि क्रिस्टियानो रोनाल्डो हासिल कर चुके हैं।

अर्जेंटीना ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मेसी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए अल्जीरिया की रक्षा पंक्ति को लगातार परेशान किया। उनके तीनों गोलों ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

मेसी ने इस मुकाबले के साथ एक और रिकॉर्ड बनाया। वह विश्व कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए और इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया।

विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ अपने अभियान की दमदार शुरुआत की है और टीम ने खिताब बचाने की दिशा में मजबूत संकेत दिए हैं।

अब अर्जेंटीना अपने अगले मुकाबले में इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा, जबकि अल्जीरिया वापसी की उम्मीद के साथ अगले मैच की तैयारी करेगा।

## स्टॉक मार्केट में उत्कल स्पेशलिटी की निराशाजनक शुरुआत, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। ग्राहकों की जरूरत के हिसाब से पेपर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी उत्कल स्पेशलिटी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 66 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 66 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर टूट 62.70 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 3.30 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। उत्कल स्पेशलिटी का 34.54 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.89 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.10 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 52.34 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 3.24 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 6.68 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गए, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से इन दोनों सूचकांकों ने रिकवर कर हरे निशान में अपनी जगह बना ली। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, एटरनल, टेक महिंद्रा, नेस्ले और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 3.30 प्रतिशत से लेकर 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टीएमपीवी, ओएनजीसी, सिप्ला, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयर 1.52 प्रतिशत से लेकर 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,794 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,782 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,012 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर आठ शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 271.61 अंक की मजबूती के साथ 77 हजार अंक के स्तर को पार कर 77,080.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक गिर कर लाल निशान में 76,768.49 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।

# भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है: डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी

उदयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल महाराणा प्रताप या उनकी सेना का युद्ध नहीं था, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रतिरोध का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों और स्वयं मुगल इतिहासकारों के विवरणों से स्पष्ट होता है कि हल्दीघाटी में विजय महाराणा प्रताप की ही हुई थी।

भागवत बुधवार को उदयपुर के गांधी मैदान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती तथा हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्र चेतना संकल्प सभा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देशभर में महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई जाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र अपने उन महापुरुषों को स्मरण करता है जिन्होंने स्वाभिमान, स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध में सेना, संसाधन और शस्त्रों के स्तर पर मुगल साम्राज्य का पलड़ा भारी था। महाराणा प्रताप के पास सीमित साधन थे, धन कम था और सैन्य शक्ति भी अपेक्षाकृत कम थी, फिर भी उन्होंने संघर्ष का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत का समाज कभी भी पराधीनता को सहज रूप से स्वीकार करने वाला नहीं रहा। जब भी किसी आक्रांता ने इस भूमि पर अधिकार करने का प्रयास किया, उसी क्षण से उसके प्रतिरोध की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। सरसंघचालक ने कहा कि इतिहास के अनेक प्रसंगों को समय-समय पर एक विशेष नैरेटिव के तहत प्रस्तुत किया गया। हल्दीघाटी के युद्ध के संदर्भ में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मुगल



इतिहासकारों के विवरणों में स्वयं उल्लेख मिलता है कि युद्ध के दौरान मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा था। यदि युद्ध के विभिन्न चरणों में मुगल सेना को लगातार कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और युद्ध के बाद भी वह भय और असुरक्षा की स्थिति में रही, तो यह विचार करना आवश्यक है कि वास्तविक विजय किसकी थी। भागवत ने युद्ध के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले आक्रमण में मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा। दूसरे चरण में प्रताप की सेना के पराक्रम का ऐसा प्रभाव दिखाई दिया कि शत्रु पक्ष के प्रमुख योद्धाओं को भारी क्षति उठानी पड़ी। उन्होंने चेतक के अद्वितीय साहस और युद्ध कौशल का भी उल्लेख किया। तीसरे चरण के युद्ध के बाद मुगल सेना की स्थिति ऐसी थी कि वह खुले रूप से आगे बढ़ने का साहस नहीं कर सकी और स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयासों में लगी रही। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास उन लोगों का इतिहास नहीं है जो पराजित होकर बैठ गए, बल्कि उन लोगों का इतिहास है जिन्होंने निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम से उठी वह आक्रामक लहर, जिसने स्पेन से लेकर साइबेरिया तक अपना प्रभाव स्थापित किया था, भारत में भी प्रवेश करना चाहती थी, किंतु बप्पा रावल, ललितादित्य और अन्य वीरों के कारण उसे यहां अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। भागवत ने कहा कि भारतीय समाज ने अनेक कठिनाइयों और संघर्षों का सामना किया, किंतु अपनी संस्कृति और धर्म को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा कि समाज में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब राष्ट्र और संस्कृति पर संकट आता है तो भारत का समाज एकजुट होकर खड़ा हो जाता है।

हालांकि केवल संकट के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी समाज को संगठित और एकताबद्ध रहने की आवश्यकता है। महाराणा प्रताप का जीवन भी इसी संदेश का प्रतीक है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार विजेताओं या सत्ता के निकट रहने वाले लोगों द्वारा इतिहास को अपने दृष्टिकोण से लिखा गया। उन्होंने बाबू कुंवर सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में उन्होंने अपना राज्य पुनः प्राप्त किया और लंबे समय तक स्वतंत्र शासन भी किया, किंतु इतिहास के कुछ विवरणों में घटनाओं को अलग रूप में प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार हल्दीघाटी के युद्ध के संबंध में भी तथ्यों की पुनर्समीक्षा की आवश्यकता है।

# बेकार भूमि को पुन: उपजाऊ बनाने में भारत अग्रणी देशों में शामिल : भूपेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत हमेशा स्वच्छ पर्यावरण और सतत भूमि प्रबंधन की वैश्विक मुहिम में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और इसी का परिणाम है कि वर्ष 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य के मुकाबले देश अब तक 2.176 करोड़ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने (पुनर्स्थापन) प्रयासों के दायरे में लाया जा चुका है।

श्री यादव ने बुधवार को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस-2026 के अवसर पर यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नीति प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक नवाचार और जनभागीदारी के समन्वय से पर्यावरणीय पुनर्स्थापन को सतत विकास का प्रभावी माध्यम बनाया जा सकता है। उन्होंने क्षतिग्रस्त भूमि के पुनर्स्थापन, सूखा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, विज्ञान आधारित निगरानी, सामुदायिक भागीदारी तथा प्रकृति आधारित समाधानों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी, बल्कि आजीविका मजबूत होगी और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत अब तक देशभर में 266 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा अरावली ग्रीन वॉल पहल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अपने वार्षिक लक्ष्यों को पार कर लिया है तथा मिश्टी कार्यक्रम के तहत वर्ष 2028 तक 54 हजार हेक्टेयर मैंग्रोव क्षेत्र के पुनर्स्थापन का लक्ष्य रखा गया है। श्री यादव ने कहा कि ग्रीन इंडिया मिशन, कैंपा और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समेत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बड़े पैमाने पर हरितीकरण, वनीकरण और भूमि संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने 'इंडियन फॉरेस्टर' का विशेष अंक तथा बॉन चैलेंज पर भारत की दूसरी प्रगति रिपोर्ट जारी की।

# बंगाल में 10 लाख की इनामी माओवादी नेता 'पुष्पा' ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ज़िला स्थित बेलपहाड़ी में माओवादी आंदोलन से लंबे समय से जुड़ी नेता पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा ने बुधवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। वर्ष 2001 से माओवादी गतिविधियों से जुड़ी रहीं पुष्पा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उन्हें नहीं लगता कि आंदोलन आगे अधिक दूर तक बढ़ पाएगा, इसलिए उन्होंने सरकार की पुनर्वास संबंधी नीतियों और आश्वासनों पर भरोसा जताते हुए यह कदम उठाया है।

वह पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की सदस्य थी और झारखंड-ओडिशा-बिहार सीमाओं के पार सारंडा वन क्षेत्र से संचालित होती थी।उस पर 10 लाख का इनाम था। पुलिस ने आत्मसमर्पण के दौरान एक एसएलआर राइफल, एक मैगज़ीन और 37 राउंड गोला-बारूद बरामद किया।

बुधवार को लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण के बाद दलमा दस्ते की जोनल कमेटी की सदस्य पुष्पा ने पुलिस आयुक्त अजय नंद की उपस्थिति में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आवास उपलब्ध कराने और परिवार के साथ रहने की व्यवस्था किए जाने के आश्वासन ने उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना था कि वर्तमान में जिस प्रकार का आंदोलन चल रहा है, उसके अधिक आगे बढ़ने की संभावना उन्हें नहीं दिखाई देती। पुष्पा का आत्मसमर्पण सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पिछले महीने झारखंड क्षेत्र की वरिष्ठ माओवादी श्रद्धा विश्वास उर्फ बेला को कोलकाता पुलिस ने उत्तर काशीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

नदिया जिले के चाकदह निवासी बेला झारखंड क्षेत्रीय समिति की सदस्य थीं और लंबे समय से झारखंड में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। इसके अलावा हुगली जिले के जंगीपाड़ा निवासी माधाई पात्र भी पहले आत्मसमर्पण कर चुके हैं। अब पुष्पा के मुख्यधारा में लौटने के साथ आत्मसमर्पण करने वाले पूर्व माओवादी नेताओं की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि लगातार चल रहे आत्मसमर्पण और गिरफ्तारी अभियान से माओवादी संगठन की गतिविधियों पर प्रभाव पड़ रहा है तथा कई सदस्य हिंसा का रास्ता छोड़कर सामान्य जीवन की ओर लौटने में रुचि दिखा रहे हैं।

# केवल सुरक्षा मुद्दों तक सीमित नहीं अमेरिका-ईरान शांति समझौता

एजेंसी

न्यूयार्क। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते के मसौदे को जल्द से जल्द जारी करने की कोशिशें तेज की जा रही हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इस ऐतिहासिक दस्तावेज में दोनों देशों के बीच तुरंत सैन्य हमले रोकने, एक-दूसरे की सीमाओं और संप्रभुता का सम्मान करने और अगले 60 दिनों के भीतर एक अंतिम शांति समझौते तक पहुंचने का पूरा खाका तैयार किया गया है। यह समझौता केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ईरान पर से आर्थिक प्रतिबंध हटाने, समुद्र में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बहाल करने और ईरान की अर्थव्यवस्था को दोबारा मजबूत करने जैसी बड़ी शर्तें भी जोड़ी गयी हैं। इसके अलावा, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, ईरान की जब्त संपत्तियों को मुक्त करने और पूरी प्रक्रिया की अंतरराष्ट्रीय निगरानी जैसे महत्वपूर्ण बिंदु भी इसमें शामिल हैं। इस समझौते को पूरी तरह कानूनी रूप देने के लिए अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का एक विशेष प्रस्ताव भी लाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस समझौते के तहत कई प्रमुख शर्त और नियम तय किए गए हैं। इस पर हस्ताक्षर होते ही ईरान और अमेरिका, साथ ही इस युद्ध में शामिल उनके सभी सहयोगी देश हर मोर्चे (लेबनान सहित) पर लड़ाई को तुरंत और हमेशा के लिए रोक देंगे। दोनों पक्ष भविष्य में एक-दूसरे पर कोई हमला नहीं करने के लिए भी प्रतिबद्ध होंगे।

इसके साथ ही, दोनों देश एक-दूसरे की आजादी, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरा सम्मान करेंगे। दोनों में से कोई भी देश एक-दूसरे के घरेलू और आंतरिक मामलों में किसी भी तरह की दखलंदाजी नहीं करेगा। दोनों देशों ने यह भी तय किया है कि वे इस समझौते के बाद अगले 60 दिनों के भीतर हर हाल में एक अंतिम और स्थाई शांति समझौते पर पहुंच जाएंगे। अगर दोनों पक्ष चाहें तो आपसी सहमति से इस समय-सीमा को आगे भी बढ़ा सकते हैं।

जैसे ही इस समझौते पर दस्तखत होंगे, अमेरिका तुरंत ईरान की समुद्री नाकेबंदी को खत्म कर देगा। अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि समुद्र में ईरान के जहाजों के रास्ते में कोई रुकावट न आए। अगले 30 दिनों के भीतर समुद्री व्यापार और जहाजों का आना-जाना पूरी क्षमता के साथ उसी स्तर पर बहाल कर दिया जाएगा, जैसा कि युद्ध शुरू होने से पहले था।इसके बदले में अमेरिका ने यह भी वादा किया है कि अंतिम समझौता होने के 30 दिनों के भीतर वह ईरान के आसपास के इलाकों से अपनी सेनाओं को पूरी तरह से हटा लेगा।

दूसरी तरफ, ईरान भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए तुरंत ऐसे कदम उठाएगा जिससे अरब की खाड़ी से ओमान की खाड़ी तक व्यापारिक जहाजों का आना-जाना अगले 30 दिनों में पहले की तरह सामान्य हो जाए। इस दौरान समुद्र में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाने और तकनीकी दिक्कतों को दूर करने का काम भी ईरान खुद करेगा।

ईरान की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए अमेरिका अपने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर एक बड़ी योजना तैयार करेगा। इसके तहत ईरान के विकास के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर का धन सुनिश्चित किया जाएगा। इस आर्थिक मदद को जमीन पर उतारने का पूरा तरीका अंतिम समझौते के 60 दिनों के भीतर तय कर लिया जाएगा।

इसके अलावा, अमेरिका एक निश्चित समय-सारिणी के तहत ईरान पर लगे हर तरह के प्रतिबंधों को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के साथ-साथ अमेरिका के अपने सभी एकतरफा प्रतिबंध भी शामिल हैं।

परमाणु मुद्दे को लेकर दोनों देश इस बात पर सहमत हुए हैं कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित परमाणु सामग्री का आगे क्या करना है और उसकी भविष्य की परमाणु जरूरतों को कैसे पूरा किया जाए, इन सभी बातों का अंतिम फैसला मुख्य शांति समझौते में विस्तार से किया जाएगा। जब तक अंतिम समझौता नहीं हो जाता, तब तक दोनों देश यथास्थिति बनाए रखेंगे।

## सरकार ने पिछले 12 वर्षों में खड़ा किया मजबूत सुरक्षा तंत्र : शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने देश में सुरक्षा तंत्र को मज़बूत बनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और नक्सल उन्मूलन से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की मिसाल पेश की हैं। श्री शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश में ऐसा सुरक्षा तंत्र खड़ा किया है जो नागरिकों की रक्षा और दुश्मनों का विनाश करता है। गृह मंत्री ने कहा,''मोदी सरकार के 12 वर्षों में हमारे देश को सुरक्षा के एक ऐसे मज़बूत गढ़ के तौर पर फिर से खड़ा किया गया है जो नागरिकों की रक्षा करता है और दुश्मनों का विनाश कर देता है। चाहे वह सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्रवाई से सीमा पार के दुश्मनों का जवाब देना हो, अनुच्छेद 370 को हटाना हो, नक्सलवाद को खत्म करना हो या पूर्वोत्तर में 12 से ज़्यादा समझौतों के ज़रिए आंतरिक सुरक्षा को मज़बूत करना हो - भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी पक्की प्रतिबद्धता की ऐसी मिसालें पेश की हैं।

## मोदी 19 जून को 2400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि करेंगे वितरित

नयी दिल्ली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जून को यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत लगभग 2400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। इस योजना के तहत देशभर में 15 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, रोजगार सृजन, रोजगार के औपचारिकीकरण तथा सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार के उद्देश्य से शुरू की गयी इस योजना के तहत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाता है। इसके अलावा अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को प्रति अतिरिक्त कर्मचारी प्रति माह 3000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र के नियोक्ताओं को चार वर्ष तक और अन्य क्षेत्रों के नियोक्ताओं को दो वर्ष तक प्रोत्साहन का लाभ दिया जाता है। एक अगस्त 2025 से प्रभावी इस योजना का कुल परिव्यय 99,446 करोड़ रुपये है और इसके तहत दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ से अधिक रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सरकार का कहना है कि योजना के लगभग 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में प्रवेश करने वाले होंगे। कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को सहायता प्रदान करने वाली यह योजना औपचारिक रोजगार के विस्तार, सामाजिक सुरक्षा कवरेज को सुदृढ़ करने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# कच्चे तेल के आयात के लिए सिर्फ छह देशों पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम भरा: सीईईडब्ल्यू

एजेंसी

नयी दिल्ली। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) ने चेतावनी दी है कि कच्चे तेल के आयात में सिर्फ छह देशों पर भारत की अत्यधिक निर्भरता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

सीईईडब्ल्यू की बुधवार को जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत कच्चे तेल का 85 प्रतिशत से अधिक आयात केवल छह देशों से करता है, जिनमें रूस और पांच पश्चिम एशियाई देश शामिल हैं। यह आपूर्ति में कोई रुकावट आने पर, जैसा की इस समय परिस्थिति बनी है, लचीलेपन को सीमित कर रहा है। इसमें बताया गया है कि सिर्फ आयात पर निर्भरता ही नहीं, रिफाइनरियों की बनावट के कारण भी जोखिम है, क्योंकि देश केवल कुछ विशेष श्रेणी के कच्चे तेल का ही कम खर्च में शोधन करने की क्षमता रखता है।

अध्ययन में लंबी अवधि में कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता लाने और ब्राजील, गुयाना तथा पश्चिम अफ्रीका जैसे आपूर्तिकर्ताओं को शामिल करने की सलाह दी गयी है। साथ ही, रिफाइनरियों के आधुनिकीकरण और रिफाइनरी में बदलाव लाने के लिए एक राष्ट्रीय योजना बनाने का सुझाव दिया गया है। 'भारत का ऊर्जा भविष्य कितना सुरक्षित? पहुंच, विश्वसनीयता और क्रय शक्ति' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट के अनुसार, आपूर्तिकर्ताओं की सीमित संख्या, जोखिम भरे समुद्री मार्ग, सीमित रिजर्व और भंडारण क्षमता, रिफाइनरी से जुड़ी बाधाएं और वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करते हैं।

साल 2024 में देश ने अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 48 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 26 प्रतिशत कोयला आयात किया था। वित्त वर्ष 2024-25 में देश के कुल आयात बिल में जीवाश्म ईंधन का हिस्सा 28 प्रतिशत से अधिक था। वैश्विक स्तर पर तेल आयात में भारत का हिस्सा 8.6 प्रतिशत, रसोई गैस के व्यापार में लगभग चार प्रतिशत और कोयला आयात में लगभग 15 प्रतिशत है। सीईईडब्ल्यू के फ़ेलो हेमंत मल्या ने कहा कि ऊर्जा स्रोतों विविधता के सरकार के प्रयासों के बावजूद ऊर्जा सुरक्षा के जोखिम और अधिक जटिल होते जा रहे हैं। कच्चे तेल, तरल प्राकृतिक गैस, रसोई गैस, कोयले के आयात के प्रमुख समुद्री मार्गों में आने वाली रुकावटों का असर रसोई की लागत, परिवहन खर्च, उर्वरक सब्सिडी, औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता और महंगाई को तुरंत प्रभावित कर सकती हैं।

# पेज एक का शेष

## ड्यूटी के दौरान...

आयोगों-बोर्डों में पारदर्शिता सुनिश्चित की। पिछले दिनों 35 हजार पुलिस आरक्षियों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें 28 लाख युवा शामिल हुए। उससे पहले 41 हजार होमगार्ड्स की परीक्षा हुई। बिना सिफारिश-बिना भेदभाव 9 साल में सवा दो लाख पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की गई। यह कानून का राज व सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने की शुरुआत है। सीएम ने कहा कि 2017 में सरकार बनने पर पता चला कि कई लाख भर्तियां होनी हैं, लेकिन अलग-अलग भर्तियों में सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट आदि का स्टे है। मैंने पूछा कि भर्ती बोर्ड माननीय न्यायालय की अपेक्षाओं पर क्यों नहीं खरा उतरता है, फिर हमने उचित कार्रवाई शुरू की तो माननीय न्यायालय ने भी आदेश दिया कि भर्ती प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। हमने भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की तो पता चला कि एक बार में सिर्फ 3000 भर्तियां ही होंगी, फिर 9 महीने ट्रेनिंग होगी। इसमें तो कई दशक बीत जाते। इसलिए हमने ट्रेनिंग क्षमता को बढ़ाया, इसका परिणाम रहा कि गत वर्ष सभी 60,244 पुलिस कर्मियों को यूपी में ही ट्रेनिंग दी गई। अब वे सभी फील्ड में कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पीड के साथ चले, तब परिणाम आय़ा। जब कदम उठाएंगे तो आलोचना होगी, लेकिन उससे घबराए बिना बढ़ना पड़ेगा। जिस पुलिस के जवान के भरोसे हम इतनी बड़ी आबादी को सुरक्षा की गारंटी देते हैं। वह सर्दी, गर्मी व बरसात में टूटी बैरकों में रहता था। उसकी समस्या/सुविधा का ध्यान नहीं रखा जाता था, लेकिन आज 56 जनपदों में सबसे हाईराइज बिल्डिंग यूपी पुलिस की बैरक ही होगी। ये जनपद बताते हैं कि प्रदेश अब रेंग नहीं रहा, बल्कि दौड़ रहा है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में अवस्थापना की सुविधा विकसित की गई। पहले मात्र 4 फॉरेंसिक लैब थीं, आज यह बढ़कर 12 हो गईं। यूपी पुलिस के पास फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट भी है। ए ग्रेड की छह अन्य लैब बन रही हैं। हर जनपद में मोबाइल फॉरेंसिक वैन (बड़े जनपद में तीन व छोटे जनपद में दो) उपलब्ध हैं। यह तैयारी पहले से नहीं होती तो तीन नए कानूनों को हम प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पाते। यूपी में पहले साइबर सिक्योरिटी का सिर्फ एक थाना था। आज सभी 75 जनपदों में साइबर थाना व साइबर हेल्प डेस्क भी है। साइबर फ्रॉड से जुड़े ढेर मामले आते हैं, यदि समय से सूचना मिलती है तो पीड़ितों की रकम बच जाती है। सीएम ने अभ्यर्थियों से कहा कि आज के युग मे कोई चीज छिपी नहीं रहती। स्मार्ट पुलिसिंग की परिकल्पना में डिजिटल वॉरियर्स के रूप में आपकी बड़ी भूमिका होने जा रही है। पहले नौकरी के लिए यूपी के बाहर जाते थे तो योग्यता के बावजूद भी कोई पूछता नहीं, लेकिन आज अपने राज्य, जनपद में नौकरी की संभावना मजबूत हुई है। यदि बाहर अच्छी अपॉर्च्युनिटी है तो वहां भी अब कोई मना नहीं कर सकता। सीएम ने कहा कि 9 साल पहले यूपी में कुल 14 हजार बड़े कारखाने थे। आज 32 हजार बड़े कारखाने हैं, जिनमें लाखों नौजवानों को नौकरी मिली। एमएसएमई सेक्टर लगभग बंद हो चुका था, लेकिन आज 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स ने पुनर्जीवित होकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। स्थानीय नागरिकों को रुचि के अनुरूप अब यूपी में ही काम मिल रहा है। सीएम ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण में अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ती है। 9 वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था तथा प्रति व्यक्ति आय तीन गुना से अधिक बढ़ी है। अब हर सेक्टर में लोग यूपी आना चाहते हैं। नवचयनित अभ्यर्थी सौभाग्यशाली हैं कि वे बदले हुए उत्तर प्रदेश में दुनिया की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सीएम ने नवचयनितों से कहा कि भर्ती की प्रक्रिया से लेकर नियुक्ति तक, पूरी प्रक्रिया में आपको कहीं सिफारिश की नौबत नहीं आई। सिर्फ मेरिट पर ही आप आगे बढ़ेंगे। जब किसी भी स्तर पर भेदभाव नहीं है तो शासन भी आपसे ईमानदारी, गरिमापूर्ण दायित्व के निर्वहन की अपेक्षा रखेगा। अनावश्यक पेंडेंसी, कार्य टालने की प्रवृत्ति बंद करनी होगी। यदि पिछली सरकारों की तरह हमने भी टालमटोल वाला रवैया अपनाया होता तो भर्ती, अवस्थापना सुविधा, ट्रेनिंग सेंटर आदि विकसित नहीं हुए होते। सीएम ने कहा कि यूपी अब बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना है। टॉप-3 में अब यूपी का नाम आता है। अब भारत सरकार की हर स्कीम में यूपी नंबर-1 या नंबर-2 पर रहता है। सामूहिक प्रयास से ही परिणाम आएंगे। इस यूपी को पहचान दिलाने में आपको भी अपने फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करना है। इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक (कारागार) पीसी मीणा, पुलिस महानिदेशक (भर्ती बोर्ड) एसबी शिरडकर, एडीजी (तकनीकी सेवाएं) नवीन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## साझा वैश्विक समृद्धि...

जी 20 देशों की अध्यक्षता के दौरान भारत ने 'एक पृथ्वी , एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश पूरे विश्व को दिया जो हमारी सभ्यता की उस भावना का विस्तार था, जो विश्व को एक परिवार मानती है। श्री मोदी ने कहा कि इसी भावना से हमने भारत- पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आई-मेक, जैसी ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की। यह एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप को जोड़ने वाला रणनीतिक गलियारा है, जो व्यापार को गति देगा, आपूर्ति श्रृंखला को मज़बूत बनाएगा, और साझेदार देशों में निवेश, रोज़गार और नवाचार के नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि अभी इसी तरह की पहलों को आगे बढाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन, उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई हैं तथा उनका असर विकासशील देशों पर पर काफी समय तक रहेगा। उन्होंने कहा ,'' यदि हम वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करना चाहते हैं, तो सबसे कमजोर देशों को इन संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाना चाहिए। हमारे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को ऐसे तंत्र तैयार करने चाहिए, जो विकासशील देशों को इन झटकों को सहन करने और उनकी आर्थिक मजबूती को बनाए रखने में मदद करें। उन्होंने कहा कि आई-मेक विजन से प्रेरणा लेते हुए हम अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और प्रशांत द्वीप देशों के साथ कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर पर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जी 7 की पूंजी, भारत की प्रतिभा और ग्लोबल साउथ के देशों की भागीदारी को मिलाकर, हम कनेक्टिविटी और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक 'इंटरनेशनल मोबिलाइज़ेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड' (इम्पेक्ट) बनाने पर भी विचार कर सकते हैं। इसका उद्देश्य ऐसे गलियारे बनाना होना चाहिए, जो व्यापार, प्रौद्योगिकी , ऊर्जा और अवसरों को जोडें। दुनिया के कई देशों में बुजुर्गों की आबादी बढने और विकासशील देशों में युवा प्रतिभा तथा कौशल की भरमार का मिलकर फायदा उठाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , ''आज, कई समाज 'एजिंग सोसाइटी' (बूढ़ी होती आबादी वाले समाज) बन रहे हैं, जबकि भारत और ग्लोबल साउथ के अन्य देशों में युवा प्रतिभा, उद्यमिता और कौशल की प्रचुरता है। इस स्वाभाविक पूरकता की स्थिति का लाभ उठाने के लिए, एक 'ग्लोबल स्किल्स पार्टनरशिप' बनाने का आह्वान किया, जहाँ हम स्किल मैपिंग और भरोसेमंद कुशल लोगों की आवाजाही को बढ़ावा देने पर मिलकर काम कर सकें।

## डिजिलॉकर पर...

हैं। मंत्रालय के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार और डिजिलॉकर की एक नागरिक-केंद्रित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की साझा प्रतिबद्धता दर्शाता है। इससे सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता होती है।

## बीएड प्रवेश परीक्षा...

अभ्यर्थी प्रश्नों के सही उत्तर का मिलान आसानी से कर सकेंगे। उन्हें प्रवेश परीक्षा के परिणाम में कितने अंक मिल सकते हैं, इसका अनुमान पहले से लग सकेगा। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में पिछले तीन वर्षों से परीक्षार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। वर्ष 2024 में 2.23 लाख, वर्ष 2025 में 3.44 लाख और अब वर्ष 2026 शैक्षिक सत्र में प्रवेश परीक्षा में 4.44 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। आगे शिक्षकों की भर्तियां आने की उम्मीद में यह संख्या और बढ़ सकती है। ऐसे में पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

## टेलीग्राम ने दिल्ली...

ने कहा कि सरकार ने ऐप को पहले भेजे गए संदेशों के लिए संदेश-संपादन सुविधा को 30 जून तक अक्षम करने का निर्देश दिया है। इस उपाय का उद्देश्य परीक्षा के संचालन के बाद ''प्रश्नपत्र लीक'' के फर्जी सबूत तैयार करने के लिए इस मंच के दुरुपयोग को रोकना है। एजेंसी ने कहा कि दोनों उपाय ''सार्वजनिक व्यवस्था के हित में, उम्मीदवारों को ठगने के लिए नकल करने वाले गिरोहों द्वारा इस मंच के संगठित उपयोग के जवाब में'' किए गए हैं।

## सांसदों को 50...

बल है, तो सिर्फ मूल पार्टी ही विलय कर सकती है। देसाई ने कहा कि यह फैसला स्पीकर को करना है। अगर दो-तिहाई समर्थन का दावा करने वाला कोई गुट किसी दूसरी पार्टी में विलय के लिए आता है, तो नियमों के तहत उस गुट को मान्यता नहीं दी जा सकती। लोकसभा में शिवसेना (यूबीटी) के नौ सांसद हैं और दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य होने से बचने के लिए कम से कम छह सांसदों को एक साथ पाला बदलना होगा। संजय राउत ने कहा कि स्पीकर एक सम्मानित व्यक्ति हैं और उन्होंने हमसे कहा कि अगर कोई उनसे मिलने आता है तो वह सभी पहलुओं को ध्यान में रखेंगे। धाराशिव के सांसद ओमप्रकाश राजे निंबालकर पर दबाव का आरोप लगाते हुए राउत ने कहा कि सांसद के पिता की 20 साल पुरानी हत्या के मामले में फैसला बुधवार को आना था। राउत ने दावा किया कि कथित तौर पर उनसे (निंबालकर से) कहा गया था कि अगर वह अपने पिता की हत्या के मामले में अपने पक्ष में फैसला चाहते हैं, तो उन्हें उनके गुट में शामिल हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अब इस मामले में फैसला शनिवार को सुनाए जाने की संभावना है। राउत ने कहा कि अगर ऐसा हो रहा है, तो संविधान, अदालतों और लोकतंत्र का क्या बचेगा?

# उत्तराखंड में 98 प्रतिशत गणना फार्म वितरित, 23 प्रतिशत डिजिटाइज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून । उत्तराखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत अब तक 98 प्रतिशत गणना फार्म वितरित किए जा चुके हैं, जबकि 23 प्रतिशत फार्मों का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि चम्पावत, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चमोली, पिथौरागढ़ और पौड़ी गढ़वाल जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक गणना फार्म वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि देहरादून में लगभग 95 प्रतिशत, नैनीताल में 96 प्रतिशत और टिहरी में 97 प्रतिशत फार्मों का वितरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि डिजिटाइजेशन के मामले में अल्मोड़ा 33 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। इसके बाद पौड़ी गढ़वाल में 25 प्रतिशत तथा पिथौरागढ़ में 23 प्रतिशत फार्म डिजिटाइज किए गए हैं। वहीं नैनीताल में चार प्रतिशत, देहरादून में सात प्रतिशत और ऊधमसिंह नगर में लगभग आठ प्रतिशत फार्म ही डिजिटाइज हो पाए हैं।

डॉ. जोगदण्डे ने कहा कि सभी जिलों को निर्धारित समयसीमा के भीतर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ओर से 22,900 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) तैनात किए जा चुके हैं। इस संबंध में 18 जून को मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई तक गणना फार्मों का वितरण और संकलन कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर बूथों का पुनर्गठन किया जाएगा। 14 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा तथा 14 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर तक सभी दावे और आपत्तियों का निस्तारण कर 15 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से स्वयं भी ऑनलाइन गणना फार्म भर सकते हैं। इसके अलावा 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' सुविधा के जरिए मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। कॉल बुक होने के दो दिन के भीतर संबंधित बीएलओ मतदाता से संपर्क करेगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी उपलब्ध कराई गई है, जिसमें नाम, पिता अथवा पति के नाम, विधानसभा क्षेत्र और क्षेत्रवार विवरण के आधार पर मतदाता अपने बूथ और क्रम संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भारत विरोधियों की बर्बादी का दौर अभी लंबा चलेगा : कपिल मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि देशद्रोहियों, जिहादियों, आतंकियों, टुकड़े-टुकड़े गैंग, नक्सलवादियों और भारत के विरोध में सोचने वालों की बर्बादी का यह दौर लंबा चलेगा। यह बात कपिल मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल के गौरवपूर्ण कार्यकाल पूरे होने के उपलक्ष्य में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ कालकाजी में स्वच्छता अभियान में सहभागिता और वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद कही।

ओ-जोन के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान पर कपिल मिश्रा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके मंत्रियों और उनकी सरकार ने ओ-जोन में रहने वाले लोगों के साथ विश्वासघात किया, उनकी पीठ पर खंजर भोंकने का पाप किया। 2014 में मामला सामने आने के बाद 11 साल तक केजरीवाल स्वयं कुर्सी पर बैठे रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पूरी सरकार संकल्पित है कि ओ-जोन के नाम पर किसी भी मकान की एक भी ईंट नहीं हिलने देगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी राजनीति चमकाने के लिए जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए। कपिल मिश्रा ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि अपनी आंखों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देख रही है। यह भारत के परिवर्तन का कालखंड है, आने वाले समय में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में गरीब कल्याण की नीतियों, महिला, युवा और किसानों का सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, देश की मजबूत सुरक्षा के लिए उठाये गए क़दमों को विकसित भारत के आधार के रूप में देखा जाएगा। कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' का जो संकल्प दिया है वह जन आंदोलन बन चुका है, इसी दिशा में आज पूरी दिल्ली में दिल्लीवासियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण और जन प्रतिनिधि स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए पौधारोपण कर रहे हैं। कार्यक्रम में निगम पार्षद योगिता सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष माया सिंह बिष्ट भी उपस्थित रहीं। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली वासियों से विकसित दिल्ली संकल्प की दिशा में अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने और मानसून में लगातार पौधारोपण का आग्रह किया।

# संक्षिप्त समाचार

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुहर्रम पर बेहतर व्यवस्थाओं के लिए उपराज्यपाल को लिखा पत्र

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसएम अकरम ने मुहर्रम के मद्देनजर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू को पत्र लिखकर यहां आयोजित होने वाले जुलूसों एवं धार्मिक सभाओं के दौरान आवश्यक जनसुविधाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम से भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का अनुरोध किया है। अकरम ने बुधवार को एक बयान में प्रशासन से अपील की कि मुहर्रम के दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली एवं पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति, बेहतर सफ़ाई व्यवस्था, सुचारु ट्रैफ़िक प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं इमरजेंसी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिन स्थानों पर जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं वहां सड़कों की मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त किया जाए। अकरम ने कहा कि मुहर्रम आस्था, अनुशासन एवं सामाजिक सौहार्द का महत्वपूर्ण अवसर है और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठाकर यह सुनिश्चित करेगा कि मुहर्रम का आयोजन शांति, सौहार्द, सुगमता एवं धार्मिक पवित्रता के पूर्ण सम्मान के साथ संपन्न हो।

## चंपत राय पर लगे आरोप विपक्ष की साजिश, संत समाज ने किया बचाव

हरिद्वार । राम मंदिर निर्माण से जुड़े चंदे में कथित हेराफ़ेरी के आरोपों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी चंपत राय के समर्थन में संत समाज खुलकर सामने आया है। कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में आयोजित बैठक में संतों ने आरोपों को निराधार बताते हुए इसे विपक्ष की राजनीतिक साजिश करार दिया।उ बैठक को संबोधित करते हुए बाबा हठयोगी ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए विपक्ष संघ और भाजपा की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अभियान में कुछ धार्मिक पदाधिकारी भी शामिल हैं। उनका कहना था कि संत समाज संघ और भाजपा को बदनाम करने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगा। महंत जसविंदर सिंह ने कहा कि चंपत राय संत स्वभाव और सरल व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं तथा राम मंदिर निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी द्वारा कोई गलत कार्य किया जाता है तो उसके लिए सीधे चंपत राय को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। वहीं महंत ईश्वर दास और स्वामी ऋषिश्वरानंद ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। विपक्ष के पास चुनावी मुद्दों का अभाव है, इसलिए चंपत राय पर आरोप लगाकर नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ को राजनीतिक रूप से कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखा गया। संतों ने 18 जून को विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में गौमाता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने संबंधी प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग की। बैठक में बाबा हठयोगी, स्वामी ऋषिश्वरानंद, महंत जसविंदर सिंह, स्वामी अच्यूतानंद, महंत निर्भय सिंह, महंत गोपाल हरि, महंत खेम सिंह, महंत दर्शन सिंह शास्त्री, महंत वीरेंद्र सिंह, महंत परविंदर सिंह तथा संत बीर सिंह सहित अनेक संत-महंत उपस्थित रहे।

## राजद ने बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया एकदिवसीय धरना

अररिया । राजद प्रदेश के आह्वान पर बुधवार को अररिया जिला राजद की ओर से समाहरणालय परिसर स्थित धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना दिया।धरना की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद ने किया। धरना प्रदर्शन में राजद के सभी प्रखंड से प्रतिनिधियों ने भाग लिया और केन्द्र और राज्य सरकार का बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी,भ्रष्टाचार और गिरती विधि व्यवस्था को लेकर घेराव किया। वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई के कारण आमलोगों के जीवनयापन पर घोर संकट आ जाने की बात कही।वक्ताओं ने कहा कि बिहार और केन्द्र में एक ही पार्टी की सरकार है,बावजूद इसके सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।बिना पैसे दिए आमजनों का कार्य नहीं होता और न ही उन्हें सरकारी सुविधा प्राप्त होती है।लगातार गिर रही कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश में भय का माहौल पैदा हो रहा है।रोजगार के अभाव में बेरोजगार लगातार प्रदेश से पलायन कर रहे हैं।सरकार नौकरी मांगने वालों पर नौकरी देने के बजाय डंडा बरसा रही है।

## मोदी सरकार के 12 साल : विश्वास, विकास और जनकल्याण के प्रतीक : डॉ प्रेम कुमार

नवादा । भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में बुधवार क''मोदी सरकार के 12 साल : विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के ऽ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। गरिमायी उपस्थिति हिसुआ विधायक अनिल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक अरुणा देवी, कन्हैया रजवार, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, राजेंद्र सिंह, विजय कुमार सिन्हा, भाजपा नेता मुकेश दिनकर , प्रमोद चुन्नू उपस्थित हुए । मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें देश की बागडोर सौंपी थी। वर्ष 2019 में जनता ने पहले से भी बड़े जनादेश के साथ उस विश्वास को और अधिक मजबूत किया तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनकर यह स्पष्ट कर दिया कि देश की जनता विकास, सुशासन, पारदर्शिता और परिणाम आधारित राजनीति को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में आर्थिक, सामाजिक, सामरिक और वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व प्रगति की है।

विशिष्ट अतिथि सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल एक राजनीतिक कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के नव-निर्माण, आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के स्वर्णिम अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

# भाजपा ने 256 मंडलों में चलाया स्वच्छता अभियान, बाजारों के साथ ही मंदिर परिसरों में नेताओं ने किया श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के सभी 256 संगठन मंडल क्षेत्रों में बाजारों के साथ ही मंदिर परिसरों में आयोजित स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर नियमित स्वच्छता के महत्व पर बल दिया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष के आलावा संगठन महामंत्री पवन राणा, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, अनेक सांसद, दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद, जिला एवं मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी की।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने विधायक अभय वर्मा एवं रविन्द्र नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा, निगम पार्षद रामकिशोर शर्मा एवं शाहदरा जिलाध्यक्ष दीपक गाबा के साथ लक्ष्मीनगर विधानसभा में स्वच्छता अभियान की सांकेतिक शुरुआत की और कहा कि स्वच्छता एक निरंतर चलने वाला कार्य है। हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं अन्य निजी सफाई कर्मियों के सेवा कार्य की सराहना की और कहा कि दिल्ली की गलियों सड़कों को साफ रखने के लिए हम सबको कूड़ा इधर उधर ना फेंकने का संकल्प लेना होगा। मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 2014 में पहली बार शपथ दिलाई तो उन्होंने स्वच्छता की बात कही और आज यह एक आंदोलन बन गया है। सेवा ही संगठन के तहत स्वच्छता अभियान पूरे दिल्ली में चलाया जा रहा है और हमने 3500 ऐसे पॉइंट्स नोट किए हैं जहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल गुप्ता, लक्ष्मीनगर विधानसभा प्रभारी कैलाश जैन आदि भी उपस्थित रहे।

दिल्ली भाजपा संगठन महामंत्री पवन राणा ने कनाट प्लेस के हनुमान मंदिर के बाहरी परिसर में प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया और कहा स्वच्छता एक निरंतर चलने वाला कार्य है जो ना सिर्फ हमें काम करने का एवं रहने का अच्छा वातावरण देता है बल्कि हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रखता है। इस अवसर पवन राणा एवं विष्णु मित्तल के साथ वरिष्ठ नेता बृजेश राय, सुनील यादव, यासिर जिलानी, रविन्द्र चौधरी एवं राम खिलाड़ी यादव के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने स्थानीय निगम पार्षद मनीष चड्ढा के साथ माता झंडेवालान मंदिर परिसर में स्वच्छता श्रमदान किया और कहा जिस तरह हम अपने मंदिर एवं निजी प्रतिष्ठानों को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही हमें दिल्ली की सभी सड़कों को भी स्वच्छ रखना है।

## प्रभारी मंत्री खजान दास 18 से 20 तक नैनीताल दौरे पर रहेंगे

नैनीताल । उत्तराखंड के समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण एवं भाषा विभाग के मंत्री तथा जनपद नैनीताल के प्रभारी मंत्री खजान दास 18 से 20 जून तक नैनीताल जनपद के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान वह नैनीताल, बेतालघाट, धारी और भीमताल में जनसंवाद, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे तथा विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि खजान दास 18 जून को देहरादून से प्रस्थान कर अपराह्न 3.30 बजे नैनीताल पहुंचेंगे और राज्य अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। 19 जून को पूर्वाह्न 10.30 बजे नैनीताल क्लब में पत्रकार वार्ता के बाद बेतालघाट में जनसंवाद एवं जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।20 जून को वह धारी में जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेने के बाद भीमताल में जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे तथा सायं देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

# भारत में फॉर्मूला-1 सही समय और मजबूत योजना के साथ लौटेगा : स्टेफानो डोमेनिकाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । फॉर्मूला-1 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष स्टेफानो डोमेनिकाली ने भारत को मोटरस्पोर्ट के लिए बेहद संभावनाशील बाजार बताते हुए कहा है कि आने वाले वर्षों में भारत फॉर्मूला-1 की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि भारतीय ग्रां प्री की वापसी को लेकर गंभीर स्तर पर विचार चल रहा है, हालांकि इसके लिए दीर्घकालिक और मजबूत योजना जरूरी होगी। फैनकोड से विशेष बातचीत में डोमेनिकाली ने भारत को जुनून, ऊर्जा और युवा दर्शकों वाला देश बताया। उन्होंने कहा कि भारत का बाजार न केवल विशाल है, बल्कि यहां के दर्शक तेजी से युवा और विविध हो रहे हैं, जो फॉर्मूला-1 के भविष्य के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, ल्लभारत हमारे लिए एक असाधारण बाजार है। यहां खेल के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है और भविष्य में इसकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। भारतीय ग्रां प्री की वापसी पर क्या बोले डोमेनिकाली भारत में फॉर्मूला-1 रेस की संभावित वापसी को लेकर पूछे गए सवाल पर डोमेनिकाली ने कहा कि फॉर्मूला-1 की भारत वापसी की इच्छा स्पष्ट है लेकिन इसके लिए सही साझेदार, सही निवेश और सही समय का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, ल्लभारत लौटने में हमारी गहरी रुचि है। हालांकि यह बहुत निकट भविष्य में संभव नहीं दिखता लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। अभी कोई निश्चित तारीख तय नहीं हुई है लेकिन हर स्तर पर बढ़ती रुचि दिखाई दे रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में वापसी केवल एक रेस आयोजन नहीं होगी बल्कि बड़े स्तर का खेल और मनोरंजन मंच तैयार किया जाएगा। स्थानीय दर्शकों तक पहुंच बनाने पर रहेगा जोर डोमेनिकाली ने कहा क फॉर्मूला-1 अब केवल खेल नहीं बल्कि मनोरंजन और संस्कृति से जुड़ा वैश्विक मंच बन चुका है। भारत में दर्शकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषा और क्षेत्रीय जुड़ाव को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फॉर्मूला-1 भारत में फैनकोड के साथ मिलकर हिंदी और तमिल जैसी भाषाओं में प्रसारण, विशेष सामग्री और दर्शक सहभागिता कार्यक्रमों पर काम कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने संकेत दिए कि भविष्य में बॉलीवुड से जुड़े सहयोगी प्रोजेक्ट भी भारतीय दर्शकों को जोड़ने के लिए शुरू किए जा सकते हैं।

# भाजपा ने सोमनाथ भारती पर जनता को गुमराह करने का लगाया आरोप, एफआईआर दर्ज करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । अधिवक्ता एवं भाजपा नेता संकेत गुप्ता और दिल्ली कंटोनमेंट बोर्ड के सदस्य राजेश गोयल ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक सोमनाथ भारती पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की। भाजपा नेता संकेत गुप्ता और दिल्ली कंटोनमेंट बोर्ड के सदस्य राजेश गोयल ने बुधवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती के खिलाफ दिल्ली पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने, सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संकेत गुप्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि सोमनाथ भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें एक महिला द्वारा दिल्ली कैंट क्षेत्र में 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और उसके बाद जलाने की घटना का दावा किया गया है। शिकायत के अनुसार यह घटना अगस्त 2021 की पुरानी घटना है, लेकिन इसे इस तरह प्रस्तुत किया गया जैसे यह वर्तमान समय की घटना हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भ्रामक जानकारी समाज में भय, भ्रम और असंतोष पैदा कर सकती है। संकेत गुप्ता ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पुरानी घटना को वर्तमान सरकार और प्रशासन से जोड़कर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सोमनाथ भारती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, चार इंजन की सरकार के बावजूद अगर दिल्ली में ऐसी वीभत्स घटना हुई है ।

# नालंदा जिले के सहयोग शिविर में पहुंचे सांसद जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा।बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी ल्लसहयोग शिविरङ्क योजना के तहत आज बुधवार को नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने रहुई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आम लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर उनके शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।सांसद ने पेशौर पंचायत, उतरनामा पंचायत तथा नगर पंचायत रहुई के वार्ड संख्या-5 में आयोजित सहयोग शिविरों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद ने कहा कि बिहार सरकार की यह पहल आम जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि अब पंचायत स्तर तक सरकारी पदाधिकारी पहुंचकर लोगों से आवेदन प्राप्त कर रहे हैं तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सांसद ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं का समय पर समाधान होने से लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ता है और उन्हें राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि पहले दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला या अनुमंडल मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा उनके गांव और पंचायत स्तर पर उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। ग्रामीणों ने भी अपने गांव में ही समस्याओं का समाधान होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस पहल के लिए

# वायरल वीडियो मामले में अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लुधियाना । विवादित वायरल वीडियो मामले में मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' ने बुधवार को लुधियाना में डीसी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोष मार्च निकालते हुए मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। इसके बाद पंजाब के राज्यपाल के नाम मांग-पत्र जिला माल अधिकारी को सौंपा गया, क्योंकि डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में मौजूद नहीं थे।प्रदर्शन का नेतृत्व जत्थेदार जसवंत सिंह चीमा, राजीव कुमार लवली और संदीप सिंह रुपालों ने किया। नेताओं ने कहा कि यह मामला सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं, पंजाब के लोगों के विश्वास और संवैधानिक जवाबदेही से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान से संबंधित विवादित वायरल वीडियो में सिख गुरु साहिबानों और संत जरनैल सिंह खालसा भिंडरांवाले से जुड़े धार्मिक प्रतीकों के प्रति कथित अपमानजनक व्यवहार दिखाया गया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष मुख्यमंत्री ने तलब किए जाने पर वीडियो को फर्जी और एआई से तैयार बताया था, लेकिन अकाल तख्त साहिब के निर्देशों पर करवाई गई फोरेंसिक जांचों में वीडियो में किसी प्रकार की एडिटिंग, टैंपरिंग, डीपफ़ेक या एआई आधारित छेड़छाड़ का प्रमाण नहीं मिलने का दावा किया गया है। नेताओं के अनुसार इसके बाद श्री अकाल तख्त साहिब से जारी हुक्मनामे ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने कहा कि अब यह मामला केवल एक वीडियो तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मुख्यमंत्री के जनता और सिख समुदाय के सामने किए गए दावों की सच्चाई से भी जुड़ गया है। नेताओं ने मांग की कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाए और जांच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से करवाई जाए। पार्टी नेताओं ने कहा कि जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए मुख्यमंत्री को नैतिक आधार पर पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063